॥ 卐 ॥
TUESDAY ■ वर्ष 17, अंक 224 पृष्ठ 12 ■ कोलकाता, मंगलवार, 14 जनवरी 2025 ■ माघ, कृष्णपक्ष, प्रतिपदा, वि.सं. 2081 ■ कोलकाता संस्करण www.yuvashaktinews.com मूल्य : ₹ 3

दिनमान
सूर्योदय 6.19 | सूर्यास्त 5.12

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

तापमान
अधिकतम 26° | न्यूनतम 16°



# आज गंगा व सागर के संगम में लगेगी मोक्ष की डुबकी

**जगदीश यादव**

**सागरद्वीप:** जिस तरह देश दुनिया की नजर जहां यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ के मकर संक्रांति के पुण्य स्नान पर है तो वहीं बंगाल स्थित सागरद्वीप में गंगा सागर भी अपवाद नही है. आज सागरद्वीप में पुण्यार्थी संगम में मोक्ष की डुबकी लगाएगें. ऐसे में आज जहां प्रयागराज में महाकुंभ में करोड़ों पुण्यार्थियों ने पुण्य स्नान किया तो वहीं बंगाल में एक संवाददाता सम्मेलन में मंत्री अरुप विस्वास ने दावा किया कि अबतक यानी शाम से पहले तक 55 लाख से ज्यादा लोग पुण्य स्नान कर चुके हैं. मंगलवार यानि 14 जनवरी को मकर संक्रांति है. पवित्र स्नान का समय सुबह 6:58 बजे है. इसलिए यह पहले से ही उम्मीद की जा रही है कि सुबह की भीड़ और भी अधिक होगी. इस बीच यहां अब तक 3 तीर्थयात्रियों, यूपी निवासी अवधेश तिवारी (59), हरियाणा के नामदेव (59) व यूपी के ही राजेश्वर की मौत हो चुकी है. प्रशासन के मुताबिक तीनों श्रद्धालुओं की मौतें हार्ट अटैक से हुई हैं. उत्तर प्रदेश के रहने वाले अवधेश तिवारी का रविवार को निधन हो गया था. सोमवार सुबह दो और श्रद्धालुओं की मौत हो गई. अबतक कुल पांच बीमार लोगों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर कोलकाता इलाज के लिए भेजा गया.

इस बार महाकुंभ के कारण गंगासागर मेले में भीड़ अपेक्षाकृत कम रहने की बात गैर सरकारी सूत्र कह रहे है. महाकुंभ के कारण साधु-संत भी काफी कम आये हैं. ठीक उक्त बात आम तीर्थयात्रियों के मामले में दिख रही है जबकि प्रशासन ने बताया कि 1 जनवरी से 13 जनवरी तक 55 लाख श्रद्धालु गंगासागर आ चुके हैं. मंत्री

## मंत्री अरुप विस्वास ने किया 55 लाख श्रद्धालुओं के पुण्य स्नान का दावा



अरुप विस्वास ने आज दावा किया कि,गंगासागर मेले में बिजली की खपत बढ़ती जा रही है. मंत्री अरूप विस्वास ने कहा कि 2011 में बिजली का लोड मात्र 2 मेगावाट था. तब जनरेटर द्वारा बिजली आपूर्ति की गई थी. वर्तमान में यह भार 47 मेगावाट है. उन्होंने एक बार फिर ई-पोरिचय, ई-अनुसंधान और बंधन सहित कई सेवाओं की याद दिलाई. राज्य प्रशासन पहले ही घोषणा कर चुका है कि मेले में सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जा रहा है. जानकारी से पता चलता है कि अब तक यहां पाकेटमारी की 46 घटनाएं हुई हैं, लेकिन 40 मामलों में पुलिस खोई हुई वस्तुओं को बरामद करने में सफल रही है. इसके अलावा, अब तक विभिन्न आपराधिक मामलों 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इसके अलावा, पुलिस ने अब तक मेले में लापता हुए 853 लोगों में से 803 को ढूंढ निकाला है. उन्हें उनके परिवारों के पास भी पहुंचा दिया गया है. मेले में ई-परिचय नामक एक क्यूआर कोड भी प्रदान किया गया है. इससे किसी बुजुर्ग व्यक्ति या बच्चे के खो जाने पर उसे ढूंढने में मदद मिलेगी. तीर्थयात्री ई-अनुसंधान पर एक विशेष क्यूआर कोड के माध्यम से मेले से संबंधित कोई भी जानकारी अपनी उंगलियों पर प्राप्त कर सकेंगे. बंधन के तहत फोटो बूथ की सुविधा भी है. वहां से तीर्थयात्रियों को निःशुल्क फोटो सहित प्रमाण पत्र प्राप्त होगा. जबकि, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए 13,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है. मेले में दिन-रात सुरक्षा के लिए 44 निगरानी टावर, 18 अपराध-दमन गश्ती दल, 50 पैदल गश्ती दल, 18 गुमशुदा व्यक्ति दस्ते, 2 खोजी कुत्ते, 28 नदी गश्ती दल और 23 समन्वय दल मेले में तैनात है.

# महाकुंभ मेला शुरू: 1.60 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई

## भव्यता ने किया विदेशी पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध



महाकुंभ नगर: पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ मेला सोमवार से प्रारंभ हो गया. मेल प्रशासन के मुताबिक, सोमवार को शाम चार बजे तक 1.60 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने महाकुंभ को भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बताया. मेला प्रशासन ने बताया कि महाकुंभ 2025 के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को शाम चार बजे तक 1.60 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई.

पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पौष माह के शुक्ल पक्ष के 15वें दिन पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान से सभी तरह के पाप मिट जाते हैं. उन्होंने कहा, पौष पूर्णिमा के साथ एक महीने तक चलने वाला कल्पवास भी आज से प्रारंभ हो गया. इस दौरान लोग एक माह तक तीनों समय गंगा स्नान कर एक प्रकार का तप वाला जीवन व्यतीत करते हैं और भगवान के भजन गाते हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारतीय मूल्यों और संस्कृति को धारण करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिवस महाकुंभ 2025 प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है, जहां असंख्य लोग आस्था, समर्पण और संस्कृति के एक पवित्र संगम में एकत्र हो रहे हैं. महाकुंभ भारत की सनातन विरासत का प्रतीक है. उन्होंने लिखा, मैं असंख्य लोगों के वहां आकर डुबकी लगाते और संतों का आशीर्वाद लेते देखकर अभिभूत हूं.

मेला क्षेत्र में स्नान के बाद लोगों की भीड़ अखाड़ों में नागा साधुओं का आशीर्वाद लेती हुई दिख रही है. वहीं, सेक्टर-16 में स्थित किन्नर अखाड़ा में भी भारी संख्या में लोग किन्नर संतों का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं. राजस्थान के बालोत्रा जिले से 11 लोगों की टोली लेकर किन्नर अखाड़ा पहुंचे दिलीप कुमार ने बताया कि वह पहली बार इस मेले में आए हैं और किन्नर अखाड़ा का बोर्ड देखकर अपने साथियों के साथ यहां पहुंचे हैं. उन्होंने कहा, किन्नर अखाड़ा में साधु-संतों को सनातन धर्म का प्रचार करते देख अच्छा लग रहा है. यह समाज काफी समय से उपेक्षित रहा, लेकिन कुंभ ने इन्हें संत के रूप में अपनाया, जो सराहनीय है.मुंबई से पहली बार किन्नर अखाड़े में आए लाल जी भाई भानुशाली ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इस शिविर के बारे में पता चला. भानुशाली ने कहा कि मुंबई और कच्छ (गुजरात) से 1,500 लोग उनके साथ महाकुंभ में आए हैं और बारी-बारी से ये सभी लोग किन्नर अखाड़े को देखने जा रहे हैं.

## जापान में 6.9 की तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**टोक्यो:** दक्षिण-पश्चिमी जापान में 6.9 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए. जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी ने सुनामी की भी चेतावनी जारी की. रात के 9.19 बजे भूकंप आया और इसके तुरंत बाद मियाजाकी प्रान्त के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई. निकटवर्ती कोच्चि प्रांत के लिए भी चेतावनी जारी की गई.मौसम विभाग के अनुसार, सुनामी की लहरे एक मीटर तक पहुंच सकती है. भूकंप के कारण हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है. प्रशांत बेसिन में ज्वालामुखियों के आर्क, रिंग ऑफ फायर और फॉल्ट लाइन के किनारे स्थित होने के कारण जापान अक्सर भूकंप की चपेट में रहता है.

युवा शक्ति अखबार मिलने में यदि कोई कठिनाई हो रही हो तो अविलंब इस नंबर पर संपर्क करें : 9831572125, 6290628072

# बंगाल सरकार ने 'एक्सपायर' दवा मामले की सीआईडी जांच के आदेश दिए

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को एक सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की मौत और तीन अन्य के गंभीर रूप से बीमार होने की सीआईडी जांच के आदेश दिए. मुख्य सचिव मनोज पंत ने यह जानकारी दी. यह घटना कथित तौर पर इस्तेमाल की समयावधि बीत जाने के बाद इस्तेमाल किये गये 'इंट्रावेनस फ्लूइड' के कारण हुई. उन्होंने कहा कि राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित 13 सदस्यीय समिति मामले की समानांतर जांच करेगी. उन्होंने कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में ये निर्णय लिए गए. मुख्यमंत्री के पास स्वास्थ्य विभाग का प्रभार भी है. पंत ने कहा, हमने सीआईडी को मामले की जांच करने को कहा है. वे सभी पहलुओं पर गौर करेंगे और पता लगाएंगे कि क्या प्रक्रियागत खामियां थीं और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का ठीक से पालन किया गया था या नहीं.



उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रशासनिक और प्रक्रियागत चूक में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रक्रियागत या उपचार में किसी भी तरह की चूक के लिए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. समिति द्वारा घटना पर प्रस्तुत प्रारंभिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए पंत ने स्वीकार किया कि इस मामले में स्पष्ट उल्लंघन पाया गया था.मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रसव के बाद कथित तौर पर इस्तेमाल की अवधि खत्म हो चुके 'इंट्रावेनस फ्लूइड' (शरीर में पानी की कमी को दूर करने के लिये नसों के माध्यम से दिया जाने वाला तरल) के इस्तेमाल के कारण एक महिला की मौत हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गए, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं.




## पीएम मोदी ने जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया, कहा

# लोग सुरक्षित महसूस कर रहे, बढ़ा टूरिज्म



**श्रीनगर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के बाद कहा कि ये मोदी है वादा करता है, तो निभाता भी है. हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं. इससे पहले पीएम मोदी ने आज सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में 6.5 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया. इस सुरंग के खुलने से पर्यटकों के लिए इस पर्यटक स्थल पर पहुंचना अब सालभर संभव होगा.

उन्होंने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद ही 2015 में सोनमर्ग टनल के वास्तविक निर्माण का काम शुरू हो गया था. मुझे खुशी है कि इस टनल का काम हमारी ही सरकार के कार्यकाल में पूरा भी हुआ. उन्होंने कहा कि आप पक्का मानिए, ये मोदी है वादा करता है, तो निभाता है.

पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 सालों में जम्मू-कश्मीर में अमन और तरक्की का जो माहौल बना है, उसका फायदा हम पहले ही टूरिज्म सेक्टर में भी देख रहे हैं. अकेले साल 2024 में 2 करोड़ से अधिक टूरिस्ट जम्मू-कश्मीर आए हैं. यहां सोनमर्ग में भी 10 साल में 6 गुना ज्यादा टूरिस्ट बढ़े हैं. इसका लाभ आपके लोगों को हुआ है, जनता को भी हुआ.

जम्मू-कश्मीर में बदले हालात को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि अब लोग रात के समय भी लाल चौक पर आइसक्रीम खाने जा रहे हैं. रात के समय भी वहां बड़ी रौनक रहती है.सोनमर्ग में पीएम मोदी ने कहा, देश की तरक्की के लिए, जम्मू-कश्मीर के तरक्की के लिए कई लोगों ने बेहद कठिन परिस्थितियों में काम किया. हमारे 7 लोगों ने अपनी जान गंवाई लेकिन हम अपने संकल्प से डिगे नहीं. मेरे हर श्रमिक साथियों ने चुनौतियों को पार करते हुए इस काम को पूरा कर ही लिया.



## बागान में खेलते समय हुए बम विस्फोट में पांचवीं कक्षा का छात्र हुआ घायल



**कूचबिहार :** बाबागान में खेलते समय हुए बम विस्फोट में पांचवीं कक्षा का एक छात्र घायल हो गया है.गान में खेलते समय हुए बम विस्फोट में पांचवीं कक्षा का एक छात्र घायल हो गया है.माथाभांगा 1 ब्लॉक के हजराहाट 1 पंचायत के बलासी इलाके में सनसनीखेज घटना घटी है. सोमवार की सुबह पांचवीं कक्षा का छात्र चंद्रकुमार मंडल अपने घर के पास बगीचे में खेलते समय बोतल में रखा बम फटने से गंभीर रूप से घायल हो गया.स्थानीय निवासियों ने तुरंत बच्चे को बचाया और उसे माथाभांगा महकमा अस्पताल ले गए. घटना की जानकारी मिलने के बाद माथाभांगा थाने के आईसी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल अस्पताल पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है.पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है तथा बम के स्रोत तथा उसके उद्देश्य की जांच शुरू कर दी है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बम वहां कैसे पहुंचा और इसमें कौन शामिल था.इस घटना से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा हो गया है. उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की और सवाल उठाया कि इतनी खतरनाक वस्तु बगीचे में कैसे पहुंची.अस्पताल सूत्रों के अनुसार घायल चंद्रकुमार मंडल का इलाज चल रहा है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर है.

# सत्तारूढ़ पार्टी की एक नेता पर लगा व्यवसायी की जमीन हड़पने का आरोप

## टीएमसी नेता ने आरोपों से किया इंकार, ब्लैकमेल का आरोप लगया

**जलपाईगुड़ी** : तृणमूल के क्षेत्रीय अध्यक्ष पर एक व्यवसायी की जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया गया है. हालांकि, तृणमूल के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने व्यवसायी के आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है. मगर अदालत के आदेश के बावजूद व्यवसायी को तृणमूल नेता द्वारा कब्जा किया गया जमीन वापस नहीं मिल सकी है . इस आरोप ने तूफानगंज-2 ब्लॉक के फोलीमारी ग्राम पंचायत इलाके में हड़कंप मचा दिया है. व्यवसायी का आरोप है कि स्थानीय तृणमूल क्षेत्रीय अध्यक्ष चार साल से अठारह बीघा जमीन पर कब्जा कर रखे हैं. उन्होंने इस मामले को लेकर अदालत में मामला दायर किया था. पिछले गुरुवार को अदालत के आदेश के अनुसार जमीन खाली



करने के समय व्यवसायी पर तृणमूल नेता ने कथित तौर पर हमला किया था. व्यापारी का आरोप है कि सत्ताधारी नेता होने के कारण उसे न्याय नहीं मिल रहा है. बताया जा रहा है कि इस स्थिति में व्यापारी ने राज्य के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है.हालांकि, तृणमूल नेता ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया है. सत्तारूढ़ नेता की यह घटना सामने आते ही सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी भी असहज हो गई है.

सुशांत कुमार मजूमदार पेशे से व्यवसायी हैं, जो तूफानगंज-2 ब्लॉक के बॉक्सिरहाट के निवासी हैं.

व्यवसायी का आरोप है कि स्थानीय प्रखंड के फलीमारी ग्राम पंचायत अंतर्गत संकोश नदी से सटी 18 बीघा जमीन उनकी है. आरोप है कि स्थानीय तृणमूल के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोकुल साहा ने 2022 में जबरन जमीन पर कब्जा कर लिया. उन्होंने इस मामले पर तृणमूल नेता से कई बार चर्चा की.तृणमूल नेता ने व्यवसायी के आरोपों को पूरी तरह से नकार दिया और कहा, चूंकि मैं पार्टी का प्रभारी हूं, इसलिए सुशांत बाबू मुझे ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे हैं. यह पूरी तरह से निराधार आरोप है. मुझे इस जमीन के बारे में कुछ नहीं पता.

## रेलवे न्यूज

### महाकुंभ के लिए प्रयागराज सहित 3 स्टेशनों पर 10 ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

**कोलकाता** : रेलवे ने महाकुंभ के लिए प्रयागराज, शिवरामपुर और भरत कूप स्टेशनों पर निम्नलिखित ट्रेनों का 2 मिनट का अस्थायी ठहराव तत्काल प्रभाव से 28 फरवरी तक प्रदान करने का निर्णय लिया है:

12367 भागलपुर-आनंदविहार विक्रमशिला एक्सप्रेस, तत्काल प्रभाव से 28 फरवरी तक यात्रा शुरू (आगमन- 22:48, प्रस्थान- 22:50) और 12368 आनंदविहार-भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस, तत्काल प्रभाव से 28 फरवरी तक यात्रा शुरू (आगमन- 20:43, प्रस्थान- 20:45) प्रयागराज स्टेशन पर रुकेगी. 12175 हावड़ा-ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस, तत्काल प्रभाव से 26 फरवरी तक की यात्रा (आगमन-10:13, प्रस्थान-10:15 और आगमन-10:21, प्रस्थान-10:23) शिवरामपुर और भरत कूप स्टेशन पर रुकेगी और 12176 ग्वालियर-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस, तत्काल प्रभाव से 25 फरवरी तक की यात्रा (आगमन-13:18, प्रस्थान-13:20 और आगमन-13:26, प्रस्थान-13:28) नामित दिनों पर भरत कूप और शिवरामपुर स्टेशन पर रुकेगी. 12177 हावड़ा - मथुरा चंबल एक्सप्रेस, तत्काल प्रभाव से 21 फरवरी तक (आगमन-10:13, प्रस्थान-10:15 और आगमन-10:21, प्रस्थान-10:23) शुरू होकर शिवरामपुर और भरत कूप स्टेशन पर रुकेगी और 12178 मथुरा - हावड़ा चंबल एक्सप्रेस, तत्काल प्रभाव से 24 फरवरी तक (आगमन-13:18, प्रस्थान-13:20 और आगमन-13:26, प्रस्थान-13:28) शुरू होकर नामित दिनों पर भरत कूप और शिवरामपुर स्टेशन पर रुकेगी. 20975 हावड़ा - आगरा कैंट. चंबल एक्सप्रेस, 14 जनवरी से 25 फरवरी तक (आगमन-10:13, प्रस्थान-10:15 और आगमन-10:21, प्रस्थान-10:23) शिवरामपुर और भरत कूप स्टेशन पर रुकेगी और 20976 आगरा कैंट-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस, 16 जनवरी से 27 फरवरी तक (आगमन-13:18, प्रस्थान-13:20 और आगमन-13:26, प्रस्थान-13:28) नामित दिनों पर भरत कूप और शिवरामपुर स्टेशन पर रुकेगी.19435 अहमदाबाद - आसनसोल एक्सप्रेस, तत्काल प्रभाव से 27 फरवरी तक यात्रा (आगमन-03:44, प्रस्थान-03:46 और आगमन-03:52, प्रस्थान-03:54) भरतकूप और शिवरामपुर स्टेशन पर रुकेगी और 19436 आसनसोल - अहमदाबाद एक्सप्रेस, तत्काल प्रभाव से 22 फरवरी तक यात्रा (आगमन-09:29, प्रस्थान-09:31 और आगमन-09:37, प्रस्थान-09:39) नामित दिनों पर शिवरामपुर और भरतकूप स्टेशन पर रुकेगी.

# बैकुंठपुर के घने जंगल में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए वनदुर्गा पूजा का आयोजन

**सिलीगुड़ी:** आज पौष-पूर्णिमा है. और हर साल इस दिन वनदुर्गा की पूजा की जाती है. इस साल भी वनदुर्गा की विधि-विधान से पूजा की जाती है. इस वर्ष वनदुर्गा पूजा अपने 44वें वर्ष में प्रवेश कर गई है. राजगंज के फंदाबाड़ी के पास बैकुंठपुर के घने जंगल में हर साल वनदुर्गा की पूजा की जाती है. ऐसा कहा जाता है कि देवी चौधुरानी और भवानी पाठक का स्मारक स्थल दिल्लीविता चंदर खाल के नाम से जाना जाता है. साहित्य सम्राट बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने भी अपने उपन्यास 'देवी चौधुरानी' में इस स्थान का उल्लेख किया है. कई साल पहले यहां स्थानीय लोग ठुनथुनिया मां के नाम पर पूजा करते थे. एक समय की बात है, इस पूजा के लिए उस जंगल में बहुत से लोग एकत्र होते थे. अब इसे वनदुर्गा पूजा के नाम से जाना जाता है. वर्तमान में बैकुंठपुर के जंगल में एक स्थाई मंदिर में वनदुर्गा की विशेष विधि-विधान से पूजा की जाती है. इस पूजा में सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी समेत आसपास के जिलों से काफी लोग आते हैं. पूजा के दो दिन प्रशासन



की अतिरिक्त निगरानी रहती है. इस संबंध में वनदुर्गा पूजा समिति के सचिव राजू साहा ने बताया कि इस वर्ष 44वें वर्ष में वनदुर्गा पूजा मनाई जा रही है. हर साल पौष माह की पूर्णिमा के दिन देर रात भगवान वनदुर्गा की पूजा की जाती है. कोविड के कारण कई वर्षों तक पूजा दिन में की जाती थी लेकिन पिछले वर्ष से पूजा रात में की जा रही है. यह पूजा प्रशासन के पूरे नियमों के अनुसार की जाती है. वैसे ही इस साल भी पूरे नियमों का पालन करते हुए पूजा की जा रही है. आज सुबह से ही वनदुर्गा के मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और भक्तिभाव से पूजा-अर्चना

# शिक्षकों की कमी के कारण बंद पड़े बाल शिक्षा केंद्र में नशेड़ियों का अड्डा

**हावड़ा :** कक्षा की दीवार पर लगे ब्लैकबोर्ड का रंग अभी फीका नहीं पड़ा है. कच्चे हाथों से चौकोर पर लिखे गए दो स्वर उस समय की याद दिलाते हैं जब छात्र बच्चे थे. दीवारों पर रंग-बिरंगी शैक्षिक तस्वीरें अभी भी चमकती हैं. दो मंजिला इमारत में चार कमरे. यद्यपि कक्षा में दरवाजे और खिड़कियाँ हैं, लेकिन किसी ने दीवारों से बिजली के तार काट दिए हैं. शाम होते ही अचानक बिल्डिंग में अंधेरा छा गया. बताया जा रहा है कि वहां शराब और गांजा पार्टी चलती रहती है. जगतबल्लभपुर स्थित चोंघुराली विद्यासागर बाल शिक्षा केंद्र की वर्तमान स्थिति यही है. स्थानीय लोगों का दावा है कि एक समय इस स्कूल में नियमित कक्षाएं लगती थीं. छात्रों को मध्याह्न भोजन भी मिला था. लेकिन स्कूल की स्थिति पिछले पांच साल से यही है. कुछ शिक्षा-प्रेमी लोगों ने हावड़ा के जगतबल्लभपुर ब्लॉक के मन्नापाड़ा, दक्षिण चंघुराली के कुछ विद्यार्थियों के साथ बाल शिक्षा केंद्र की शुरुआत की. उस समय कक्षाएं स्थानीय क्लब नवजागरण संघ के कमरे में लगती थीं. 2002 में यहां केंद्र का अपना भवन बना. उस समय सुबोध मन्ना उस क्षेत्र के पंचायत सदस्य थे.

उन्होंने कहा, हमें अपने बच्चों के लिए शिक्षा केंद्र बनाने के लिए स्थानीय माजू ग्राम पंचायत से शुरूआत में 82,000 रुपए मिले थे. बाद में, इमारत को पूरा करने के लिए और अधिक धनराशि आ गयी. बालीपोटा क्षेत्र में बच्चों के शिक्षा केंद्र का भवन बनाया गया. उस समय दो अध्यापकों की नियुक्ति की गई थी. 50 विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की जाती थी.

पिछले 15 सालों से सबकुछ ठीक चल रहा था. करीब पांच साल पहले दोनों शिक्षक सेवानिवृत्त हो गए. तब से, नए शिक्षकों की नियुक्ति न होने के कारण समस्याएं पैदा हो गई हैं. छात्रों की संख्या धीरे-धीरे कम होती जा रही है. अंत में, छात्रों की संख्या शून्य पर आ गयी. बच्चे पास के दूसरे प्राथमिक विद्यालय में चले गए. बच्चों के शिक्षा केंद्र बंद होने के बाद अब यहां हर रविवार को विवेकानंद योग केंद्र संचालित होता है. स्थानीय निवासी शैल मन्ना ने कहा, चूंकि स्कूल बंद है, इसलिए पड़ोस के अधिकांश बच्चों को पड़ोसी चोंगहुराली बोर्ड प्राइमरी स्कूल में भर्ती कराया जा रहा है. प्रशासन भी इस मामले में उदासीन है. उन्होंने यह भी कहा, हम चाहते हैं कि बच्चों का शिक्षा केंद्र फिर से खुले. अन्यथा यह स्थान नशे का अड्डा बन जाएगा.' पेशे से किसान श्यामल मन्ना ने कहा कि इतना सुंदर बुनियादी ढांचा होने के बावजूद शुक्ला भट्टाचार्य और कुमकुम गुचैत की सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षकों की कमी के कारण केंद्र बंद कर दिया गया है.ज्ञात हुआ है कि यह बाल शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित है तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है.

जगतबल्लभपुर पंचायत समिति के शिक्षा अधिकारी स्वप्न कंदर ने बताया कि, बाल शिक्षा केंद्रों में नए शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जा रही है. इसलिए उन छात्रों को पास के स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया है. हालांकि, हमने उच्च अधिकारियों से भवन का उपयोग करने का अनुरोध किया है. किसी अन्य उद्देश्य के लिए. मैं इसे अपने पास रखूंगा.

# गंगासागर श्रद्धालुओं के लिए सहायता केंद्र का उद्घाटन




**कोन्नगर :** हुगली की जिलाधिकारी मुक्ता आर्या ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गंगासागर मेले के अवसर पर हुगली के सिंगुर रतनपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक सहायता केंद्र का उद्घाटन किया. हुगली जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कामनाशीष सेन, मंत्री बेचाराम मन्ना, विधायक कार्बी मन्ना और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.यह सहायता केंद्र हर साल खोला जाता है. सहायता शिविर आज से गंगासागर मेले के आखिरी दिन तक खुला रहेगा. शिविर में पीने का पानी, सूखा भोजन, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी. यहां मेडिकल टीम भी रखी गयी है. जिला मजिस्ट्रेट मुक्ता आर्य ने कहा कि इस सहायता केंद्र में सभी व्यवस्थाएं होंगी, ताकि लौटने वाले लोग सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से गंगासागर जा सकें. मंत्री बेचाराम मन्ना ने कहा कि सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है.

## न्यूज़ कॉर्नर

### बस के धक्के से बाइक सवार की मौत

**हावड़ा** : एक युवक की रविवार रात तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से मौत हो गयी. घटना बांकड़ा के आमता रोड की है. मृत युवक का नाम शेख नासिर (32) है. पता चला कि वह डोमजूर के डांसी दासपाडा का रहने वाला है. घटना को लेकर रविवार की रात इलाके में तनाव फैल गया. स्थानीय निवासियों ने हत्यारी बस के चारों ओर विरोध प्रदर्शन किया और उसमें तोड़फोड़ की. बाद में डोमजूर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने हत्यारे बस के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है.प्राप्त जानकारी के अनुसार नासिर पिछले रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे फैक्ट्री से काम खत्म कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे. जैसे ही वह हावड़ा अमाता रोड पर बांकड़ा के पास पहुंचा, व्यस्त सड़क पर विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही एक निजी बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. हत्यारी बस रामराजतला-हावड़ा रूट संख्या 52 की बताई जा रही है. बस की टक्कर से युवक लहूलुहान हालत में गिर पड़ा. तुरंत स्थानीय निवासी दौड़े और उसे स्थानीय नर्सिंग होम में ले गए. इसके बाद युवक को हावड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

### दुलाल सरकार की हत्या में शामिल लोगों को कड़ी सजा देने की मांग में दिया गया ज्ञापन

**मालदा :** तृणमूल पार्षद दुलाल सरकार की हत्या में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर मालदा जिला नागरिक समिति की पहल पर सोमवार दोपहर को झलझलिया इलाके में एक रैली का आयोजन किया गया . इसके साथ ही झलझलिया इलाके में रेल्वे की जमीन पर आश्रित उपद्रवियों द्वारा दुलाल सरकार की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए रेलवे की जमीन उपद्रवियों के चंगुल से मुक्त कराने की मांग को लेकर मालदा डीआरएम को मांग पत्र सौंपा गया. कार्यक्रम में वार्ड 26 के पार्षद गौतम दास, तृणमूल नेता जयंत बोस और अन्य वार्ड समिति सदस्य उपस्थित थे.

### बालुरघाट के विधायक अशोक लाहिड़ी ने सीमा वर्ती इलाको का किया दौरा

**बालुरघाट दक्षिण दिनाजपुर** : दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट विधानसभा के विधायक अशोक कुमार लाहिड़ी ने आज बालुरघाट विधानसभा के पंजुल क्षेत्र के भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती इलाकों बैगराम और उत्तर एगरा में रहने वाले स्थानीय नागरिकों और बीएसएफ अधिकारियों से मुलाकात कर विस्तृत जानकारी ली. वर्तमान समय उत्पन्न स्थिति के बारे में बालुरघाट विधानसभा के विधायक डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी ने कहा कि उन्होंने सीमा चौकी का भी दौरा किया और यहां विस्तार से बातचीत की.

### राजगंज थाने के एसआई सुब्रत गन की गिरफ्तारी की मांग में एसएफआई ने निकाला मार्च

**जलपाईगुड़ी :** दुष्कर्म के आरोपी राजगंज थाने के एसआई सुब्रत गन की गिरफ्तारी और राज्य के हर कॉलेज में छात्र परिषद के चुनाव की मांग को लेकर एसएफआई ने जलपाईगुड़ी में मार्च निकाला. इस मांग को लेकर सोमवार दोपहर एसएफआई ने जलपाईगुड़ी आनंद चंद्र कॉलेज के सामने जुलूस निकाला और विरोध प्रदर्शन किया. एसएफआई नेताओं ने आरोप लगाया पिछले सात वर्षों से कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र परिषद चुनाव बंद हैं. कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लोकतंत्र वापस लाने के लिए तुरंत चुनाव शुरू किये जाने चाहिए. इसके अलावा जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज में राजगंज थाने के एसआई सुब्रत गन पर दुष्कर्म का आरोप है. उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए.

# धूपगुड़ी पुलिस ने अवैध गांजा के विरुद्ध चलाया अभियान

**जलपाईगुड़ी** : कोआस के पेड़ की आड़ गांजे की खेती हो रही थी. खबर मिलते ही पुलिस ने उस जहाज प् छापा मारा जहां कोआस पेड़ की आड़ में गंजे खेती की जा रही थी. झार अल्टग्राम नंबर 1 ग्राम पंचायत के पूर्वी डौकीमारी इलाके में छापेमारी के दौरान पास ने देखा की यहाँ पर व्यापक स्तर पर गांजा की खेती हो रही है. धुपगुड़ी ब्लॉक में लगभग 20 एकड़ भूमि पर कोआस के पेड़ की आड़ गांजे की खेती हो रही थी. धुंध भरे मैदान के जंगल के नीचे कोआस की आड़ में गांजा की खेती की जा रही है. सूचना मिलने पर धूपगुड़ी पुलिस स्टेशन के आईसी और दाउकीमारी आउटपोस्ट के ओसी के




नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल ने इलाके में छापेमारी की. पुलिस ने करीब चार सौ भांग के पौधों को काटकर जला दिया. हाल ही में करीब सौ भांग के पौधे भी पुलिस ने जलाए थे. धूपगुड़ी प्रखंड के गधेरकुठी ग्राम पंचायत इलाके में पौधों को जलाकर नष्ट कर दिया गया. इसके अलावा धूपगुड़ी स्टेशन मोदी मोड़ पर पुलिस ने इलाके में गांजा तस्करी करने के आरोप में चार लोगों को रंगे हाथों गांजा के साथ पकड़ा है. भारी मात्रा में गांजा बरामद बाद में इस ऑपरेशन को चलाया गया था. स्थानीय निवासी बिमल रॉय ने कहा, मुझे पुलिस की यह भूमिका बहुत पसंद आयी है. इस नशे के कारण समाज पतन की राह पर जा रहा है. हालांकि, अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग फसलों की खेती की आड़ में यह खेती की जा रही है. पुलिस सूत्र उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी.

### नर्सिंग होम का हुआ शुभारम्भ

**जलपाईगुड़ी :** जलपाईगुड़ी ने निजी स्वास्थ्य सेवाओं में एक और कदम आगे बढ़ाया है. एक और उच्च गुणवत्ता वाला नर्सिंग होम बनाया गया है. नया नर्सिंग होम जलपाईगुड़ी नर्सिंग होम जलपाईगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पहाड़पुर मोड़ के समीप शुरू हो गया है. जलपाईगुड़ी के इस चमचमाते नर्सिंग होम में ईसीजी से लेकर अल्ट्रासोनोग्राफी और एक्स-रे तक सभी आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न रोगों के इलाज की उत्कृष्ट सुविधाएं भी उपलब्ध हैं. यह निजी अस्पताल प्रसिद्ध डॉक्टरों द्वारा डायलिसिस से लेकर अन्य सभी सेवाएं प्रदान करता है. भविष्य में स्वास्थ्यसाथी कार्ड सहित अन्य स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से भी अच्छी चिकित्सा व्यवस्था होगी.

# आरजी कर मामले को लेकर नागरिक सम्मेलन आयोजित

**सिलीगुड़ी:-** आरजी कर में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार के मामले में 5 महीने बीतने के बावजूद दोषियों को सजा न मिलने, घटना को लेकर एक के बाद एक सनसनीखेज खुलासे और सीबीआई जांच की भूमिका पर सवाल उठाते हुए सिलीगुड़ी में एक नागरिक सम्मेलन आयोजित किया गया था. यह सम्मेलन सोमवार दोपहर सिलीगुड़ी बघायतिन पार्क मैदान से सटे इलाके में आयोजित किया गया था. सम्मेलन में जूनियर डॉक्टर फोरम के प्रतिनिधि अनिकेत महतो व असफाकुल्ला नैया उपस्थित थे. इस दिन अनिकेत महतो ने कहा कि इस मामले की अगली सुनवाई 18 को है. हमारे आंदोलन की अगली रूपरेखा कोर्ट के फैसले के बाद ही बनेगी. हालांकि, सीबीआई की जांच को लेकर अभी भी सवाल हैं. हम चाहते हैं कि संजय और इस घटना में शामिल किसी भी अन्य व्यक्ति के नाम को सार्वजनिक किया जाए.'

# दमदम-डानकुनी सेक्शन में रेलवे का कदम

## आरओबी के पुराने गर्डर को बदलने के लिए 100 घंटे का मेगा ब्लॉक

**कोलकाता** : एक और विशाल बुनियादी ढांचे के विकास में, सियालदह डिवीजन दमदम-डानकुनी सेक्शन में बालीघाट और बालीहाल्ट के बीच रेल ओवर ब्रिज में पुराने स्टील गर्डर को बदलना है. यह महत्वपूर्ण रेल पुल लगभग 95 साल पहले ब्रिटिश शासन के दौरान बनाया गया था. ब्रिज नंबर 15, सीसीआर पर पुराना स्टील गर्डर जंग खा रहा है. सुरक्षा और लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए इस आरओबी को तत्काल आधार पर बदलने की आवश्यकता है. आरसीसी बॉक्स प्रदान करके निर्माण कार्य निश्चित रूप से सेक्शनल गति को बढ़ाएगा और रखरखाव के उद्देश्य के लिए भी फायदेमंद होगा. पुराने स्टील गर्डर को हटाने के बाद पूरे ट्रैक को बैलास्ट किया जाएगा. भारी भरकम बुनियादी ढांचे के काम की छाया में, कुछ लंबे समय से लंबित इंजीनियरिंग और एसएंडटी कार्य भी पूरे किए जाएंगे.ब्लॉक: 23 जनवरी को 00:00 बजे से 27 जनवरी को 04:00 बजे तक 100 घंटे का विशाल यातायात सह बिजली ब्लॉक रहेगा, जिससे दमदम - डानकुनी सेक्शन में ट्रेनों की



आवाजाही पूरी तरह से नियंत्रित रहेगी.**परिणाम: रद्दीकरण**: (ळ) सियालदह और डानकुनी के बीच 22 जोड़ी ईएमयू लोकल 23 जनवरी से 26 जनवरी तक रद्द रहेंगी. इस प्रकार, ब्लॉक के उपरोक्त 04 दिनों के दौरान सियालदह - डानकुनी सेक्शन में कोई लोकल ट्रेन नहीं चलेगी. कुछ मेल, एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द रहेंगी, जैसे कोलकाता-पटना गरीब रथ, तेभागा एक्सप्रेस, सियालदह-सिउड़ी एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़- कोलकाता एक्सप्रेस, सियालदह-जंगीपुर रोड एक्सप्रेस, सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस, कोलकाता-बालुरघाट एक्सप्रेस, कोलकाता-हल्दीबाड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस. टर्मिनेटिंग, ओरिजिनेटिंग स्टेशनों में बदलाव: उत्तरबंग एक्सप्रेस और सियालदह-पुरी दुरंतो एक्सप्रेस ब्लॉक के दिनों में सियालदह के बजाय हावड़ा से शुरू, समाप्त होगी.**डायवर्जन:** ब्लॉक के दिनों में 17 जोड़ी मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों को दमदम-नैहाटी के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा, जैसे जम्मू तवी एक्सप्रेस, बीकानेर दुरंतो, अनन्या एक्सप्रेस, आगरा कैंट. एक्सप्रेस, शब्द भेदी एक्सप्रेस, नांगल डैम एक्सप्रेस, सियालदह राजधानी, पदातिक एक्सप्रेस, कंचनजंघा एक्सप्रेस, कंचनकन्या एक्सप्रेस, दार्जिलिंग मेल, सियालदह अजमेर एक्सप्रेस, आनंद बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जम्मू तवी हमसफर एक्सप्रेस, प्रताप एक्सप्रेस, जालियांवाला बाग एक्सप्रेस, दुर्गियाना एक्सप्रेस. रद्द की गई मेल, एक्सप्रेस ट्रेन के टिकटों का किराया स्वचालित रूप से वापस कर दिया जाएगा. कंचनकन्या और जम्मू तवी एक्सप्रेस को कमरकुंडु स्टेशन के बजाय नैहाटी स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा. 06 जोड़ी मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों को दक्षिणेश्वर के बजाय बेलघोरिया में ठहराव दिया जाएगा. मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों के परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण सियालदह मुख्य और उत्तर खंड के ट्रेन संचालन की समय आवृत्ति 1, 1.5 मिनट तक थोड़ी बढ़ जाएगी. पूरे खंड की सुरक्षा, संरक्षा और गति वृद्धि के लिए यह ब्लॉक अपरिहार्य था.

# 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अभियान




**कोलकाता** : 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान के तहत, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 13 जनवरी, 2025 को आसनसोल स्थित ईस्टर्न रेलवे बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और टीबी मुक्त भारत (टीबी मुक्त भारत) के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना था.यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, आसनसोल की देखरेख में आयोजित किया गया और इसमें डॉ. एस. भट्टाचार्य (अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रशासन), डॉ. रजनी सिन्हा (मंडल चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), स्कूल के प्रिंसिपल, एएचओ, सीएचआई, डीआरएच, विस्तार शिक्षक और अन्य स्टाफ सदस्यों जैसे गणमान्य लोगों ने भाग लिया.प्रतियोगिता का विषय टीबी मुक्त भारत था. कुल 24 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, अपनी रचनात्मकता और अभियान के दृष्टिकोण की समझ को अपनी कलाकृति के माध्यम से व्यक्त किया. सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयासों को मान्यता देने के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए.इसके अलावा, डॉक्टरों के एक पैनल ने छात्रों और कर्मचारियों के साथ मिलकर टीबी मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों और महत्व पर चर्चा की. चर्चा में तपेदिक उन्मूलन की दिशा में चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया और समुदाय से सक्रिय भागीदारी को प्रेरित किया गया. इस कार्यक्रम की व्यापक रूप से सराहना की गई और इसने भारत में टीबी उन्मूलन की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया.

## न्यूज कॉर्नर

### बंगाल में फर्जी दस्तावेजों के सहारे रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल पुलिस ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर इलाके से पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. इन पर अवैध तरीके से भारत में घुसने, अपनी पहचान छिपाने और स्थानीय कपड़ा मिल में काम करने का आरोप है. पुलिस के अनुसार, आरोपित करीब एक साल से सोनारपुर में एक किराए के मकान में रह रहे थे और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मिल में नौकरी हासिल की थी. गुप्त सूचना के आधार पर सोनारपुर थाने के अधिकारियों ने इनकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की. बताया गया है कि ये लोग अपने पड़ोसियों से अधिक संपर्क नहीं रखते थे, जिससे इन पर शक हुआ. एक अधिकारी ने कहा कि इन पांचों ने करीब एक साल पहले भारत में अवैध तरीके से प्रवेश किया था. फर्जी दस्तावेजों की मदद से इन्होंने कपड़ा मिल में नौकरी कर ली. हम इनके पड़ोसियों से बातचीत कर इनके अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं. इन्हें आज दोपहर स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा. पुलिस अब यह जांच कर रही है कि कहीं ये किसी बड़े गिरोह का हिस्सा तो नहीं हैं.

### सीआईडी ने की भाटपाड़ा के भाजपा विधायक पवन सिंह से पूछताछ



**कोलकाताः** भाटपाड़ा नगरपालिका के टेंडर घोटाले की जांच में जुटी राज्य जांच एजेंसी सीआईडी ने भाटपाड़ा के भाजपा विधायक पवन सिंह को पूछताछ के लिए तलब किया. इससे पहले दो बार वह सीआईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे. सोमवार को पवन सिंह आखिरकार पूछताछ के लिए सीआईडी के सामने उपस्थित हुए. सोमवार सुबह जगदल के मजदूर भवन से रवाना होने से पहले उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा. पत्रकारों से बात करते हुए पवन सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से स्टे ऑर्डर मिला हुआ है. न सिर्फ इस मामले में, बल्कि 20 अन्य मामलों में भी स्टे ऑर्डर है. फिर भी सीआईडी मुझे पूछताछ के लिए बुला रही है. भाजपा विधायक ने इस मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है. पवन सिंह ने कहा कि जब मेरे पिता (अर्जुन सिंह) तृणमूल में थे, तब कोई बुलावा नहीं आता था. अब जब वह भाजपा में हैं, तो बार-बार मुझे बुलाया जा रहा है. यह मामला राजनीतिक रंग लेता जा रहा है, और भाजपा विधायक इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बता रहे हैं.

### बंगाल में एक्सपायर्ड ड्रिप से महिला की मौत मामले में कांग्रेस ने स्वास्थ्य मंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में 'एक्सपायर्ड' इंट्रावेनस फ्लुइड (ड्रिप) के इस्तेमाल से एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है. इस मामले को लेकर राज्य कांग्रेस ने ममता बनर्जी से स्वास्थ्य मंत्री के पद से इस्तीफा देने और वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों के निलंबन की मांग की है. राज्य कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने करुणामयी मोड़ से स्वास्थ्य भवन तक एक विरोध रैली निकाली. हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय पहुंचने से पहले ही रोक दिया. शुभंकर सरकार ने कहा कि हम ममता बनर्जी का स्वास्थ्य मंत्री पद से इस्तीफा चाहते हैं. इसके अलावा, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी हटाया जाना चाहिए. राज्य की जनता को स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का खामियाजा नहीं भुगतना चाहिए. यह घटना पश्चिम मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई, जहां प्रसव के बाद महिलाओं को 'एक्सपायर्ड' फ्लुइड दिया गया. इस कारण एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गईं. इनमें से तीन महिलाओं को रविवार रात कोलकाता लाया गया और राज्य संचालित एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया. राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए 13 सदस्यीय समिति बनाई है.

### स्कूल की इमारत की छत का कांच टूटकर गिरने से तीन छात्र गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता :** साउथर्न एवेन्यू चौराहे पर स्थित नवनालंदा स्कूल की इमारत की छत का कांच टूटकर गिरने से तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए है . कोलकाता के साउथर्न एवेन्यू स्थित नव नालंदा स्कूल में कांच टूटने से हड़कंप मच गया ! स्कूल शुरू होने से पहले ऊपर का कांच टूट जाने से कक्षा 9 के तीन छात्र घायल हो गए. अभिभावक स्कूल में रखरखाव की कमी की शिकायत किया है. हालांकि, स्कूल प्राधिकारियों की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. गंभीर रूप से घायल एक छात्र का अस्पताल में इलाज चल रहा है. टॉलीगंज थाने से पुलिस स्कूल आई थी. अभिभावकों ने स्कूल प्राधिकारियों के सामने विरोध प्रदर्शन किया. सोमवार को सुबह सात बजे छात्र स्कूल में प्रवेश कर रहे थे. इस दौरान स्कूल भवन की छत से कांच टूटकर छात्रों पर गिर पड़ा. छात्रों को स्कूल छोड़ने आए उनके माता-पिता भी उन्हें बचाने के लिए आगे आए.

### कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कोयला घोटाले के आरोपी विकास मिश्रा को पॉक्सो मामले में जमानत दी

**कोलकाताः** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कथित कोयला घोटाले के आरोपी विकास मिश्रा को नाबालिग के उत्पीड़न के मामले में सोमवार को जमानत दे दी. नाबालिग की मां की शिकायत पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज किए गए मामले के आधार पर मिश्रा को कोलकाता पुलिस ने 24 नवंबर को गिरफ्तार किया था और इस समय वह न्यायिक हिरासत में है. न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मिश्रा को सशर्त जमानत देते हुए उसे 10,000 रुपये का जमानत मुचलका और इतनी ही राशि की दो जमानत पेश करने का निर्देश दिया. खंडपीठ ने मिश्रा को अगले आदेश तक सुनवाई की हरेक तारीख पर निचली अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया. पीठ ने न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रॉय भी शामिल थे.

## हर हर गंगा, जय बाबा कपिल के जयघोष से गूंज उठा संगम तट

### भव्य गंगा आरती के सहभागी बनें हजारों पुण्यार्थी



**सागरद्वीप :** देश के विभिन्न भागों से मोक्ष धरा गंगा सागर में आये पुण्यार्थियों को बस मकर संक्रांति के पुण्य स्नान के पल का ही इंतजार है. चारों ओर यहां भक्ति व अध्यात्म की गंगा बह रही है. धर्म नगरी बन चुके गंगा सागर के संगम स्थल में अध्यात्म की समांनतर धारा बह रही है और चारो ओर हर हर गंगा, जय बाबा कपिल के जयघोष से गूंज रहें है. सारे तीर्थ बार-बार, गंगासागर एक बार की कहावत अब यहां बदली दिख रही है कारण यहां अब ऐसे श्रद्धालुओं की कमी नहीं थी जो कई बार गंगासागर आ चुके है. बिहार से आई रीना पासवान व फुलवा साव की माने तो यहां उन्हें व्यवस्था में कमी नहीं दिखी लेकिन इस साल भीड़ नहीं है. वह लोग कुंभ मेले में जाने वाले थे लेकिन फिर मन यहां का बना लिया. देश की तमाम जगहों से आये श्रद्धालुओं ने आज सागर के तट पर भव्य गंगा आरती के आयोजन में भाग लिया व अपने को धन्य समझा. बता दे कि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया था कि इस बार 11, 12 और 13 जनवरी को गंगासागर में सागर तट पर गंगा आरती होगी. मामले पर जिला प्रशासन ने दावा किया कि, श्रद्धालुओं की सहुलियत के लिए सागर तट पर 54 किलोमीटर का बैरिकेडिंग किया गया है ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो. इसके साथ साथ पूरे सागर मेले में 617 ड्राप गेट बनाए गए हैं. पुण्यार्थियों को कपिलमुनी के दर्शन, गंगा आरती, सागर कथा के लिये 62 जॉइंट स्किन के साथ साथ 8 एलईडी जोन का निर्माण किया गया है. पुण्यार्थी अपनो के साथ जुड़े रहे इसके लिए सागर मेले में मुफ्त वाईफाई के साथ साथ वाइस कॉल की सुविधा प्रदान किया गया है.

'एक्सपायर' दवा चढ़ाने से महिला की मौत मामला

# सीबीआई जांच के अनुरोध वाली याचिका पर कल होगी सुनवाई



**कोलकाताः** कलकत्ता उच्च न्यायालय पश्चिम बंगाल के एक सरकारी अस्पताल में प्रसव बाद कथित तौर पर 'एक्सपायर' दवा चढ़ाए जाने से एक महिला की मौत के मामले की सीबीआई जांच के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा. याचिकाकर्ता ने मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 'एक्सपायर' हो चुके 'इंट्रावीनस फ्लूइड' के कथित इस्तेमाल की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का अनुरोध किया है. याचिकाकर्ता के वकील फिरोज एदुलजी ने अदालत को सूचित किया कि 'इंट्रावीनस फ्लूइड' (नसों के जरिये चढ़ाई जाने वाली दवा) की आपूर्ति करने वाली कंपनी को मार्च 2024 में एक अन्य राज्य सरकार ने चेतावनी दी थी और उसे तीन साल के लिए उत्पाद की आपूर्ति करने से प्रतिबंधित कर दिया था. एदुलजी ने अदालत से आग्रह किया कि जांच में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस मामले को पश्चिम बंगाल पुलिस से लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया जाए. खंडपीठ ने कहा कि याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई की जाएगी. उसने सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए एदुलजी को राज्य महाधिवक्ता कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया. मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में पांच महिलाओं को प्रसव के बाद जो 'इंट्रावीनस फ्लूइड' चढ़ाया गया था, वह कथित तौर पर 'एक्सपायर' (इस्तेमाल करने की अवधि समाप्त हो गई थी) हो चुका था. इनमें से एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से बीमार पड़ गई थीं. स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच के लिए 13 सदस्यीय समिति का गठन किया है. कथित तौर पर 'एक्सपायर' दवा चढ़ाए जाने से गंभीर रूप से बीमार पड़ी तीन महिलाओं की तबीयत रविवार को और बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें कोलकाता स्थित एसएसकेएम सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया. वहीं, मृतक महिला के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि अस्पताल के प्राधिकारी उसकी मौत के लिए जिम्मेदार हैं.

## स्कूल भर्ती घोटाला : पार्थ चटर्जी की संलिप्तता की पुष्टि के लिए सीबीआई को कॉल रिकॉर्ड्स मिले



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित स्कूल भर्ती घोटाले में सीबीआई को पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की संलिप्तता के प्रमाण के रूप में कॉल रिकॉर्ड्स मिले हैं. सूत्रों के अनुसार, इन कॉल रिकॉर्ड्स से पता चलता है कि चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी और अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ उनकी बातचीत कैसे इस घोटाले की जड़ तक जाती है. सूत्रों ने यह भी खुलासा किया कि चटर्जी और उनके करीबी लोगों ने अवैध रूप से अर्जित धन को रियल एस्टेट कारोबार के जरिए सफेद धन में बदलने की कोशिश की. इस संदर्भ में, काली कमाई को रियल एस्टेट निवेश के रूप में दिखाया गया. इस महीने की शुरुआत में, सीबीआई को राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस के कार्यालय से पार्थ चटर्जी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की अनुमति मिली थी. यह अनुमति इसलिए जरूरी थी क्योंकि किसी भी विधानसभा सदस्य के खिलाफ चार्जशीट अदालत में स्वीकार करने के लिए राज्यपाल की मंजूरी आवश्यक होती है. सीबीआई की इस कार्रवाई से पार्थ चटर्जी पर आरोप तय करने का रास्ता साफ हो गया है. उन्हें जुलाई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था, जब उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के दो फ्लैटों से भारी मात्रा में नकदी और सोना बरामद हुआ था. तब से पार्थ चटर्जी कोलकाता के प्रेसिडेंसी सेंट्रल जेल में बंद हैं, जबकि अर्पिता मुखर्जी को हाल ही में सशर्त जमानत पर रिहा किया गया है. सीबीआई ने हाल ही में पार्थ चटर्जी को स्कूल भर्ती घोटाले के मामले में गिरफ्तार दिखाया है, जिससे उनकी रिहाई और भी मुश्किल हो गई है. इस घोटाले में अब तक प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कुल 239.26 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है.

## गंगा सागर में पहुंचे दिलीप घोष ने किया पुरानी यादों का खुलासा



**समीर दास/सागरद्वीप:** बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद दिलीप घोष भी गंगा सागर पहुंचे. उन्होंने यहां की काया पलट व खुद के पुरानी यादों में खो गए. उन्होंने कहा कि, मुझे वे पुराने दिन याद आ गये. जब वह आरएसएस कार्यकर्ता थे. वह गांव-गांव जाकर संघ के बारे में लोगों को बताते थे. यहां दिलीप घोष अपने पुराने मित्रों से मिले वह उन लोगों के आतिथ्य से गदगद हुए. उन्होंने सोशल मीडिया पर यह लिखा कि, वह आज, गंगा में पवित्र स्नान करने के एक पुराने मित्र से मिलने गए. बहुत अच्छा लगा. मित्र से मेरी मुलाकात 90 के दशक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार कार्य के दौरान हुई थी. उस समय हम लोग पूरे क्षेत्र, गंगासागर चौक, में पैदल घूमते थे. आज सारी यादें फिर से मेरे सामने आ गईं. यहां के लोगों का आतिथ्य और ईमानदारी अद्वितीय है. गांव वालों ने यादगार खतिरदारी की. पूरे गांव से लोग आये और मुझसे बात की. सभी के साथ लंबी बातचीत और बीते दिनों की यादें ताजा करना बहुत अच्छा लगा. दिलीप घोष ने कहा कि गांव वालों ने पेड़ से ताजा मीठा डाभ तोड़कर उन्हें खिलाया. पूरे गांव से लोग आये और मुझसे बात की. सभी के साथ लंबी बातचीत और बीते दिनों की यादें ताजा करना अपने आप में अनुपम लगा.

## गंगा सागर मेले में शंकराचार्य ने व्यक्त की चिंता

### कहा- हिंदुओं पर अत्याचार कर रहा बांग्लादेश, यह अंधदृष्टि का प्रमाण




**गंगासागर :** हर साल की तरह इस बार भी पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज गंगासागर मेले में शामिल हुए. मेले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने देश और पश्चिम बंगाल की वर्तमान परिस्थितियों के साथ बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर अपनी चिंता प्रकट की. शंकराचार्य ने तीर्थक्षेत्रों को पर्यटन स्थल बनाने के प्रयासों का विरोध किया और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को गलत ठहराते हुए कहा, बांग्लादेश अंधदृष्टि का परिचय दे रहा है. हिंदुओं पर अत्याचार उचित नहीं है. अगर हिंदुओं को वहां से निकाला जाता है, तो अन्य जगहों पर अल्पसंख्यक मुसलमानों की स्थिति क्या होगी? सभी को सद्भाव बनाए रखना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि एक समय पर बांग्लादेश, श्रीलंका और म्यांमार भारत का हिस्सा थे. शंकराचार्य ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा, मुसलमानों को यह समझना होगा कि उनके पूर्वज हिंदू थे. जिन हिंदुओं के पूर्वज कठिन परिस्थितियों में भी अपने धर्म को बचाए रखने में सफल रहे, उनका सम्मान करना चाहिए. अगर हिंदुओं का सम्मान नहीं किया गया और वे उत्तेजित हो गए, तो मुसलमानों की स्थिति खराब हो सकती है. उन्होंने सभी धर्मों के बीच सद्भाव और एकता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया.

### 'भारत में नहीं है न्यायतंत्र'

**कोलकाता :** भारत में न्यायतंत्र होता तो सबसे पहले मोदी और योगी को सजा दी जाती. यह विवादित टिप्पणी पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंदजी सरस्वती महाराज ने गंगासागर मेले में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान की. उन्होंने देश और पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति पर सवाल उठाते हुए कई गंभीर आरोप लगाए. पुरी के शंकराचार्य ने कहा कि नकली शंकराचार्य बनाए जा रहे हैं और उन्हें विभिन्न तीर्थ स्थलों पर घुमाया जा रहा है. क्या किसी राजनीतिक दल का काम है शंकराचार्य बनाना? मुझे लेकर इन लोगों में डर है. इसी डर के कारण नरसिम्हा राव और अटल बिहारी वाजपेयी ने नकली शंकराचार्य तैयार किए. अब मोदी और योगी भी वही कर रहे हैं. निश्चलानंदजी ने आगे कहा कि अगर कोई नकली प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री तैयार करेगा तो उसे या तो पागल कहा जाएगा या जेल भेजा जाएगा. तो फिर नकली शंकराचार्य क्यों? मैं कहता हूं कि अगर भारत में न्यायतंत्र होता तो मोदी और योगी को पहले सजा मिलती. शंकराचार्य ने यह भी कहा कि राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए धार्मिक प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं. उनकी इस टिप्पणी से गंगासागर मेले में हंगामा मच गया है.

## जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग के आरोपितों की मार्कशीट रोकने का फैसला




**कोलकाताः** जादवपुर विश्वविद्यालय ने रैगिंग पर रोक लगाने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए रैगिंग में शामिल छात्रों की मार्कशीट रोकने का फैसला किया है. विश्वविद्यालय की एंटी-रैगिंग कमेटी का यह निर्णय छात्रों में अनुशासन कायम करने और रैगिंग को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है. यह मामला अगस्त 2023 का है, जब मेन हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर एक प्रथम वर्ष के छात्र की मौत हो गई थी. इस घटना में 14 आरोपित छात्रों पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है, और वे जेल में हैं. लेकिन कई अन्य आरोपित छात्र अब भी हॉस्टल में रह रहे हैं और कक्षाओं में भाग ले रहे हैं. हाल ही में हुई एंटी-रैगिंग कमेटी की बैठक में फैसला लिया गया कि कोर्ट के निर्देश के बावजूद, रैगिंग में शामिल छात्रों को मार्कशीट जारी नहीं की जाएगी. इससे उनके लिए नौकरी या उच्च शिक्षा प्राप्त करना कठिन हो जाएगा. इससे पहले विश्वविद्यालय ने कुछ छात्रों को निलंबित और अस्थायी रूप से निष्कासित करने जैसे कदम उठाए थे. हालांकि, 15 छात्रों के खिलाफ कार्रवाई पर हाई कोर्ट द्वारा रोक लगाने से मामला और जटिल हो गया. इस फैसले के बाद, विश्वविद्यालय में रैगिंग रोकने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद जताई जा रही है. साथ ही, यह निर्णय छात्रों को अनुशासन में रखने और सुरक्षित माहौल बनाने के लिए एक मजबूत संदेश देगा. अगस्त 2023 की घटना से जुड़े मामले की सुनवाई आज अलीपुर कोर्ट में पॉक्सो विशेष अदालत में होनी है.

## श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा ने स्वामी विवेकानंद को किया श्रद्धासिक्त नमन

### स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुशरण हर युवा को महान बना सकता है : महावीर प्रसाद सराफ



**युवा शक्ति न्यूज/हावड़ा:** 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए', स्वामी विवेकानंद के इस आह्वान को अगर देश का हर युवा पूरी ईमानदारी से आत्मसात कर ले तो इस देश को दुनिया में सिरमौर होने से कोई नहीं रोक सकता. 'यह उद्गार हावड़ा के स्वनामधन्य महाविद्यालय श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा के चेयरमैन महावीर प्रसाद सराफ ने कॉलेज में आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के अवसर पर व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि जिस महापुरुष ने शिकागो धर्म संसद में अपने सम्बोधन से पूरी दुनिया में भारत का जो मान बढ़ाया वह आज तक चिर-स्मरणीय है, जिनके हर एक विचार जीवन को सार्थक बनाने में सक्षम हैं ऐसे महामानव के विचारों से देश के हर युवा को न केवल अवगत कराने की अपितु उनका अनुशरण करने के लिए प्रेरित करने की भी नितांत आवश्यकता है. श्री सराफ ने कॉलेज में दो वर्ष पूर्व आज ही के दिन स्थापित की गई स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा निवेदित की. कॉलेज की प्राचार्या शोभोनीता दत्ता सहित अन्य प्रोफेसरों ने भी स्वामी जी के महान व्यक्तित्व व कृतित्व का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासिक्त नमन किया. सैकड़ों विद्यार्थियों की मौजूदगी में आयोजित समारोह में स्वामी जी के' आत्म-विश्वास, ज्ञान की खोज, आत्म-सुधार, परोपकार और सार्वभौमिक भाईचारे के सिद्धांतों को अपनाने पर भी बल दिया गया.

## आईआईटी खड़गपुर में छात्र की संदिग्ध मौत की फॉरेंसिक टीम करेगी जांच

**कोलकाताः** आईआईटी खड़गपुर के तीसरे वर्ष के छात्र शौन मल्लिक (21) की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत ने सभी को स्तब्ध कर दिया है. घटना को 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. सोमवार को फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इसे आत्महत्या या अन्य संभावित कोणों से देखा जा रहा है. हालांकि, शौन के परिवार की ओर से अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है. रविवार को शौन के माता-पिता उनसे मिलने उनके हॉस्टल पहुंचे. उन्होंने पाया कि उनका कमरा अंदर से बंद है और कई बार आवाज लगाने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली. दोस्तों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया, तो शौन का शव फंदे से लटका हुआ मिला. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद खड़गपुर टाउन पुलिस मौके पर पहुंची. आईआईटी खड़गपुर के अधिकारी अमित पात्रा ने कहा कि संस्थान इस मामले में पुलिस के साथ पूरा सहयोग कर रहा है. उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना के लिए संस्थान की ओर से कोई अलग जांच समिति नहीं बनाई गई है. रविवार को पश्चिम मेदिनीपुर के पुलिस अधीक्षक धृतिमान सरकार ने घटनास्थल का दौरा किया. पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं. शव का पोस्टमॉर्टम कर नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं. इसके अलावा, शौन के द्वारा खाए गए भोजन के नमूने भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं. पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है कि क्या शौन को हॉस्टल या परिसर में किसी प्रकार की धमकी मिली थी. हालांकि, आईआईटी निदेशक ने इस बात से इनकार किया है कि संस्थान में किसी प्रकार की धमकी संस्कृति मौजूद है.

## श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति का पंद्रह दिवसीय कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न



**युवा शक्ति न्यूज/कोलकाता:** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति के द्वारा पिछले पंद्रह दिनों से लगाकार आयोजित किया जा रहा कंबल वितरण कार्यक्रम सोमवार को श्री गोरखनाथ मंदिर में तकरीबन 150 लोगों के बीच कंबल वितरण के साथ संपन्न हुआ. संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया सिंगुर स्थित समिति के विश्रामगृह से शुरु हुए कार्यक्रम के तहत मानिकतला लोहा बाजार, बजरंगबली लोहा बाजार, बेलिलियस रोड लोहा मार्केट, शालीमार लोहा बाजार , बाबू घाट आदि कई जगहों पर लगभग तीन हज़ार कंबल वितरित किये गये. सचिव मुकेश जिंदल ने कहा कि बिना दान दाताओं के इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर पाना संभव नहीं था. कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया ने कहा हालाँकि कंबल वितरण का यह कार्यक्रम संपन्न हो गया है फिर भी यदि ख़ास परिस्थिति में किसी जरुरतमंद को आवश्यकता होगी तो हम उन्हें यह सेवा उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबद्ध रहेंगे. उपाध्यक्ष मुरारीलाल डिडवानिया, दिनेश कालानी, संयुक्त सचिव गोविंद रांधड़ , विजय दारूका ने आयोजन में सहयोगी बने सभी संस्था सदस्यों का आभार जताया. पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद अग्रवाल, बिमल टिबड़ेवाल, पूर्व सचिव सोहनलाल सिंघी ने आयोजन की सराहना की. गोपाल झुनझुनवाला, शिव कुमार कनोई, प्रदीप जालान, रमेश गोयल, सुशील अग्रवाल, सुरेश झुनझुनवाला, नथमल बिहानी, विवेक बंसल, सचिन बेरीवाल, राजीव सिंघी, राजेश बिहानी, दयानंद रावलवासिया, गौरी शंकर बेरीवाल, आशीष शाह, कृष्ण कुमार मूंधड़ा, दाऊलाल मूंधड़ा, संजय अग्रवाल, मोहन रामुका, बिनोद जायसवाल, सुरेंद्र गौरीसरिया, बिनय मरेठिया, श्याम सुंदर टिबड़ेवाल, सोमनाथ कुमार, बिमल छाज्जेड़, तरूण गोयल, पीयूष खेरिया, ललित गोयल, रमेश कुमार अग्रवाल, संजय जैन, सुरेंद्र छापरिया, रमेश सराफ, रमेश गोयल, राजेश जोशी, अजय परसरामपुरिया, हिमांशु गौरीसरिया, शिव कुमार अग्रवाल, बिष्णु अग्रवाल, विश्वनाथ तिवारी, राजेश अग्रवाल, अनूप तिवारी, प्रदीप जायसवाल, रितेश जायसवाल, श्रीराम जायसवाल, हरीश जायसवाल, राजेंद्र साव, राहुल साव, योगेन्द्र पांडे व अन्य आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहें.

आपकी वेदना, हमारी संवेदना
युवा शक्ति समाचार पत्र
उठावना का विज्ञापन
मात्र 1500 रुपये में
प्रकाशित करता है
(साइज 12X8)
सम्पर्क :
मो. : 9831572125, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email : yuvashakti@hotmail.com

## न्यूज़ कॉर्नर

### सांसद सुदामा प्रसाद ने किया प्रमंडल स्तरीय लाइब्रेरी का निरीक्षण



**आरा(ब्यूरो चीफ, युवा शक्ति दैनिक)** : आरा स्थित जिला स्कूल के बगल में बन रहे 4 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से प्रमंडल स्तरीय 3 मंजिला लाइब्रेरी का आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने किया औचक निरीक्षक!औचक निरीक्षण के दौरान सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि नागरी प्रचारिणी सभागार स्थित 124 साल पुराना लाईब्रेरी को प्रमंडल स्तरीय लाइब्रेरी को आधुनिक लाईब्रेरी को बनाने के लिए मैंने 30 सितंबर 024 को भोजपुर जिलाधिकारी को पत्र लिख कर अनुसंशा किया था जो बिहार सरकार ने आधुनिक लाईब्रेरी बनाने के लिए 4 करोड़ 49 लाख रुपया स्वकृत किया है!उन्होंने आगे कहा जब मैं पुस्तकालय समिति का सभापति था तो उस मैं आजादी के बाद पहली बार बिहार के सभी 449 सार्वजनिक क्षेत्र के लाईब्रेरी को बेहतर बनाने के एवं बिहार के सभी पंचायत भवनों में एक-एक लाईब्रेरी बनाने के लिए बिहार विधानसभा में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था जो बिहार गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा ग्रहण करने में मददगार साबित हो सके!अब उस प्रतिवेदन के आलोक में बिहार सरकार उसे जमीन पर लागू करने के लिए सभी पंचायत भवनों में लाईब्रेरी बनाने का फैसला किया है जो बिहार में जो बिहार में जमींदोज होते लाईब्रेरी को फिर नई जान फूंक दी है!इससे अब बिहार में गरीब के बच्चों को बेहतर शिक्षा ग्रहण करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी!इसी आलोक में आरा में आधुनिक लाईब्रेरी बनायी जाय रही है!आगे सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि प्रमंडलीय स्तर की लाईब्रेरी के लिए 10 कट्ठा जमीन आवंटित है जिसमें सिर्फ 7 कट्ठा बन रहा है बाकी बचे जमीन सरकार पार्क बनवाए!ताकि शैक्षणिक वातावरण बना रहे!औचक निरीक्षण के दौरान भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम,आरएन पाठक,कांग्रेस ने रज्जी अहमद,पूर्व वार्ड पार्षद अमित कुमार बंटी,निजी सचिव सूरज कुमार,डा0रामाशंकर प्रसाद,डा0निर्मल सिंह,डा0सिद्धार्थ शिवशंकर सहाय,राजद नेता लल्लू याद,संवेदक सुमित कुमार मौजूद थे!

### बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ की बैठक




**( रामा शंकर / युवा शक्ति दैनिक)**
**आरा :** बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ जिला शाखा भोजपुर के अध्यक्ष सुशील कुमार राय की अध्यक्षता में कर्मचारियों की एक आम बैठक न्यायालय परिसर में हुई जिसका संचालन संघ के सचिव बसावन राम ने किया. जिसमें बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी के आह्वान पर बिहार भर के अदालतों के कर्मचारी अपने बेहतर वेतनमान,पदोन्नति,शत प्रतिशत अनुकम्पा पर बहाली और विशेष न्यायिक कैडर के माँग पूरा नहीं होने के विरोध मे 16 जनवरी से हड़ताल पर जाने हेतु निर्णय को सफल बनाने के लिए रणनीतियां अंतिम रूप से तैयार कर ली गयी है. बैठक में शामिल मिडिया प्रभारी-सह -प्रवक्ता अजय शंकर ने बताया की दिनांक 16-01-2025 से होने वाले कलमबंद हड़ताल के लिए जो एस. ओ. पी. राज्य संघ के द्वारा तय की गयी है उसके अनुरूप भोजपुर संघ पुरी तरह से तैयार है. शुभाष सिँह ने बताया की हम न्यायिक कर्मचारियों के प्रति सरकार के इस सौतेला रवैया के प्रति एक एक कर्मचारियों मे आक्रोश है और हम सभी लोग हड़ताल के लिए कमर कस कर तैयार हैं. जिला मंत्री बसावन राम ने कहाँ की इस बार यदि सरकार हमारी नहीं सुनी तो हम शोषित कर्मचारी गण आमरण अनशन पर जाने के लिए बाध्य हो जाएंगे. अंत में जिला अध्यक्ष ने विद्वान अधिवक्ता गणों एवम आम जनता(पक्षकार) से धैर्य पूर्वक सहयोग करने की याचना किया एवम उन्होंने विद्वान अधिवक्ता गणों तथा पक्षकार गणों से हड़ताल के कारण उतपन्न असुविधाओं के लिए अग्रिम माफ़ी माँगा. बैठक में रिंकू,संदीप,अविनाश, रवि ,दरोगा,हिमांशु,दिपक, दिलीप,अभिषेक,सत्यप्रकाश, सौरभ, संतोष एवम समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थें.

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**कुल्टी :** आत्मदिशा सोशल वेलफेयर द्वारा कुल्टी रानीतलाब वर्क्स रोड



स्थित विस प्राइमरी स्कूल में रामचंद्रपुर स्थित नेता जी आई हॉस्पिटल के सहयोग से मोतियाबिंद आपरेशन के लिए रविवार को एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया.नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेल ग्रोथ वर्क्स के चिकित्सक डॉ एस मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समीप दीप जलाकर एवं स्वामी जी को माल्यार्पण कर किया. इस अवसर पर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं कुल्टी मदद फाउंडेशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर चौबे,रामचंद्र पुर नेता जो आई हॉस्पिटल के कैंप इंचार्ज राजेश चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे.इस अवसर पर आत्मदिशा सोशल वेलफेयर के अध्यक्ष प्रशांत सरकार,सचिव देवीदास राय ने अतिथियों का स्वागत साल एवं गुलदस्ता देकर किया.इस अवसर पर अतिथियों एवं सदस्यों द्वारा जरूरतमंद महिला एवं पुरुष को कम्बल एवं साड़ी प्रदान कर सहयोग किया गया.आत्मदिशा के सचिव देवीदास राय ने बताया कि विगत 20 वर्षों से स्वामी विवेकानंद को जयंती पर प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद लोगों के लिए नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद आपरेशन के लिए जांच शिविर का आयोजन किया जाता है.इस वर्ष शिविर में कुल 137 लोगों की नेत्र जांच की गई. जिनमें 87 लोगों को नि:शुल्क रामचंद्र पुर नेता जी आई हॉस्पिटल में मोतियाबिंद आपरेशन किया जाएगा.सभी लोगों को नि:शुल्क ऑपरेशन,के साथ यातायात सुविधा एवं चश्मा दिया जायेगा. इस अवसर पर आत्मदिशा सोशल वेलफेयर के अध्यक्ष प्रशांत सरकार, सचिव देवीदास राय,कोषाध्यक्ष देवाशीष दास, निदेशक चंदन राय,अरिजीत बनर्जी,संदीप मुखर्जी,एवं प्रीतम माजी सहित स्थानीय विशिष्ट लोगों में सुकांतो सिन्हा, गोपीकृष्ण दत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे.

### मकर संक्रांति पर बाज़ारों में उमड़ी भीड़

**सिलीगुड़ी** : बांग्ला के बारह महीनों में तेरह पर्व होते हैं और इन 13 पर्वों में मकर संक्रांति उल्लेखनीय है. मकर संक्रांति पर चावल के आटे से विभिन्न व्यंजन बनाये जाते हैं. मकर संक्रांति के मद्देनजर सिलीगुड़ी के विभिन्न बाजारों में चावल का आटा बिक रहा है. चावल का पाउडर खरीदने के लिए खरीदारों की भीड़ देखी गयी. कीमत लगभग 100 रुपये प्रति किलो या उससे कुछ अधिक है. इस संबंध में व्यापारियों ने बताया कि बिक्री ठीक-ठाक शुरू हो गई है, उम्मीद है कि हर साल की तरह इस साल भी पौष संक्रांति के अच्छी बिक्री होगी.

# साइबर क्राइम पुलिस ने उत्तर प्रदेश से 4 जालसाजों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता:** राणाघाट साइबर क्राइम पुलिस ने उत्तर प्रदेश से 4 जालसाजों को गिरफ्तार किया है.उन्हें आज कल्याणी महकमा न्यायालय में पेश किया गया.5 जनवरी को एक व्यक्ति को उसके मोबाइल फोन पर मैसेज आया, जिसमें बताया गया कि उसे एसबीआई रिवार्ड्स की ओर से मैसेज मिला है और 14,453 रुपये का इनाम मिला है. उसके साथ एक लिंक आया, उसने उस पर क्लिक किया तो देखा कि एसबीआई का लिंक था, लेकिन उसने यूआरएल चेक नहीं किया. वहां एक ओटीपी आया. ओटीपी डालते ही उसके 50,000 रुपये डेबिट हो गए.



उसने तुरंत केस दर्ज कराया. साइबर क्राइम में शिकायत की. साइबर क्राइम की जांच करने पर पता चला कि उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति ने उनके खाते में पैसे डाले थे. उसने आठ मिनट के भीतर एटीएम से पैसे निकाल लिए. सीसीटीवी फुटेज देखकर एटीएम की पहचान की गई. इस व्यक्ति का नाम जतिन सिंह है. उससे पूछताछ के बाद राणाघाट की साइबर क्राइम पुलिस ने तीन और लोगों को गिरफ्तार किया. उनके पास से कई एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. जांच में पता चला कि उन्होंने देश के दूसरे हिस्सों में भी इसी तरह की धोखाधड़ी की है. उन्हें आज कल्याणी महकमा न्यायालय में पेश किया गया.

### बम विस्फोट में बालक घायल

**कूचबिहार** : कूचबिहार जिले के माथाभांगा के हजाराहाट ग्राम पंचायत इलाके में खेलते समय बम फटने से एक 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह चंद्रकुमार बर्मन नाम का 10 वर्षीय बालक अपने घर के पास बगीचे में दोस्तों के साथ खेल रहा था. तभी बगीचे में पहले से मौजूद एक बम फट गया. स्थानीय लोगों ने उसे लहूलुहान हालत में तुरंत अस्पताल पहुंचाया. लड़के के हाथ और पैर में चोटें आईं हैं.प्रारंभिक अनुमान लगाया जा रहा कि खेलते समय लड़के का पैर बम पर पड़ गया जिससे बम फट गया.

## पानी की बर्बादी पर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण को लेकर लोगों ने किया सड़क जाम

**जलपाईगुड़ी :** राज्य की मुख्यमंत्री ने पहले ही प्रशासन को पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है. दक्षिण बंगाल में पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है.

हालाँकि, उत्तर बंगाल के विभिन्न जिला प्रशासन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा है, क्योंकि यहाँ पानी लगातार बर्बाद हो रही है .न सिर्फ पीने का पानी बर्बाद हो रहा है, बल्कि सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं. इसी को लेकर धूपगुड़ी नगरपालिका के वार्ड नंबर एक भवाल पाड़ा के निवासियों ने सोमवार सुबह सड़क जाम कर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण करने की कोशिश की . स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर जहां लंबे समय से पीने का पानी बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी ओर सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं. धूपगुड़ी नगरपालिका के वार्ड नंबर एक, भवाल पाड़ा के निवासियों ने सड़क जाम कर नगरपालिका और प्रशासन के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया.स्थानीय निवासियों ने धूपगुड़ी अस्पताल से गदांग तक सड़क को अवरुद्ध करके विरोध प्रदर्शन में भाग लिया. घेराबंदी लंबे समय तक चली. नाकेबंदी के कारण स्कूल बसों सहित कई वाहन फंसे हुए हैं. स्थानीय निवासियों का दावा है कि यहां सरकारी प्राथमिक विद्यालय, निजी विद्यालय और आईसीडीएस केंद्र एक साथ हैं. स्वाभाविक रूप से माता-पिता को अपने बच्चों के साथ स्कूल पहुँचाने के लिए पैदल यात्रा करनी पड़ती है.इसके बावजूद स्थानीय निवासी पेयजल की बर्बादी को तत्काल रोकने और सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर पथ अवरोध में शामिल हो गए हैं. सूचना मिलने पर धूपगुड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर भी अपना गुस्सा जाहिर किया.

## पश्चिम बंगाल नस्या शेख उन्नयन परिषद की ओर से 12 सूत्री मांगों को लेकर निकाली गई रैली

**जलपाईगुड़ी :** मुस्लिम समुदाय शरिया कानून का पालन करता है. वक्फ संपत्ति से संबंधित मामलों में जिलाशासक मजिस्ट्रेट कौन होता है? उक्त बातें पश्चिम बंगाल नस्या शेख उन्नयन परिषद के सदस्यों ने कही. उन्होंने ने कहा सरकार ने 2 करोड़ के बाद राज्य को पैसा नहीं दिया है.सोमवार को पश्चिम बंगाल नस्या शेख उन्नयन परिषद जलपाईगुड़ी और कूचबिहार की ओर से जलपाईगुड़ी राजबाड़ी गेट से सटे इलाके से जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय तक काफी विशाल रैली निकली गई. रैली विभिन्न मार्गों की परिक्रमा करते हुए जिलाशासक कार्यालय पहुंची और 12 सूत्री मांगों को लेकर जिलाशासक को एक ज्ञापन सौंपा गया.

बारह मांगों में से एक मांग यह है कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए वक्फ अधिनियम को वापस लिया जाए, साथ ही जिला मजिस्ट्रेट द्वारा वक्फ संपत्ति के संबंध में कोई निर्देश जारी न किया जाए, क्योंकि मुस्लिम समुदाय इन वक्फ संपत्तियों से संबंधित मुद्दों को शरिया कानून के अनुसार हल करता रहा है. इसके अलावा राज्य सरकार से उत्तर बंगाल में नास्यशेख उन्नयन परिषद का कार्यालय शीघ्र स्थापित करने की मांग की गई.

आज ज्ञापन देने के कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे परिषद की केंद्रीय समिति के सदस्य अमीनल हक ने की. उन्होंने ने कहा कि, अगर किसी अन्य विकास बोर्ड का अध्यक्ष डीएम नहीं है, तो हमारे नस्यशेख उन्नयन परिषद का अध्यक्ष डीएम कैसे बन सकता है? साथ ही जब हमने विकास के लिए परिषद बनाई थी तो हमें 2 करोड़ रुपए दिए गए थे, लेकिन उसके बाद राज्य सरकार ने और पैसे नहीं दिए.

### व्यक्ति ने की आत्महत्या

**हावड़ा** : जगतबल्लभपुर थाना के मायदा तेलीहाटी स्थित एक तालाब में कूदकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली. घटना रविवार रात की है. घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन रात होने के कारण व्यक्ति को निकाला नहीं जा सका. पुलिस ने फिर सोमवार सुबह दो घंटे में खोजी अभियान चलाकर गोताखोरों की मदद से उसे निकाला. समाचार लिखे जाने तक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी थी. पुलिस मामले की जांच कर इस बात का पता लगाना चाहती है कि उस व्यक्ति ने अपनी जान क्यों दी और वह कहां का रहनेवाला था?

## मगध विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**युवाशक्ति न्यूज**
**पटना/गया**: मगध विश्विद्यालय, बोधगया अन्तर्गत शिक्षा विभाग के राधाकृष्णन सभागार में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर प्रबंधन विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता स्वामी विवेकानंद गिरि, महंत, श्री बड़ी कालीजी मंदिर, लखनऊ एवं अध्यक्षता प्रो एसपी शाही, कुलपति, मगध विश्विद्यालय, बोधगया उपस्थित हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया.आईक्यूएससी के समन्वयक एवं इतिहास विभाग के




विभागाध्यक्ष प्रो मुकेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विवेकानंद जी के जीवनी पर अपना विचार रखा.मुख्य वक्ता स्वामी विवेकानंद गिरि ने कहा कि सभी धर्म सत्य के विभिन्न मार्ग हैं. आज की धार्मिक असहिष्णुता के माहौल में विवेकानंद का संदेश सामाजिक शांति और सौहार्द को बनाए रखने का मार्ग दिखाता है.आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास आज के युवाओं के लिए सफलता की कुंजी है. विवेकानंद का विश्वास, खुद पर भरोसा करो, हर व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है.अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कुलपति प्रो एसपी शाही ने कहा कि शिक्षा का उदेश्य केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण होना चाहिए.आज के परीक्षा केंद्रित समाज में उनकी यह सोच बच्चों और युवाओं में व्यवहारिक कौशल और नैतिकता विकसित करने की प्रेरणा देती है. प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉ गोपाल सिंह ने कहा कि युवा वर्ग को दिशा देने की जरूरत है,महिलाओं को समान अवसर और शिक्षा देने से समाज का विकास होता है, विवेकानंद की यह सोंच आज के लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए अत्यंत प्रासंगिक है. मंच का संचालन गृह विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दीप शिखा पांडेय के किया. प्रबंधन विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग के बहुत सारे छात्र छात्राओं की उपस्थिति हुए.

## एनटीपीसी बरौनी ने जीता सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय जल प्रबंधन पुरस्कार



**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो) :** एनटीपीसी बरौनी के स्टेज-2 (2250 मेगावाट) को काउंसिल ऑफ एनवायर्नमेंटल एक्सीलेंस (सीईई), मुंबई द्वारा सतत संचालन के लिये 250-500 मेगावाट कोयला श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय जल कुशल इकाई पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित तृतीय नेशनल पावर-जेन वाटर अवार्ड 2025 में प्रदान किया गया.पुरस्कार वितरण समारोह में अनिल राजदान, पूर्व ऊर्जा सचिव, भारत सरकार एवं पंकज बत्रा, पूर्व अध्यक्ष केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने एनटीपीसी बरौनी के प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, अपर महाप्रबंधक (पर्यावरण एवं राख प्रबंधन) को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया. इस उपलब्धि पर परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने कहा कि यह पुरस्कार जल प्रबंधन में असाधारण प्रदर्शन और उत्कृष्ट उपलब्धियों को उजागर करता है, जो जल दक्षता और बिजली उत्पादन में स्थायी जिम्मेदारी पूर्ण निर्वाधन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है.एनटीपीसी बरौनी की इस उपलब्धि ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में उसकी अग्रणी भूमिका को और भी मजबूत किया है. एनटीपीसी बरौनी का भविष्य में भी यह प्रयास रहेगा कि जल प्रबंधन एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति सदैव मानक अनुरूप ही उत्पादन सुनिश्चित हो.

### संजय कुमार सिंह निर्विरोध महामंत्री निर्वाचित



**पटना (युवाशक्ति न्यूज) :** दिनांक 12/01/25 को बिहार राज्य वाणिज्य कर अराजपत्रित संघ का राज्यस्तरीय चुनाव विधिवत वाणिज्यकर कार्यालय पटना सिटी स्थित परिसर में सम्पन हुआ,जिसमें संजय कुमार सिंह निर्विरोध महामंत्री निर्वावित किए गए, साथ ही राज्याध्यक्ष कन्हैया कुमार एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार निर्वाचित किए गए.इन लोगों के निर्वाचित होने से सुभचिंतकों में खुशी की लहर है.

### कुल्टी अग्निवीणा शिल्प चर्चा केंद्र का 19वां दो दिवसीय वार्षिक समारोह संपन्न



**कुल्टी** : कुल्टी अग्निवीणा शिल्प चर्चा केंद्र का 19वा दो दिवसीय वार्षिक समारोह रविवार को देर रात कुल्टी क्लब में सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ.इस अवसर पर पश्चिम बर्दवान जिला के विशिष्ट व्यक्तियों सहित जिले के लगभग 300 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया.अग्निवीणा के दो दिवसीय समारोह के अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया.उसके बाद अतिथियों को अग्नीबीना की निदेशक रंजना भट्टाचार्य ने गुलदस्ता, मोमेंटो, एवं उतरिए देकर सम्मानित किया.इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में जिला सभाधिपती विश्वनाथ बाउरी, मैथन एलॉय के चेयरमैन एवं विशिष्ट समाजसेवी सुभाष अग्रवाल,कुल्टी मदद फाउंडेशन के संस्थापक एवं वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर चौबे,जानेमाने चिकित्सक डॉ सतर्जित राय, समाजसेवी सुबल चक्रवर्ती, अधिवक्ता सव्यसाची चटर्जी, सेल राइट्स के महाप्रबंधक उज्ज्वल मुखर्जी, बीसीसीएल दामगोडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र तिवारी सिटी केबल के निदेशक जयदीप मुखर्जी सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.कार्यक्रम का संचालन जयदीप मित्रा ने किया.दो दिवसीय समारोह के दौरान अग्निवीणा के साथ कुल्टी के विभिन्न स्कूलों एवं समाजसेवी संगठन के लगभग 300 छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लिया.इस अवसर पर मदद फाउंडेशन महिला प्रशिक्षण केंद्र द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता, कन्या गुरुकुल,डी कोजी स्कूल, सहित विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया.साथ बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया.प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया.अग्निवीणा की निदेशक रंजना भट्टाचार्य ने बताया कि भारत की पारंपरिकी नृत्य संगीत की संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए विगत 20 वर्षों से अग्निबीना उत्सव के माध्यम से कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाता है.

# बरौनी रिफाइनरी मनाने जा रही है अपनी हीरक जयंती

## उत्कृष्टता और आत्मनिर्भरता के गौरवशाली 60 वर्ष का सफर तय

**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो)** : इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी, जिसने 1965 में राष्ट्र को समर्पित होकर अपनी यात्रा प्रारंभ की. इस वर्ष अपनी हीरक जयंती मना रही है. बरौनी रिफाइनरी की स्थापना बिहार में होना बिहार के पहले मुख्यमंत्री, श्रीकृष्ण सिंह की दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है. श्रीकृष्ण सिंह के प्रयासों और उनकी रणनीतिक सोच ने बरौनी रिफाइनरी को एक ऐसा औद्योगिक केन्द्र बनाया,जिसने न केवल बिहार बल्कि पूरे पूर्वी भारत की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. तत्कालीन सोवियत संघ के सहयोग और रोमानिया की सीमित भागीदारी से 49.4 करोड़ रुपये की लागत पर स्थापित इस रिफाइनरी ने 1964 में उत्पादन शुरू किया. बिहार के बेगूसराय जिले में गंगा नदी के किनारे स्थित यह रिफाइनरी न केवल भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में बल्कि बिहार के सामाजिक और औद्योगिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है.अपने 60 वर्षों के सफर में बरौनी रिफाइनरी ने ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज कल्याण और क्षेत्रीय विकास में भी अतुलनीय योगदान दिया है. शुरुआत में 1.0 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) की क्षमता के साथ शुरू हुयी इस रिफाइनरी ने समय के साथ अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर वर्तमान में 6.0 एमएमटीपीए तक पहुंचाया है. भारत के ऊर्जा मानकों को पूरा करने के लिये इसे समय-समय पर उन्नत किया गया. 2002 में हाई सल्फर क्रूड के प्रसंस्करण के लिये प्रमुख इकाइयों को जोड़ा गया. 2010 में रिफाइनरी ने बीएस-खखख



ईंधन उत्पादन के लिये एमएसक्यू परियोजना शुरू की. बरौनी रिफाइनरी ने बीएस- खत अपग्रेडेशन के तहत मौजूदा डीएचडीटी,प्राइम जी और एनएसयू इकाइयों का आधुनिकीकरण किया, साथ ही नई सीसीआरयू,एनएसयू और प्राइम जी इकाइयों की स्थापना की. इन संशोधनों के परिणामस्वरूप मोटर स्पिरिट और हाई-स्पीड डीजल का उत्पादन संभव हुआ. बरौनी रिफाइनरी बीएस-तख मानकों का पालन करने वाले स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल ईंधन का उत्पादन कर रही है. 2022 में एविएशन टर्बाइन फ्युल के उत्पादन के लिये इंडजेट यूनिट की स्थापना 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित मोटर स्पिरिट (ईबीएमएस-20) का उत्पादन और 9.0 एमएमटीपीए क्षमता विस्तार परियोजना का शुभारंभ इस रिफाइनरी की निरंतर प्रगति का प्रमाण है. बरौनी रिफाइनरी बिहार की औद्योगिक शक्ति और भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का एक महत्वपूर्ण केंद्र है. यह रिफाइनरी न केवल बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की ईंधन आवश्यकताओं को पूरा करती है, बल्कि नेपाल को भी ईंधन और एलपीजी की आपूर्ति करती है. इसके उत्पादों में डीजल, पेट्रोल, विमान ईंधन, एलपीजी, नाफ्था, और बिटुमेन जैसे उत्पाद शामिल है. यह रिफाइनरी बिहार की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और क्षेत्रीय रोजगार के अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रही है.बरौनी रिफाइनरी 15 जनवरी 2025 को अपनी हीरक जयंती मनाने जा रही है. 60 वर्षों का यह सफर न केवल भारतीय ऊर्जा क्षेत्र की एक अद्भुत उपलब्धि है, बल्कि बिहार के विकास और आत्मनिर्भरता का भी प्रतीक है. इसने बिहार और पूरे देश में सामाजिक और आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. हीरक जयंती का यह अवसर बरौनी रिफाइनरी के गौरवशाली इतिहास और उज्ज्वल भविष्य की कहानी को प्रस्तुत करता है.

## न्यूज कॉर्नर

### दीक्षा महिला मंडल के तत्वाधान मे असहाय महिलाओं के बीच खाद्य सामग्री का वितरण



**धनबाद** : सिजुआ मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर स्टाफ रिक्रिएशन क्लब सिजुआ के प्रांगण में दीक्षा महिला मंडल के तत्वाधान में प्रज्वला महिला मंडल, सिजुआ क्षेत्र के द्वारा 30 असहाय महिलाओं के बीच खाद्य सामग्री चूड़ा, दही, गुड़, तिलकुट, 1 किलो चावल, आधा किलो अरहर दाल, आधा किलो मूंग दाल, एक लीटर सरसों तेल, 1 किलो प्याज, 1 किलो आलू इत्यादि का वितरण किया गया. इसके पूर्व समिति की अध्यक्ष श्रीमती शशि प्रसाद ने सभी महिलाओं को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी और कहा समिति इस तरह का सामाजिक कार्य करती है और आने वाले दिनों में भी करती रहेगी.यह सारा सामाजिक कार्य दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष, श्रीमती मिली दत्ता की दिशा निर्देश तथा मार्गदर्शन में किया जाता है. इस अवसर पर समिति के सदस्य सुलक्षणा सिंह, तरुरींळ कुंडू, बोनोश्री नंदा, बबिता दास,नूतन जोशी, कंचन भारती, कंचन मिश्रा, माया सिंह, वंदना, विश्वकर्मा आदि उपस्थित थी. मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर खाद्य सामग्री पाकर महिलाओं ने प्रज्वला महिला मंडल, सिजुआ क्षेत्र को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया.

### पेट्रोल पंपों पर चलाया नो हेलमेट – सीटबेल्ट, नो फ्यूल अभियान



**धनबाद:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार धनबाद के सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट - सीटबेल्ट, नो फ्यूल अभियान चलाया गया.अभियान के दौरान पेट्रोल पंप संचालक को कहा गया कि अब से बिना हेलमेट और सीटबेल्ट वालों को पेट्रोल न दे. साथ ही साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति, हिट एंड रन के प्रति तथा गुड समेरिटन के बारे में समझाकर जागरूक भी किया गया. लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई.मौके पर एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार एवं डीटीओ कार्यालय के कर्मी मौजूद थे.

### जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने तीन लोगों को आर्म्स एक्ट के आरोप में गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** सोमवार को जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने जीआर 192/20 गैर जमानतीय वारंटी छोटा पंचगढ़ निवासी दीनानाथ यादव उम्र 58 एवं जीआर 193/20 के गैर जमानतीय वारंटी छोटा पंचगढ़ निवासी बबुआ कुमार उर्फ अजय यादव उम्र 22 को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर लिया. वहीं थाना कांड संख्या 208/24 के आर्म्स एक्ट आरोपी कबूतरखोपी निवासी पंकज कुमार उम्र 20 को गिरफ्तार कर लिया. जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह ने बताया कि तीनों को चिकित्सकीय जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

### बोरियो थाना पुलिस ने मानव तस्करी के आरोप में एक को गिरफ्तार किया

**साहिबगंज** : बोरियो थाना पुलिस ने मानव तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. मिली जानकारी के अनुसार आहतू थाना कांड संख्या 01/25 के आरोपी तालझारी थाना क्षेत्र के झीनगानी, बांझी निवासी श्रीराम टुडु उर्फ सुभाष को पुलिस ने गुप्त सूचना पर दबोच लिया. पुलिस ने आरोपी को जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

### मुखिया ने किया कंबल का वितरण




**उधवा :** प्रखंड के मोहनपुर पंचायत सचिवालय में सोमवार को मुखिया भैया किस्कू व पंचायत सचिव मोनिका मूर्मू के द्वारा असहाय,जरूरतमंदों,वृद्ध महिला व पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया. मुखिया भैया किस्कू ने कहा कि प्रखंड प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को जरुरतमंद व असहाय लोगों के बीच वितरण किया गया है. कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी. वहीं पंचायत सचिव मोनिका मूर्मू ने कहा कि सरकार के तरफ़ से जो भी कंबल दिया गया है. उसे जरूरतमंदों व असहाय लोगों के बीच वितरण कर दिया गया. उन्होंने बताया कि सभी वार्ड सदस्यों को भी कंबल उपलब्ध करा दिया गया है. सभी वार्ड सदस्यों को भी बढ़ती ठंड को देखते हुए जल्द से जल्द कंबल वितरण करने की बात कही है. इस मौके पर उप मुखिया प्रतिनिधि धर्मराज मंडल,ग्राम प्रधान साहेब राम मूर्मू,स्वयं सेवक संजय टुड्डु, पूर्व उप मुखिया ओमप्रकाश साहा, वार्ड सदस्य जेलनूर बीबी,साहेब मूर्मू व सैनूर बीबी सहित अन्य थे.

# नगर निकाय चुनाव को लेकर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार पर जताई नाराजगी, निर्वाचन आयोग को भेजा नोटिस

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में राज्य में नगर निकायों का चुनाव नहीं कराए जाने पर दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई.राज्य सरकार के जवाब के बाद अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अवमानना का मामला बनता है. अदालत ने कहा कि एकलपीठ के आदेश के खिलाफ अपील में खंडपीठ ने भी कहा है कि ट्रिपल टेस्ट की आड़ में चुनाव को रोका नहीं जा सकता.अदालत ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसा नही निर्णय दिया है. ऐसे में कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करना अवमानना का मामला बनता है.अदालत ने मामले में निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. मामले में अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की गई है.सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया कि नगर निकायों का चुनाव ट्रिपल टेस्ट के बाद ही कराया जाएगा. ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया जारी है.

जबकि राज्य चुनाव आयोग की ओर से अदालत को बताया गया कि निर्वाचन आयोग ने अभी तक नया वोटर लिस्ट उपलब्ध नहीं कराया है.राज्य सरकार भी सहयोग नहीं कर रही है. इसलिए चुनाव नहीं कराया जा सका है. इसके बाद अदालत ने निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया.पूर्व पार्षद ने दाखिल की है अवमानना याचिका इस संबंध में पूर्व पार्षद रोशनी खलखो और अन्य ने अवमानना याचिका दाखिल की है. प्रार्थी की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि एकलपीठ ने



चार जनवरी 2024 को राज्य में तीन सप्ताह में नगर निकायों का चुनाव कराने का निर्देश दिया था.इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने अपील करते हुए खंडपीठ में याचिका दायर की थी. खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद एकलपीठ के आदेश को सही बताया और सरकार की अपील याचिका खारिज कर दी थी. उसके बाद भी ट्रिपल टेस्ट के नाम पर सरकार निकाय चुनाव नहीं करा रहा है.नगर निकाय चुनाव के लिए कमर कस लें कार्यकर्ता : प्रसाद उधर, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं से नगर निकाय चुनाव के लिए कमर कस लेने को कहा गया.

कांग्रेस भवन रांची में रविवार को हुई बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 73वें और 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायत राज और नगर निकाय व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिला.

इसके लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की महित भूमिका रही. उन्होंने आरजीपीआरएस के सभी सदस्यों को जमीनी स्तर पर कार्य करने पर बधाई दी.वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी श्रीवेला प्रसाद ने भी नगर निकाय चुनाव हेतु कार्यकर्ताओं को कमर कस लेने को कहा और इस हेतु कुछ टास्क भी सुझाए.इसके बाद राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने कहा कि हम जल्द ही पंचायती राज मंत्री से मिलकर पंचायत सचिवालयों में ही रहे पंचायत सचिव के रहने को लेकर एक इस ओर सरकार का ध्यान दिलाएंगे जिससे की राज्य के सभी पंचायत सचिव को मिल रहे मकान किराया भत्ता की बचत होगी.

इसके अलावा विभिन्न जिलों में बैठकों की तिथि निर्धारित की गई. झारखंड पंचायती राज नियमावली 2001 में संशोधन के कुछ सुझावों से भी सरकार को अवगत कराया जाएगा.इससे त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था की जनप्रतिनिधियों को ज्यादा लाभ मिल सके. डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू ने कहा कि यह संगठन कांग्रेस की नींव है जो अपने दायित्वों को बखूबी निभा रही हैं.

## न्यू जोहरी बाजार व बीएलबीएल में द ग्रेट डायमंड फेस्टिवल का आयोजन

**धनबाद**: सोमवार को सरायढेला स्थित आभूषण व कपड़ा प्रतिष्ठान बीएलबीएल में प्रेस वार्ता आयोजित कर सीनियर मैनेजर रूपेश कुमार ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी न्यू जौहरी बाजार बैंक मोड़ और बीएलबीएल सरायढेला में द ग्रेट डायमंड फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया जा रहा है. इस ऑफर में ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी पर 20% की छूट मिलेगी, साथ ही डायमंड ज्वेलरी के डिस्काउंटेड बिल वैल्यू का 5% गिफ्ट वाउचर मिलेगा, जिसे कपड़ों के सेक्शन में भुनाया जा सकेगा. बताया कि यह ऑफर 15 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी 2025 तक चलेगा. यह ऑफर दोनों स्टोर में चलेगा. ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रतिष्ठान सातों दिन खुले रहेंगे. झारखंड में पहली बार 925 स्टर्लिंग सिल्वर



ज्वेलरी की पूरी रेंज पेश की गई है,जिसे देखकर मंत्रमुग्ध हो जाएंगे. ऑफर का लाभ उठाने के लिए स्टोर पर जाना होगा. डिजाइनर लहंगे, साड़ी, कुर्तियां और गाउन, सूट, वेस्टर्न ड्रेसेस की विस्तृत रेंज यहां उपलब्ध है. डिजाइनर की मदद से सिलाई की सुविधा भी है. यहां रोजाना ज्योतिषी से भी सलाह ले सकते हैं. बच्चोंके लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया प्लेरूम भी है जहाँ अपने बच्चों को बेबीसिटर के साथ छोड़ सकते हैं और आराम से खरीदारी कर सकते हैं. यहाँ आभूषण और कपड़े देखने के लिए अलग-अलग लाउंज हैं.यह शोरूम झारखंड में ज्वैलरीऔर कपड़ों का सब से बड़ा शोरूम है. यहां उन्नयन बचत योजना (11+1 निःशुल्क) है, जहां आप अपने सपनों के गहनोंकी योजना पहले से बना सकते हैं. यह स्टोर कुंदन, अनकट पोल्की, जड़ाऊ, एंटीक, प्लेनगोल्ड, टर्की, पन्ना, प्लेटिनम और कई अन्य के उत्कृष्ट संग्रह का केंद्र है. यहां पुराने गोल्ड एक्सचेंज और जर्मन कैरेटोमीटर से मूल्यांकन पर पूरी पारदर्शिता की सुविधा है.स्टडेक्स इंडिया द्वारा कान छिदवाने का काम बहुत सावधानी से किया जाता है. एकानी और मोमेंट्ज़ की ओर से उपहार वस्तुओं का सबसे बड़ा संग्रह. हम एमएमटीसी सिक्कों के अधिकृत विक्रेता हैं. स्टोर मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि खरीदारी छोटी हो या बड़ी, न्यू जौहरी बाजार और बुलाकी लाल बलरामलाल एंड संस में हार्दिक स्वागत है.

## एन एस यू आई ने जलाया कार्मल के प्रिंसिपल का पुतला

### बर्खास्त करके जेल भेजने की मांग



**धनबाद** :सोमवार को एनएसयूआई नेता राज रंजन सिंह के द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर कार्मल प्रबंधक का पुतला दहन किया. पुतला दहन करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की तथा यह कहा कि बेटियों के इस अपमान में स्कूल के प्रिंसिपल सहित जो भी दोषी है उन्हें कड़ी से कड़ी सजा हो उन्हें केवल उनके पद से निष्कासित नहीं कानून के तहत उन्हें कड़ी से कड़ी सजा,मामला नाबालिक छात्राओं के साथ हुआ है इसलिए पोस्को की धाराओं में जेल भेजा जाए और ऐसी सजा हो, जो पूरे देश में एक मिसाल बने और कोई भी व्यक्ति और कहीं का भी प्रबंधक ऐसी घटनाओं को अंजाम देने से पहले 100 बार सोचे. एन एस यू आई नेताओं ने प्रेस से वार्ता में कहा कि उन्होंने पहले ही 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है. अगर उस समय के दर्भियान अगर किसी प्रकार की कोई निष्कर्ष फैसला नहीं आता है तो एनएसयूआई छात्र संगठन वहां जाकर तालाबंदी और कॉलेज प्रबंधन को घेरने का काम करेगी .मौके पर मौजूद एन एस यू आई छात्र नेता राज रंजन सिंह ने कहा कि जब भी किसी मिशनरी स्कूल पर कोई आरोप लगता है तो वह पैसे और रसूख के दम पर उसे मैनेज करने में लग जाते हैं, इस बार भी कार्मल स्कूल के जैसे प्रबंधन 11 वीं की सीनियर छात्राओं को मार्क्स बढ़ाने और आगे की शिक्षा में मदद करने का प्रलोभन देकर प्रिंसिपल के पक्ष में बयान देने को बोल रहे हैं, स्कूल के द्वारा संडे को छात्राओं को बुलाकर यह सिखाया गया की जांच टीम के सामने किस प्रकार से पीड़ित छात्राओं को ही गलत साबित करना है, धनबाद की बेटियों की यह लड़ाई जारी रहेगी और हमारा मांग है की प्रिंसिपल को तत्काल पोस्को के तहत गिरफ्तार किया जाए, और मामले के लीपा पोती में लगे सभी लोगों को जेल भेजा जाए . उचित कार्रवाई नहीं होने पर स्कूल के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा.मौके पर सनी सिंह, राज रंजन सिंह, अनिकेत कुमार, रोशन कुमार सोहेल अली देवांश वर्मा,अमन कुमार, आयुष्य कुमार,आयुष कुमार दीपक कुमार समेत अनेक एन एस यू आई के छात्र सदस्य मौजूद थे.

### रॉबिन हुड आर्मी ने बालिदिह गाँव में ग्रामीणों के साथ मनाया पिकनिक

**जमशेदपुर** : रॉबिन हुड आर्मी ने बालिदिह गाँव, गितिलता में एक अनोखे पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 500 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया. यह कार्यक्रम ग्रामीण समुदाय के साथ जुड़ने और उनके जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें क्रिकेट और म्यूजिकल चेयर गेम, सीपीआर सत्र, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र, और बच्चों को पुरस्कार वितरण शामिल था., जिन्होंने जोनल ट्रायल्स में सफलता प्राप्त की है और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं. रॉबिन हुड आर्मी के अरुण ठाकुर, भवानी शंकर, अंकुर, मिशुख, महावीर, अरविंद, अभिषेक बर्नार्ड, और अन्य कई सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और ग्रामीणों के साथ जुड़कर उनके जीवन में सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास किया. इस कार्यक्रम के माध्यम से रॉबिन हुड आर्मी ने ग्रामीण समुदाय के साथ अपनी जुड़ाव को मजबूत किया और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अपनी प्रतिबद दोहराया.

## सरायकेला में फोटोग्राफर की स्टूडियों में गोली मारकर कर दी गई हत्या

**सरायकेला** : सरायकेल खरसावां जिला के चांडिल थाना क्षेत्र के निवासी दिलीप गोराई 59 वर्षीय को आज सुबह 11.05 मिनट में बाईक सवार दो लोगों पहुंचे और स्टूडियो के अंदर फोटोग्राफी करने समय पिस्टल द्वारा सिर में सटा कर गोली मार कर हत्या कर दिया ओर बाइक पर सवार होकर चांडिल स्टेशन की तरफ चलते बने . परिवार के लोगों ने जब आवाज सुनते ही दूसरी मंजिल से सीढ़ी से उतर कर स्टूडियो रूम देखा संचालक खून से लतपथ पड़े हे, बेटी ने जैसे ही सीढ़ी से नीचे उतरने लगा तो देखा दो लोग बाहर की भाग रहे थे. आज शाम रांची विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला, झारखण्ड द्वारा पहुंचकर जांच में जुट गए, घटना स्थल पर खून ओर चप्पल टोपी, निकॉन की कैमरा पर्स में पड़ा मिला साथ ही एक पिस्टल से चली गई खोखा बरामद किया गया . शाम 6.30 बजे तक फॉरेंसिक टीम आपने अनुसंधान जारी रखा ,अनेको सबूत संग्रह कर लिया गया. सूत्र के अनुसार कल्पना स्टूडियो के संचालक दिलीप गोराई द्वारा फोटो किलिक करने के प्रश्चात एक व्यक्ति ने सिर पर पिस्टल सटा कर गोली मार दिया जिसे घटना स्थल पर दहने की तरफ गिरा जहां खून बहने लगा . दूसरी ओर निकॉन कैमरा गिरा हुआ था. इसे साफ जाहिर हे पूरी तैयारी करके पहुंचा था



अपराधी ओर आपने पूरे काम को अंजाम दे कर चला गया .पुलिस को एक बड़ी चुनौती मिली दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या जिसको सुझलाने में जिला पुलिस वल द्वारा विभिन्न दुकान के सीसीटीवी कैमरा ओर में भागते हुए पुटेज को खंगाल रहा हे. दिलीप गोराई द्वारा खींचे गए अपराधी युवक का तस्वीर सामने आए लेकिन पुलिस अबतक कोई पुष्टि नहीं किया , अनुसंधान आगे जारी रखा दूसरा पत्नी बिना देवी द्वारा चांडिल थाना में एक लिखित रूप से मामला दर्ज किया . श्रश्रउसका कहना हे मेरा पति को कुछ समय पहले फोन पर धमकी मिला था , जिसका जिक्र मेरा पति ने हमे साझा किया था . पहला पत्नी पूर्णिमा मछुआ से दिलीप गोराई का लव मैरेज हुआ था .

जिसका दो पुत्र था पहला बेटा एक विकलांग जो नहीं रहे दूसरा बेटा राकेश गोराई वर्तमान में हे . 10 वर्षों पहले पूर्णिमा मछुआ से कोर्ट से तलाक हुआ था , गोराई ने दस लाख रुपया लेकर पहला पत्नी को तलाक कोर्ट से मिला था . राकेश गोराई चांडिल बाजार में चिकन का दुकान चलता हे . चांडिल पुलिस द्वारा पूछ ताज के लिए बुलाया गया . घटना जांच के क्रम में चांडिल थाना प्रभारी दिलशान विरुआ ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे, तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चंद्र महतो ,ओर फॉरेंसी टीम मौजूद थे.

### ग्राम प्रधान को मारी गोली, घायल



**साहिबगंज** : मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के महादेववरण मौजा के ग्राम प्रधान होली कोड़ा को सोमवार की सुबह 6 बजे बदमाशों ने ग़ोली मार दी. जिसके बाद आननफानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया. सदर अस्पताल में होली कोड़ा ने बताया कि महादेववरण 4 नंबर निवासी पवन पंडित व मिर्जाचौकी के एक युवक सीटी के साथ मॉर्निंग वॉक करने गए थे. लौटते समय झाड़ियों में से एक आदमी निकल कर ग़ोली चलना शुरू कर दिया. उक्त व्यक्ति बिहार, बाबूपुर के राजेन्द्र बीन का दोस्त है. उक्त व्यक्ति को बाबूपुर के मुखिया सुनील सिंह के साथ देखे थे. बताया कि कोई मिर्जाचौकी बाजार में रैयतों की हड़पना चाहता था. जिसका उन्होंने लगातार विरोध किया था. प्रधान ने बताया कि बाबूपुर मुखिया प्रतिनिधि व राजेंद्र बीन का दोस्त ही इस घटना का जिम्मेवार है.

## सांसद राजमहल विजय कुमार हांसदा की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न

**साहिबगंज :** राजमहल के सांसद एवं दिशा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष विजय कुमार हांसदा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई. जिले में चल रही विकास योजनाओं का मूल्यांकन और उनके क्रियान्वयन की निगरानी करना. विधायक राजमहल ताजुद्दीन,उर्फ राजा बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कु, जिला दंडाधिकारी- सह-उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों, और दिशा समिति के सदस्यों ने भाग लिया. समग्र विकास की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की. दिशा समिति का गठन यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी और प्रभावी तरीके से हो. इसके साथ ही, यह समिति जिले की जनता को योजनाओं का लाभ पहुंचाने और प्रशासनिक अक्षमताओं को दूर करने का मंच प्रदान करती है. केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं जिला में विकासशील कार्यों को को बढ़ावा देना है. सांसद विजय कुमार हांसदा ने विकास कार्यों में पारदर्शिता और समर्पण पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हमारे जिले के हर नागरिक को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिलना चाहिए. यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है कि विकास कार्यों में देरी या लापरवाही न हो.उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और यह सुनिश्चित करें कि विकास कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे हों. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं की समीक्षा की. राजमहल विधायक ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए राजमहल में अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र में खराब पड़े अल्ट्रासाउंड मशीन के विषय में बताया . जिस पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देशित करते हुए अगले 17



जनवरी से पूर्व जिले के सभी स्वास्थ्य संबंधित इक्विपमेंट्स को ठीक करने हेतु निविदा करने को कहा.

वही विधायक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि श्रीकुंड स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया है जो कार्यपालक अभियंता द्वारा स्वास्थ्य विभाग को हैंडोवर नहीं किया गया है .जिस पर निर्देशित करते हुए कार्यपालक अभियंता को अगले दो दिनों में हैंडोवर करने को कहा गया जिससे श्रीकुंड में सुचारू रूप से स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो सके.वहीं जिला परिषद अध्यक्षा मोनिका किस्कू द्वारा बताया गया कि बरहेट प्रखंड अंतर्गत छुछी पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र जर्जर की स्थिति में है. अच्छे से स्वास्थ्य केंद्र किसी अन्य गैर सरकारी भवन में कार्यरत है जिसका बकाया भुगतान अभी तक नहीं किया गया है उपायुक्त ने जल्द भुगतान करने को लेकर निर्देशित किए. सांसद श्री हांसदा द्वारा बताया गया कि जिले के ड्रग्स इंस्पेक्टर की बहुत सारी शिकायतें आ रही हैं जो अपने कार्य अधिकारों से बाहर जाकर कार्य कर रहे है . सांसद ने कड़ी हिदायत देते हुए ड्रग इंस्पेक्टर को अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया. सांसद द्वारा चिंता जताई गई की कोटलपोखर , राजमहल में आए दिन गोलीबारी एवं मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं जिस पर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए विधि व्यवस्थाओं को और सक्रिय करने हेतु कहा गया.बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए माननीय द्वारा ग्रामीणों के द्वारा काफी शिकायतों को बैठक में प्रदर्शित किया गया. जिनमें उन्होंने बताया कि बिजली बिल अधिकतम आने की समस्याएं आ रही हैं एवं ग्रामीणों के बीच पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं पहुंच रही है एवं बिजली कनेक्शन को लेकर बातें कहीं गई.

उपायुक्त ने बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए सभी प्रखंडों में पंचायत में कैंप लगाकर बिजली कनेक्शन फॉर्म भरे जाएंगे एवं अधिकतम बिजली बिल आने की जांच कर निराकरण करने हेतु कहा गया.राजमहल में होने वाली राजकीय माघी मेला व रामनवमी पर्व को लेकर को लेकर सभी बिजली के तारों को कवर करने हेतु कहा गया.समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान बोरियो विधायक ने घोषणा की कि बोरियों के राजस्व क्षेत्र में गर्ल्स हॉस्टल और बॉयज हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा. तथा बोरियो प्रखंड अंतर्गत हॉस्टल का मरम्मती कार्य किया जाएगा. इस कदम से क्षेत्र में शिक्षा की सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा और छात्र-छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधाएं प्राप्त होंगी. यह परियोजना छात्रों की शैक्षणिक उन्नति और सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखते हुए लागू की जाएगी.वही राजमहल विधायक राजमहल उधवा क्षेत्र में मिट्टी कटाव एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, जो क्षेत्र के पर्यावरण, कृषि, और बुनियादी ढांचे को प्रभावित कर रही है.

विशेष रूप से कन्हैया स्थान के पास मिट्टी कटाव को रोकना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह क्षेत्र धार्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है. उपायुक्त निर्देशित करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को त्वरित जांच कर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया.वहीं आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि ऐसे विकलांग व्यक्तियों, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है या राशन कार्ड बनाने में किसी कारणवश बाधा है, उन्हें अपवाद की श्रेणी में रखते हुए राशन उपलब्ध कराया जाएगा. यह कदम विकलांग व्यक्तियों की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं से वंचित न रहे.

# संपादकीय

कामयाब होने के लिए स्वयं पर भरोसा होना चाहिए

कोलकाता | मंगलवार | 14 जनवरी 2025

## धधकता लॉस एंजेलिस

लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फैलने और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है. जंगल की आग ने भड़कने के बाद कई शहरी इलाकों को चपेट में ले लिया. खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है. आलीशान बंगलों व सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाहा होने के साथ करीब बारह लोगों के मारे जाने की खबर है. करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है. दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है. लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाहा होते देख रहे हैं. जलवायु परिवर्तन के चलते लॉस एंजेलिस में मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जताई जा रही है. आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो. विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं. हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है. कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं. अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है. चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती. एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है. लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं. पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है. दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया. तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है. सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए. हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है. हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है. वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है. बारिश की कमी से सूखा और तेज हवाएं आग में घी का काम करती हैं. मौसम का गरम रहना व बारिश की कमी भी आग के लिए ज्वलनशील परिस्थितियां बनाते हैं. इस बार आग को भड़काने में सौ मील प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली सेंटा एना हवाओं की भी बड़ी भूमिका रही है. इस बार ये हवाएं असामान्य रूप से बहती रही हैं. इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है.

## मकर संक्रांति और सूर्य उपासना

– अंजनी सक्सेना

मानव-जीवन में सूर्य के महत्व से सब परिचित हैं. इस संसार का सम्पूर्ण भौतिक विकास ही सूर्य पर निर्भर है. संभवतः इसीलिए विभिन्न भारतीय धर्मग्रंथों में सूर्य की स्तुति एवं महत्ता का वर्णन किया गया है. श्रीमद्भागवत के अनुसार सूर्य द्वारा दिशा, आकाश, भूलोक, स्वर्ग और मोक्ष के प्रदेश, नरक एवं रसातल का विभाजन होता है. हिन्दू-धर्म में ही नहीं, अपितु अन्य धर्मों में भी सूर्य की बड़ी महिमा है. पारसियों की मान्यता है कि सूर्य देवता आरोग्य के दाता हैं तथा उनके प्रकोप से कुष्ठ आदि रोग होते हैं. भारतीय ग्रंथों में सूर्य को आरोग्य-दाता कहा जाता है. संक्रमण रोगों का प्रकोप ऐसे स्थानों पर होता है, जहां सूर्य की रश्मियां नहीं पहुंच पाती. सूर्य की रश्मियां पृथ्वी पर स्थित रोग-जनक कृमियों को नष्ट कर प्राणियों एवं वनस्पतियों को शक्ति प्रदान करती हैं. भारत में सूर्य-उपासना वैदिक काल से ही प्रचलित है. सूर्य-उपासक भगवान सूर्य को इस पृथ्वी का जनक, पालक और विनाशक मानते हैं. उनकी मान्यता है कि यदि सूर्य नहीं होता, तो न यह पृथ्वी होती और न ही जीवन होता. यह मान्यता विज्ञान के सिद्धांतों के भी बहुत निकट है. सूर्य-उपासक, सूर्य को आरोग्य-दाता मानते हैं. उनके अनुसार रक्त का पीलापन, पतलापन, उसमें लोहे की कमी, नसों एवं स्नायु की दुर्बलता,आंखों की कमजोरी, आधासीसी, कुष्ठ रोग, चर्मरोग आदि दुसाध्य रोग सूर्य की उपासना से ठीक हो जाते हैं. प्रातः कालीन धूप के सेवन से क्षयरोग को दूर करने में सहायता मिलती है. इसी प्रकार जल-चिकित्सा पद्धति में विभिन्न रंगों की बोतलों में पानी भर कर, उन्हें सूर्य की रोशनी एवं धूप में रखा जाता है और उन बोतलों का पानी रोगियों को पिलाया जाता है. सूर्य की उपासना से कुष्ठ-रोग दूर होने की कई धार्मिक कथाएं प्रचलित हैं. भगवान कृष्ण के पुत्र साम्ब को जब कुष्ठ रोग हुआ था, तो उसने भगवान सूर्य की उपासना की थी, जिससे उसका यह असाध्य रोग दूर हो गया था. उड़ीसा में कोणार्क का सूर्य मंदिर आज जिस स्थान पर बना हुआ है, कहा जाता है, वहीं साम्ब ने तपस्या की थी. मान्यता है कि अयोध्या के निकट सूर्य-कुण्ड जलाशय में स्नान करने से चर्म रोग दूर हो जाते हैं. गोवर्धन परिक्रमा के मार्ग में पड़ने वाले सुरभि कुण्ड में स्नान करने से भी कुष्ठ रोग दूर हो जाता है. नेत्र रोगों को दूर करने के लिए चक्षुषी विद्या, अक्षि-उपनिषद विद्या के माध्यम से सूर्य-उपासना करने का धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है. धारणा तो यहां तक है कि कांसे के पत्ते पर बने बत्तीसा-यंत्र के सामने चक्षोपनिषद का पाठ करते हुए, सूर्य-उपासना करने से न केवल नेत्र ज्योति बढ़ती है, अपितु मोतियाबिंद तक कट जाता है. सूर्य-स्नान एवं सूर्य नमस्कार के चमत्कारों से तो सभी परिचित हैं. यूरोपीय देशों में सूर्य-स्नान काफी लोकप्रिय है, जबकि सूर्य नमस्कार के रूप में किये जाने वाले व्यायाम से शरीर स्वस्थ, बलिष्ठ, निरोगी एवं दीर्घजीवी होता है. सूर्य इस संसार के जीवन-दाता, पालक और आरोग्य-दाता हैं. इसीलिए भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है 'ज्योतिषां रविरंशुमान.' इस तरह भारत में सूर्य आदिकाल से ही जन-आस्था, श्रद्धा, आराधना एवं उपासना का केंद्र रहा है. भारत के विभिन्न भागों में बने भव्य सूर्य मंदिर इस तथ्य को उजागर करते हैं कि हर युग में भारत में सूर्य की आराधना एवं उपासना प्रचलित रही है. खगोल शास्त्रियों ने जब सूर्य की गति का पता लगाया, तो सूर्य - उपासना को एक नई पद्धति प्रचलित हुई. सूर्य जब नभमंडल में एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है, तब उसे संक्रांति कहा जाता है. इस तरह हर वर्ष बारह संक्रांतियां होती है, पर इनमें सबसे महत्वपूर्ण मकर - संक्रांति कहलाती है. इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है. चूंकि सूर्य 365 दिनों अर्थात् एक वर्ष की निश्चित अवधि में बारह राशियों का ही भ्रमण कर डालता है, इसलिए मकर संक्रांति एक निश्चित दिन अर्थात् चौदह जनवरी को ही होती है. भारतीय मान्यता के अनुसार इस दिन का एक और विशेष महत्व है. मकर संक्रांति के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करता है. भारत में उत्तरायण के सूर्य का विशेष महत्व है. हर शुभ काम के लिए तभी मुहूर्त निकाला जाता है, जब सूर्य उत्तरायण में हो. उत्तरायण में सूर्य का झुकाव उत्तर की ओर होता है. सूर्य के उत्तरायण में होने का भारत में कितना महत्व है, इसका प्रमाण हमें महाभारत में मिलता है. भीष्म पितामह ने दक्षिणायण के सूर्य के समय अपनी देह नहीं त्यागी थी, क्योंकि वे स्वर्ग में प्रवेश उत्तरायण के सूर्य में करना चाहते थे. मकर संक्रांति भारत में विभिन्न नामों के साथ मनाई जाती है. अलग-अलग क्षेत्रों में इस दिन अलग-अलग पद्धतियां भी अपनाई जाती हैं, पर सबका उद्देश्य एक ही है- सूर्य की उपासना एवं आराधना. इस दिन पवित्र नदियों, सरोवरों एवं कुण्डों में स्नान करने, दान करने एवं सूर्य को जल चढ़ाने का बड़ा धार्मिक महत्व है. इसीलिए मकर संक्रांति के दिन तीर्थ स्थलों पर हजारों नर-नारी स्नान करते हैं एवं दान देते हैं. शीतकाल होने के कारण इस दिन तिल और गुड़ के सेवन तथा दान को भी महत्वपूर्ण माना जाता है. इस दिन तिल को पीसकर उबटन बनाकर उसे लगाया जाता है तथा फिर स्नान किया जाता है. दान में तिल और गुड़ से बनी वस्तुएं दी जाती है.उत्तर भारत में इस दिन तिल एवं खिचड़ी खायी जाती है तथा इन्हीं वस्तुओं का दान किया जाता है. बंगाल तथा उड़ीसा में भी यही प्रथा प्रचलित है. महाराष्ट्र एवं दक्षिण भारत में सौभाग्यवती स्त्रियां आपस में विभिन्न वस्तुएं भेंट करती हैं. महाराष्ट्र में इस प्रथा को हल्दी-कुंकु कहा जाता है. इस दिन सौभाग्यवती स्त्रियों को हल्दी एवं कुमकुम के तिलक लगाए जाते हैं. पंजाब में मकर संक्रांति को लोहड़ी पर्व के रूप में मनाया जाता है. कई स्थानों पर इस दिन बालक और युवक पतंग उड़ाते हैं. ब्राह्मण इस दिन अपने यज्ञोपवीत बदलते हैं. ब्राह्मणों को अनाज एवं खाद्य-पदार्थों से भरे बर्तन भी दिये जाने की प्रथा कई क्षेत्रों में है. मकर संक्रांति का यह पर्व आरोग्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है. तिल एवं गुड़ के सेवन से शरीर में शीत जनित व्याधियां एवं बीमारिया दूर हो जाती है. तिल के उबटन से त्वचा की कांति बढ़ती है. भारतीय धर्मग्रंथ भी मकर- संक्रांति के महत्व से भरे पड़े हैं. मकर संक्रांति पर सूर्य की उपासना विशेष फलदायी होती है. एक धार्मिक कथा के अनुसार सूर्य की उपासना एवं मकर संक्रांति के व्रत के फलस्वरूप यशोदा को कृष्ण पुत्र के रूप में प्राप्त हुए थे. *(विनायक फीचर्स)*

# कुंभ में अलौकिकता का बोध लौकिक सुंदरता से



– डॉ. श्रीगोपाल नारसन
एडवोकेट

प्रयागराज महाकुंभ अलौकिक, दिव्य व भव्य है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले मीडिया सेंटर का उद्घाटन करते हुए यह टिप्पणी की थी. उन्होंने कहा था कि सुरक्षित कुंभ हम सबके लिए एक चुनौती है. यह काफी हद तक सच है. महाकुंभ हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण आयोजन है. प्रयागराज के अलावा हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में यह आयोजन होता है. हरिद्वार और प्रयागराज में दो महाकुंभ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ भी होता है. प्रयागराज में इससे पूर्व सन् 2013 में महाकुंभ और 2019 में अर्धकुंभ का आयोजन हो चुका है. महाकुंभ मेला मकर संक्रांति से प्रारम्भ होता है, क्योंकि उस समय सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और बृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं. मकर संक्रांति के इस योग को महाकुंभ स्नान-योग भी कहते हैं और इस दिन को विशेष मांगलिक पर्व माना जाता है. कहा जाता है कि पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार इस दिन ही खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है. महाकुंभ के आयोजन को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से सर्वाधिक मान्य कथा देव-दानवों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुंभ से अमृत बूंदें गिरने को लेकर है. इस कथा के अनुसार महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण जब इंद्र और अन्य देवता कमजोर हो गए तो दैत्यों ने देवताओं पर आक्रमण कर उन्हें परास्त कर दिया. तब सब देवता मिलकर भगवान विष्णु के पास गए और उन्हें सारा वृतांत सुनाया. तब भगवान विष्णु ने उन्हें दैत्यों के साथ मिलकर क्षीरसागर का मंथन करके अमृत निकालने की सलाह दी. भगवान विष्णु के ऐसा कहने पर संपूर्ण देवता दैत्यों के साथ संधि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए. अमृत कुंभ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इंद्रपुत्र 'जयंत' अमृत-कलश को लेकर आकाश में उड़ गया. उसके बाद दैत्यगुरु शुक्राचार्य के निर्देश पर दैत्यों ने अमृत को वापस लेने के लिए जयंत का पीछा किया और घोर परिश्रम के बाद उन्होंने बीच रास्ते में ही जयंत को पकड़ लिया. तत्पश्चात अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देव-दानवों में 12 दिन तक अविराम युद्ध होता रहा. इस परस्पर मारकाट के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक पर कलश से छलक कर अमृत बूंदें गिरी थीं. उस समय चंद्रमा ने घट से प्रस्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शनि ने देवेन्द्र के भय से घट की रक्षा की. कलह शांत करने के लिए भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बांटकर पिला दिया. इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अंत किया गया. चूंकि अमृत प्राप्ति के लिए देव-दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध हुआ था. देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं. इस कारण कुंभ भी बारह होते हैं. उनमें से चार कुंभ पृथ्वी पर होते हैं और शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहां पहुंच नहीं है, ऐसा माना जाता है. जिस समय में चंद्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की राशियों पर रक्षा करने वाले चंद्र-सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय महाकुंभ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष, जिस राशि पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है, उसी वर्ष, उसी राशि के योग में, जहां-जहां अमृत बूंद गिरी थी, वहां-वहां महाकुंभ होता है. 600 ई. पू. के बौद्ध लेखों में नदी मेलों का उल्लेख मिलता है. 400 ई.पू. के सम्राट चन्द्रगुप्त के दरबार में यूनानी दूत ने एक मेले को प्रतिवेदित किया, ऐसा कहा जाता है. विभिन्न पुराणों और अन्य प्राचीन मौखिक परम्पराओं पर आधारित पाठों में पृथ्वी पर चार विभिन्न स्थानों पर अमृत गिरने का उल्लेख हुआ है. महाकुंभ में अखाड़ों के स्नान का भी विशेष महत्व है. सर्वप्रथम आगम अखाड़े की स्थापना हुई और कालांतर में विखंडन होकर अन्य अखाड़े बने. 547 ईसवी में अभान नामक सबसे प्रारम्भिक अखाड़े का लिखित प्रतिवेदन हुआ था. 600 ईसवी में चीनी यात्री ह्यान-सेंग ने प्रयाग में सम्राट हर्ष द्वारा आयोजित महाकुंभ में स्नान किया था. 904 ईस्वी मे निरन्जनी अखाड़े का गठन हुआ था जबकि 1146 ईसवी मे जूना अखाड़े का गठन हुआ. 1398 ईसवी में तैमूर, हिन्दुओं के प्रति सुल्तान की सहिष्णुता के विरुद्ध दिल्ली को ध्वस्त करता है और फिर हरिद्वार मेले की ओर कूच करता है और हजारों श्रद्धालुओं का नरसंहार करता है. जिसके तहत 1398 ईसवी में हरिद्वार महाकुंभ नरसंहार को आज भी याद किया जाता है.1565 ईसवी में मधुसूदन सरस्वती द्वारा दसनामी व्यवस्था की गई और लड़ाका इकाइयों का गठन किया गया . 1678 ईसवी मे प्रणामी संप्रदाय के प्रवर्तक श्री प्राणनाथजी को विजयाभिनन्द बुद्ध निष्कलंक घोषित किया गया . 1684 ईसवी में फ्रांसीसी यात्री तवेर्निए नें भारत में 12 लाख हिन्दू साधुओं के होने का अनुमान लगाया था.1690 ईसवी में नासिक में शैव और वैष्णव साम्प्रदायों में संघर्ष की कहानी आज भी रोंगटे खड़े करती है, जिसमें 60 हजार लोग मरे थे. 1760 ईसवी में शैवों और वैष्णवों के बीच हरिद्वार मेले में संघर्ष के तहत 18 सौ लोगो के मरने का इतिहास है. 1780 ईसवी में ब्रिटिशों द्वारा मठवासी समूहों के शाही स्नान के लिए व्यवस्था की स्थापना हुई. सन 1820 मे हरिद्वार मेले में हुई भगदड़ से 430 लोग मारे गए जबकि 1906 मे ब्रिटिश कलवारी ने साधुओं के बीच मेला में हुई लड़ाई में बीच-बचाव किया और अनेकों की जान बचाई. 1954 मे चालीस लाख लोगों अर्थात भारत की उस समय की एक प्रतिशत जनसंख्या ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भागीदारी की थी. उस समय वहां हुई भगदड़ में कई सौ लोग मरे थे. सन1989 मे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 6 फरवरी के प्रयागराज मेले में डेढ़ करोड़ लोगों की मौजूदगी प्रमाणित की थी, जो कि उस समय तक किसी एक उद्देश्य के लिए एकत्रित लोगों की सबसे बड़ी भीड़ थी. जबकि सन 1995 मे इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के अर्धकुम्भ के दौरान 30 जनवरी के स्नान दिवस में 2 करोड़ लोगों की उपस्थिति बताई गई थी. सन 1998 मे हरिद्वार महाकुंभ में 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु चार महीनों के दौरान पधारे थे. 14 अप्रैल के दिन एक करोड़ लोगो की उपस्थिति ने सबको चौंका दिया था. सन 2001मे इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के मेले में छह सप्ताहों के दौरान 7 करोड़ श्रद्धालु आने का दावा किया गया था. 24 जनवरी 2001 के दिन 3 करोड़ लोग के महाकुंभ में पहुंचने की बात की गई थी. सन 2003 मे नासिक मेले में मुख्य स्नान दिवस पर 60 लाख लोगों की उपस्थिति महाकुंभ के प्रति व्यापक जन आस्था का प्रमाण है. महाकुंभ में अलौकिकता का बोध लौकिक सुंदरता को देखकर सहज ही हो जाता है, तो आप भी आइए और लगा लीजिए इस महाकुंभ में आस्था की डुबकी जहां श्वेत वस्त्रों में ब्रह्माकुमारीज़ भाई-बहनें राजयोग का ईश्वरीय ज्ञान भी बांट रही है.

*(लेखक, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उप कुलपति व वरिष्ठ साहित्यकार हैं)*




## आपका जन्मदिन मंगलमय हो

14 जनवरी

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ. आपका जन्मतिथि 14 जनवरी है. अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का स्वामी ग्रह बुध है. इस माह का अधिपति ग्रह शनि है. आप आजीवन शनि एवं बुध ग्रह के सम्मिलित प्रभाव से युक्त रहेंगे. आपका व्यक्तित्व विशाल एवं आकर्षक होगा. आपके जीवन मे सुख-दु:ख, लाभ-हानि बने रहेंगे. आपको जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में कठिनाइयों के पश्चात ही सफलता प्राप्त होगी. आपमें अतीन्द्रिय ज्ञान की अद्भुत क्षमता रहेगी. आपके जीवन में आधुनिकता का समावेश रहेगा. आप अपने साथ-साथ दूसरों को भी प्रसन्न रखने में सक्षम होंगे. आप किसी के दबाव में नहीं रहना चाहेंगे. आप किसी भी कार्य को करने में पूर्व योजना बना कर ही उस कार्य को सम्पादित करेंगे. कठिनाइयों के समय में आपके स्वजन व मित्र आपके लिए सहायक सिद्ध होंगे. आपके अपने जीवन में मनोरंजन एवं यात्रा का भरपूर अवसर मिलेगा. सेवा भावना आपमें प्रबल रहेगी. आप में त्वरित निर्णय लेने की अदभुत क्षमता होगी. कभी-कभी आप कई कार्य को एक साथ करने की कोशिश करेंगे. जिससे हानि भी संभव होगी. कला-सौन्दर्य-संगीत में आपका रुझान रहेगा. जीवन में प्रगति के लिए अपने इष्टदेवी-देवता की आराधना अवश्य करें. अपने दैनिक जीवन में सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें. बुधवार के दिन हरे रंगों की वस्तुओं का दान भी करें. गाय को मीठी रोटी नियमित रूप से खिलावें. गो-सेवा नित्य करें. शुद्ध शाकाहार जीवन व्यतीत करें. सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें.

**आपके लिए अनुकूल :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मन्त्र | : | ॐ बुं बुधाय नम: | मास | : | जनवरी, मई एवं दिसम्बर |
| व्रत | : | बुधवार | वर्ष | : | 5, 14, 23, 32, 41, 50, 59, 68 |
| दिन | : | रविवार, गुरुवार एवं शनिवार | रंग | : | सफेद एवं हरा |
| दिनांक | : | 5, 14, 23 | जन्मरत्न | : | पन्ना |
| अंक | : | 4, 6, 8 | उपरत्न | : | एक्वामैरीन |

यंत्र

| | | |
|---|---|---|
| 9 | 4 | 11 |
| 10 | 8 | 6 |
| 5 | 12 | 7 |

*वर्ष का महत्वपूर्ण समय–21 मई से 20 जून, 21 अगस्त से 20 सितम्बर*

*हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित व अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद*

**विमल जैन** एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो0 : 09335414722


## आपका आज का दिन 2025

**मेष** : स्वास्थ्य में शिथिलता, सामयिक कार्यों में व्यवधान उपस्थित, पारस्परिक सम्बन्धों में मनमुटाव, सुख के साधन में कमी की अनुभूति, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल.

**वृषभ** : योजना साकार होने की ओर, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, निराशा का समापन, हर्षोल्लास का वातावरण, सुख साधन के निमित्त व्यय, धर्म में आस्था.

**मिथुन**: लाभ का सुअवसर प्राप्त, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, सु-परिणाम हेतु प्रयत्नशील, आत्मीयजनों से मधुरता.

**कर्क** : भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, पारिवारिक खुशी, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, कार्यक्षमता में वृद्धि, यात्रा संतोषजनक.

**सिंह** : मनोबल में कमी का एहसास, नवीन समस्याएँ उपस्थित, स्वयं का निर्णय अहितकर, वैवाहिक जीवन में अशांति, किसी से विवाद को लेकर परेशान, व्यर्थ भ्रमण से हानि.

**कन्या**: दिन बेहतर, स्वास्थ्य सुधार पर, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, जनसम्पर्क का सुयोग, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, विवाद का समापन पक्ष में.

**तुला**: विचारित कार्यों में अनुकूलता, धन का प्रतिफल प्राप्त, मित्रों के माध्यम से कठिनाइयों का समापन, मनोरंजन की ओर रुझान, दाम्पत्य जीवन में मधुरता.

**वृश्चिक** : ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवीन कार्यों की रूपरेखा, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, संत-समागम से खुशी.

**धनु** : समस्याओं से परेशान, अभीष्ट सिद्धि में विलम्ब, पारिवारिक समस्याएं प्रभावी, आपसी गलतफहमी से नुकसान, नव-उत्तरदायित्व की निर्वाह में बाधा, धर्म में रुचि.

**मकर**: परिस्थितियां सुधार पर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, नवसम्पर्क से लाभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, जीवनसाथी से सहयोग, सुसंदेश की प्राप्ति.

**कुम्भ**: व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, पारिवारिक समस्याएं सुलझने की ओर, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि, आत्मिक शान्ति.

**मीन**: योजना साकार होने की ओर, वाक्पटुता से कार्यसिद्धि, नौकरी में पदोन्नति, कर्ज की अदायगी का प्रयास, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धर्म के प्रति आस्था.

- ज्योतिषाचार्य विमल जैन, वाराणसी, मो. नं. 09335414722

## मानव धर्म-शास्त्र

लेखक :
लक्ष्मी नारायण मीणा



मानव धर्मशास्त्र के प्रणेता
अवधूत देवी दास जी महाराज

अष्टम स्कन्ध

***जन्मत सुत रां उच्चारी । पीड़ा प्रसव विगत महतारी ।।***
***चहुँदिसि भयउ प्रकृति उछाहु । मंगल सुगन अनुकूल सबाहु ।।***

व्याख्या - जन्म लेते ही पुत्र ने रां नाम का उच्चारण किया, जिससे माता की प्रसव पीड़ा तुरन्त दूर हो गई । चारों तरफ प्रकृति में उत्साह छा गया तथा समस्त मंगलकारी सगुन होने लग गए ।

***समाचार सुनि ऋषि सब आए । देखि मुख छवि आशीष बरसाए ।।***
***बालक इहँ होइब ब्रम्ह ग्यानी । सकल ऋषि मुनि कहा बखानी ।।***

व्याख्या - समाचार सुनकर सब ऋषि आए और बालक की छवि देखकर आर्शीवाद देने लगे । सब ऋषि - मुनियों ने कहा कि यह बालक ब्रम्हज्ञानी होगा ।

## 14 जनवरी 1958 : सीहोर में 356 क्रांतिकारियों का बलिदान



– रमेश शर्मा

अंग्रेजी राज से भारत की मुक्ति के लिये 1857 की क्रांति भारत के हर क्षेत्र में हुई, असंख्य बलिदान हुये. बलिदानों की इस शृंखला में मध्य प्रदेश का सीहोर नगर भी है जहां अंग्रेज जनरल ह्यूरोज ने 356 सैनिकों को पहले गोली से उड़ाया फिर शवों को पेड़ पर लटकाने का आदेश दिया ताकि क्षेत्र में भय पैदा हो. बलिदानी क्रांतिकारियों के ये शव दो दिनों तक पेड़ों पर लटके रहे थे. 1857 की इस क्रांति का उद्घोष क्रांतिकारी मंगल पांडेय ने 29 मार्च को बंगाल इन्फ्रेन्ट्री से किया था. लेकिन व्यापक रूप से इसकी शुरुआत मेरठ से हुई. 10 मई को मेरठ छावनी से अंग्रेजों का यूनियन जैक उतार दिया गया था. और दिल्ली कूच कर दिया था. भोपाल रियासत में यह क्रांति जून 1857 में आरंभ हुई. भोपाल रियासत के अंतर्गत अंग्रेजों की सैन्य छावनी सीहोर में थी. उन दिनों रियासत में नबाब बेगम सिकन्दर जहां का शासन था. वे अंग्रेजों की समर्थक और उनके आधीन ही अपना राजकाज चला रहीं थीं. रियासत की राजधानी तो भोपाल थी. अंग्रेजी सेना का मुख्यालय सीहोर में था. क्रांति के समय सीहोर की अंग्रेज बटालियन में कुल 1113 सैनिक थे. इनमें 737 पैदल, 363 घुड़सवार और 113 तोपखाने में तैनात थे. अंग्रेज पोलिटिकल एजेंट विलियम फ्रेडरिक का केन्द्र भोपाल था. सीहोर छावनी को कॉन्टिजेन्ट कैंप नाम दिया गया था. इसकी कमान रॉबर्ट हेमिल्टन के हाथ में थी. उनके साथ सीहोर सैन्य छावनी में एक मेजर भी रहते थे. बंगाल इन्फ्रेन्ट्री के विद्रोह और अंग्रेजों के दमन के समाचार देश की अन्य छावनियों में जैसे जैसे पहुंच रहे थे, वैसे वैसे क्रांति की सरगरमी बढ़ने लगी थी. अंग्रेज सतर्क हुये और सेना में नई भर्ती आरंभ की. इस भर्ती की शुरुआत पंजाव और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हुई . सभी छावनियों में ये अतिरिक्त सैनिक भेजे गये और बेरिकों में तैनात अंग्रेज अधिकारियों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जाने लगा. सीहोर छावनी में क्रांति की शुरुआत करने वाले महावीर कोठ, रमजूलाल और वली मोहम्मद थे. महावीर कोठ मूलतः राजस्थान के रहने वाले थे. वे महू छावनी में भर्ती हुये और पदोन्नत होकर प्रशिक्षक हो गये. प्रशिक्षक के नाते उनका संपर्क आसपास की छावनियों के सैनिकों से हो गया था. उनका स्थानांतरण सीहोर हुआ. रमजूलाल और वली मोहम्मद से उनका परिचय यहीं हुआ. वली मोहम्मद यूं तो नबाब खानदान से ही संबंधित थे लेकिन अंग्रेज मेजर के आधीन सीहोर छावनी में तैनात थे. मेरठ से क्रांति का समाचार पहले महू छावनी आया और महू से सीहोर. इस समाचार के साथ सीहोर छावनी में हलचल बढ़ी. क्राँति के लिये एक बैठक इंदौर में हुई जिसमें नीमच और महू आदि आसपास की विभिन्न छावनियों से सैनिक पहुंचे थे. सीहोर से भी छह सैनिकों की टोली इंदौर गयी. इस टोली का नेतृत्व महावीर कोठ कर रहे थे. इस टोली ने लौटते ही क्रांति की तैयारी आरंभ हुई. भावी रणनीति के लिये क्रांतिकारियों की पहली बड़ी बैठक 13 जून 1857को हुई. सीहोर में अंग्रेज सैनिक और परिवार मिलाकर कुल बीस लोग थे. यह गतिविधियां देखकर सभी अंग्रेज परिवारों ने छावनी छोड़कर भोपाल आने की तैयारी की. क्रांतिकारी सैनिकों ने उन्हें सुरक्षित भोपाल रवाना कर दिया. ये अंग्रेज परिवार भोपाल आये और नबाब बेगम ने सुरक्षा देकर मुम्बई रवाना कर दिया. अंग्रेज परिवारों का सीहोर से जाते ही छावनी से अंग्रेजी ध्वज उतार दिया गया. एक लंबे विचार विमर्श के बाद दो ध्वज फहराये गये. एक भगवा रंग का निशाने महावीरी और दूसरा हरे रंग का निशाने मोहम्मद. इसके साथ विधिवत सिपाही बहादुर सरकार का गठन कर लिया गया. इसकी मुनादी करा दी गई. जो लोग नबाब बेगम या अंग्रेज अधिकारियों को टेक्स देते थे उनसे इस नई सरकार को टेक्स देने का आदेश दिया गया. यह आठ जुलाई 1857 का दिन था. जब सिपाही बहादुर सरकार स्थापित हुई. इस सिपाही बहादुर सरकार की कमान महावीर कोठ और वली मोहम्मद के हाथ में थी. 17 जुलाई को बैरसिया में क्रांति हुई और नबाब बेगम सहित अंग्रेजी ध्वज उतार दिया गया . इसके बाद गढ़ी अंबापानी, बाड़ी, बरेली और छीपानेर तक क्रांति का विस्तार हो गया . जुलाई माह पूरा होते होते अंग्रेजों के आधीन नबाब बेगम का शासन केवल भोपाल नगर तक सीमित रह गया था. इसका एक कारण ऐसा था कि क्रांतिकारी सैनिकों में एक बड़ा समूह ऐसा था जो अंग्रेजों से तो मुक्ति चाहता था पर उसका सद्भाव नबाब बेगम के प्रति था. इसलिए क्राँति का यह अभियान भोपाल नगर को छोड़कर आसपास फैला. क्रांति का दमन करने अंग्रेजों तो पंजाब और रुहेलखंड में सैनिकों की नई भर्ती कर ही रहे थे इधर भोपाल बेगम ने भी दो काम किये. एक ओर मुस्लिम धर्मगुरु सक्रिय किये और दूसरी ओर सैनिकों की भर्ती आरंभ की. मुस्लिम धर्मगुरुओं के प्रभाव से पठान सैनिक क्रांति से अलग हो गये. इससे क्रांतिकारियों की संख्या घटने लगी. दूसरा कारण धन का अभाव था. क्रांतिकारी सैनिक अगस्त के अलावा बसूली नहीं कर पाये. नबाब बेगम और अंग्रेजों ने आरंभ टकराव का रास्ता नहीं अपनाया. केवल जमावट की. अक्टूबर तक पूरी रियासत में अंग्रेज और नबाब बेगम के नये सैनिक तैनात हो गये थे. यह जमावट इतनी तगड़ी थी कि क्रांतिकारी केवल अपने केन्द्रों तक सिमट गये थे. शेष पूरे रियासत में अपना प्रभाव स्थापित कर लिया था इन कारणों से सीहोर छावनी के सैनिक भी समर्पण करने लगे वे मॉफी मांग कर अंग्रेजी कैंप में जाने लगे तैयारी पूरी करके अक्टूबर माह में सीहोर छावनी के सभी क्रांतिकारी सैनिको से हथियार ले लिये गये. और उन्हें उनकी ही बैरकों में नजरबंद कर दिया गया फिर 11 नवम्बर 1857 को अंग्रेजों का नया आदेश आया. इस आदेश पर सभी नजरबंद सैनिकों को बंदी बना लिया गया इनकी संख्या 356 थी सीहोर छावनी पर नबाब बेगम के सैनिकों का पूरा अधिकार हो गया था, नये अंग्रेज अधिकारी भी आ गये थे. सिपाही बहादुर सरकार का ध्वज उतार कर अंग्रेजी ध्वज के साथ रियासत का ध्वज फहरा दिया गया. लेकिन क्रांति के दमन की विधिवत घोषणा नहीं की गई. इसके लिये अंग्रेज अधिकारी की प्रतीक्षा थी. अंत में क्राँति के दमन केलिये इस क्षेत्र में अंग्रेज जनरल ह्यूरोज की तैनाती हुई. जनरल ह्यूरोज दिसम्बर 1857 के अंतिम सप्ताह महू पहुँचा. महू में भी क्रांतिकारी सैनिकों को बंदी बनाया हुआ था. सभी बंदी क्रांतिकारी सैनिकों का बलिदान हुआ. जनरल ह्यूरोज महू से इंदौर आया. इंदौर में भी क्रांतिकारियों का बलिदान हुआ. इंदौर से 11 जनवरी वह सीहोर पहुंचा. जनरल ह्यूरोज के आदेश पर 14 जनवरी 1858 को प्रातः सूर्योदय के साथ सभी बंदी 356 क्रांतिकारियों को जेल से निकाला गया. हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़े इन क्रांतिकारी सैनिकों को सीवन नदी किनारे सैकड़ाखेड़ी चांदमारी मैदान में लाया गया. इस मैदान पर सेना का शस्त्राभ्यास होता था. क्रांतिकारियों को बीस बीस की पंक्ति में खड़ा किया गया और गोलियों से भून दिया गया. जनरल ह्यूरोज क्रांतिकारियों के शवों को पेड़ पर लटकाने का आदेश दिया. ताकि आसपास अंग्रेजों का भय व्याप्त हो. दो दिन तक ये शव पेड़ों से लटके रहे. बाद में आसपास फेक दिया गया. ग्राम वासियों ने इसी मैदान में उनका अंतिम संस्कार किया. इस स्थल पर इन क्रांतिकारियों की समाधि बनी हुई है. 14 जनवरी मकर संक्रांति का दिन होता है. मकर संक्रांति के दिन इस स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. *(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)*

# विराट और रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिये: कपिल




**नई दिल्ली:** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं लेकिन भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने कहा कि ये दोनों इतने बड़े खिलाड़ी हैं कि अपने भविष्य को लेकर फैसला खुद कर सकते हैं. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली नौ पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सके और बार बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए . कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े यहां और खराब रहे और वह तीन मैचों की पांच पारियों में महज 31 रन ही बना सके. वह खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट मैच से बाहर थे. भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में 'सुपटस्टार' संस्कृति को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है. भारत के पूर्व महान खिलाड़ी कपिल देव से जब इन खिलाड़ियों के भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिये. रोहित की जगह टीम में कप्तान के दावेदारों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इस में किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिये, जो मौजूदा कप्तान है वह भी किसी की जगह आये थे. जो भी कप्तान हो उसे पूरा समय मिलना चाहिये.

भारतीय टीम को इस दौरे पर बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों ने भी निराश किया. जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावित करने में विफल रहा. बुमराह भी पांचवें टेस्ट में चोटिल होने के कारण दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके जिससे ऑस्ट्रेलिया के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना काफी आसान हो गया. बुमराह ने इस दौरे पर लगभग 150 ओवर गेंदबाजी कर 32 विकेट झटके. कपिल ने 1991-92 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 284 ओवर गेंदबाजी की थी लेकिन बुमराह अपने अलग तरह के एक्शन के कारण जल्दी चोटिल हो गये. टीम को इस दौरे पर चोटिल मोहम्मद शमी की भी कमी खली. भारत को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा.

कपिल ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा गेंदबाजों की तुलना करना सही नहीं समझा. उन्होंने ने पीजीटीआई के नये सत्र की घोषणा के लिए आयोजित कार्यक्रम में सवाल पर कहा, खेल में तुलना करना ठीक नहीं है. दो अलग-अलग दौर के खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिए. आज के दौर में खिलाड़ी एक दिन में 300 रन बना लेते है लेकिन हमारे जमाने में ऐसा नहीं होता था. इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की आगामी श्रृंखला के लिए भारत की टी20 टीम में यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को शामिल नहीं करने पर कपिल ने कहा, मैं दूसरों के फैसले के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं , चयनकर्ताओं ने कुछ सोच समझ कर टीम का चयन किया है. मैं कुछ कहूंगा तो शायद उनकी आलोचना करना होगा. मैं आलोचना नहीं करना चाहता हूं.

# जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत, सिनेर और गाफ भी दूसरे दौर में







**मेलबर्न :** नोवाक जोकोविच का अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे के कोच रहते हुए शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही और उन्हें सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर के मैच में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में खेल रहे 19 वर्षीय निशेष बासवरेड्डी के खिलाफ जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा. रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पहले सेट में हार गए लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया तथा आखिर में 4-6, 6-3, 6-4, 6-2 जीत दर्ज करके मेलबर्न पार्क में 11वीं बार चैंपियन बनने की तरफ कदम बढ़ाए. जोकोविच ने मर्रे के बारे में कहा, निश्चित तौर पर उसे अपने कॉर्नर पर बैठे देखकर मैं काफी रोमांचित था. यह थोड़ा अजीब अनुभव भी था क्योंकि हम पिछले 20 वर्षों से एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं. उसका अब मेरे साथ होना शानदार है. उसने मैच के दौरान मुझे कुछ अच्छी सलाह दी. इससे पहले दूसरे टाइब्रेकर में खराब ड्रॉप शॉट पर एक सेट अंक गंवाने के बाद यानिक सिनेर ने दमदार वापसी करते हुए पहले दौर में निकोलस जैरी को 7-6, 7-6, 6-1 से हराया. टूर्नामेंट से पहले 2024 के डोपिंग मामलों में सुर्खियों में रहे सिनेर और महिला वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने जीत के साथ आगाज किया . सिनेर की यह टूर पर और ग्रैंडस्लैम में हार्डकोर्ट पर लगातार 15वीं जीत है.

शीर्ष रैंकिंग वाले सिनेर ने 35वीं रैंकिंग वाले चिली के जैरी के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा, पहला सेट काफी करीबी था और कोई भी जीत सकता था . तीसरे सेट में मैने दबाव बनाया और खुश हूं कि कठिन हालात से निकलकर जीत दर्ज की. सिनेर ने यहां पिछले साल फाइनल में दानिल मेदवेदेव को हराकर पहला ग्रैंडस्लैम जीता था जबकि सेमीफाइनल में 10 बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच को मात दी थी.

महिला वर्ग में पोलैंड की स्वियातेक ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराया.

# महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप अभ्यास मैच में भारत ने स्कॉटलैंड को 119 रन से हराया

**कुआलालंपुर:** गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में स्कॉटलैंड को 119 रन से करारी शिकस्त दी. भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 164 रन बनाए, जिसमें कमलिनी जी 23 गेंदों में 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं. चार भारतीय बल्लेबाज तृषा जी (26), सानिका चालके (17), कप्तान निकी प्रसाद (25) और कमलिनी अपनी अन्य साथियों को मौका देने के लिए रिटायर आउट हो गईं. स्कॉटलैंड के लिए एमी बाल्डी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहीं. भारत ने इसके बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 45 रन पर आउट कर दिया. भारत की तरफ से शबनम शकील, वैष्णवी शर्मा और




सोनम यादव ने दो-दो विकेट लिए.

अन्य अभ्यास मैचों में, ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान मलेशिया को 140 रन से, वेस्टइंडीज ने नेपाल को नौ रन से, अमेरिका ने न्यूजीलैंड को 13 रन से, बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से, इंग्लैंड ने समोआ को नौ विकेट से और पाकिस्तान ने नाइजीरिया को 11 रन से हराया. मुख्य टूर्नामेंट शनिवार से शुरू होगा. भारत रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा. भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया था.

## डगलस टार्डिन की हैट्रिक से शिलांग लाजोंग ने एससी बेंगलुरु को 5-0 से हराया

**शिलांग:** ब्राजील के स्ट्राइकर डगलस टार्डिन ने 15 मिनट के अंदर हैट्रिक बनाई जिससे शिलांग लाजोंग ने सोमवार को यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु को 5-0 से हरा दिया. एसएसए स्टेडियम में खेले गए मैच में लाजोंग की तरफ से डेनियल गोंकाल्वेस (40वें मिनट), फिगो सिंदाई (45+2) और टार्डिन (60वें, 67वें, 75वें मिनट) ने गोल किए. लाजोंग की यह तीसरी जीत है जिससे वह 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है. दूसरी तरफ एससी बेंगलुरु अब तक आठ मैचों में केवल पांच अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे है. पंजाब के श्री भैनी साहिब में खेले गए एक अन्य मैच में मेजबान नामधारी एफसी ने इंटर काशी को 2-0 से हराकर तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया.

# मुझ में जीत की भूख बरकरार, अभी काफी कुछ हासिल करना है: सिंधू

**नई दिल्ली:** इंडोनेशिया के अनुभवी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा की देखरेख में अभ्यास शुरू करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने कहा कि करियर के इस चरण में उनके पास सफलता हासिल करने के लिए अभी काफी जज्बा बाकी है. हैदराबाद की इस 29 साल की पूर्व विश्व चैंपियन ने पिछले दो साल में कई कोच के साथ काम किया है लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली. इसमें पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से विफल रहना भी शामिल है. पिछले महीने अपनी शादी के बाद मलेशिया ओपन से चूकने के बाद इंडिया ओपन सुपर 750 में वापसी करने वाली सिंधू ने कोच इरवानस्याह की देख-रेख में अभ्यास शुरू कर दिया. इंडोनेशिया के इस कोच को जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी गिंटिंग जैसे पुरुष एकल



खिलाड़ियों के करियर को संवारने का श्रेय दिया जाता है. सिंधू ने इंडिया ओपन की पूर्व संध्या पर कहा, मैं अभी बेंगलुरु में कोच इरवानस्याह के देखरेख अभ्यास कर रही हूं. अभी डेढ़ सप्ताह ही हुए हैं. मूल रूप से वह महिला एकल कोच हैं और साथ ही वह कुछ युवा लड़कों को भी प्रशिक्षित कर रहे हैं. मैं उनके साथ काम जारी रखना चाहती हूं. उन्होंने कहा, कोच और खिलाड़ी के बीच समझ काफी अहम होती है. इसमें समय लगेगा. हमें एक-दूसरे की सोच को समझने के लिए कुछ अभ्यास सत्रों की आवश्यकता होगी.

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी : अभिनाश जामवाल ने शिवा थापा को हराया

**बरेली:** हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में मौजूदा वेल्टरवेट चैम्पियन शिवा थापा को हराया. जामवाल ने इससे पहले 2022 युवा विश्व चैम्पियन वंशज कुमार को हराया था. सेना खेल नियंत्रण बोर्ड ( एसएससीबी) ने अपना दबदबा बरकरार रखा और उसके दस में से आठ मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए. पूर्व युवा विश्व चैम्पियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो ) वर्ग में हराया .वहीं लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावम्त्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी. सुपर हैवीवेट (90 और प्लस 90 किलो ) वर्ग में उत्तराखंड के नरेंदर ने एसएससीबी के गौरव चौहान को हराया और अब उनका सामना हरियाणा के अंशुल गिल से होगा.

## कमिंस, हेजलवुड चोट के बावजूद चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये आस्ट्रेलियाई टीम में

**सिडनी:** पैट कमिंस को अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी में आस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान चुना गया जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी चोट के बावजूद टीम में जगह मिली है. कमिंस भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में टखने की चोट से जूझते रहे थे . वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म और इस चोट के कारण आगामी श्रीलंका दौरे पर भी नहीं जा रहे हैं. वहीं चोट के कारण मेलबर्न और सिडनी टेस्ट से बाहर रहे हेजलवुड श्रीलंका दौरे की टीम में नहीं है लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का हिस्सा हैं. मौजूदा वनडे विश्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने हरफनमौला मिचेल मार्श को भी चुना है जिन्हें सिडनी में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर रखा गया था. आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, यह संतुलित और अनुभवी टीम है जिसके अधिकांश खिलाड़ी पिछला वनडे विश्व कप, वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला और पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेल चुके हैं. आस्ट्रेलिया को ग्रुप बी में अफगानिस्तान , इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है . उसे अपने मैच लाहौर और रावलपिंडी में खेलने हैं.

# रूसी सेना आपूर्ति बाधित करने के लिए महत्वपूर्ण गढ़ से आगे बढ़ी: यूक्रेनी अधिकारी

**कीव:** महीनों से यूक्रेनी सेना के आपूर्ति केंद्र पोक्रोवस्क पर कब्जे का प्रयास कर रही रूसी सेना अब इस पर काबिज होने के बजाए उसकी आपूर्ति श्रृंखला को काटने पर ध्यान केंद्रित कर रही है. यूक्रेन के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकार दी. यूक्रेनी सेना के स्थानीय प्रवक्ता मेजर विक्टर त्रेहुबोव ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रूसी सैनिक पोक्रोवस्क के महत्वपूर्ण रसद केंद्र को चारों ओर से घेर रहे हैं, जहां एक मजबूत यूक्रेनी रक्षापंक्ति ने उन्हें अब तक रोक रखा है. उन्होंने कहा कि वे (रूसी सैनिक) वहां से मध्य यूक्रेन के शहर द्रिप्रो तक जाने वाले राजमार्ग को निशाना बना रहे हैं. यह मार्ग पूरे क्षेत्र में यूक्रेनी सेना को आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है. राजमार्ग यातायात को काटने से पोक्रोवस्क भी गंभीर रूप से प्रभावित होगा.

त्रेहुबोव ने एक व्हाट्सऐप संदेश में कहा, अब तक, वे अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए हैं और हम (यूक्रेनी सेना) यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि वे भविष्य में इसे हासिल न कर सकें - ठीक उसी तरह जैसे वे शहर को घेरकर आगे बढ़ने के अन्य प्रयासों में सफल नहीं हुए हैं. यूक्रेन की सेना लगभग 1,000 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति के कुछ हिस्सों में गंभीर दबाव में है, विशेष रूप से पूर्वी डोनेतस्क क्षेत्र में जहां पोक्रोवस्क स्थित है.

# इंडिया ओपन : भारत ने सबसे बड़ा दल उतारा, नजरें सात्विक और चिराग पर

**नई दिल्ली:** भारत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है और नजरें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी. दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की. पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद दोनों पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं . चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा. उन्हें चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग , पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक , डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी. इस साल भारत से 21 प्रविष्टियां मिली है जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शामिल है . सिंधू



अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं.

हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे. सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा. वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था. सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे. यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा.

पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने का ब्रेक लेने वाले एच एस प्रणय मलेशिया में दूसरे दौर में बाहर हो गए थे. यहां पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा. इसमें जीतने पर उनकी टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हो सकती है. इंदिरा गांधी स्टेडियम में केडी जाधव इंडोर हॉल में होने वाले टूर्नामेंट में ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन, अन सी यंग और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी शि युकी जैसे धुरंधर दौड़ में हैं.

टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 20 पुरूष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रही हैं .भारतीयों में प्रियांशु राजावतको पहले दौर में छठी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नाराओका से जबकि मालविका बंसोड को तीसरी वरीयता प्राप्त चीन की युइ हान से खेलना है. आकर्षि कश्यप का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा.

## देश/विदेश

# आय से अधिक संपत्ति मामले में सत्येंद्र जैन के खिलाफ अभियोजन चलाने की सीबीआई को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में अभियोजन चलाने के लिए सीबीआई को अनुमति मिल गई है. सोमवार को सीबीआई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट को इस बात की सूचना दी. सीबीआई की इस सूचना के बाद स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को करने का आदेश दिया. मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को 18 अक्टूबर 2024 को नियमित जमानत दी थी. कोर्ट ने कहा था कि सत्येंद्र जैन लंबे समय से जेल में हैं और इस मामले में जल्द ट्रायल शुरू होने की संभावना नहीं है. ऐसे में वो जमानत के हकदार हैं. सत्येंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने लोकसेवक रहने के दौरान 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच एक करोड़ 62 लाख रुपये अर्जित किए जो उनके ज्ञात स्रोत से काफी ज्यादा है. मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां



बनाई. इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं. इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा जिन्हें आरोपित बनाया है उनमें उनकी पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड शामिल है. ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 में गिरफ्तार किया था.

# पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली:** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर है. जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में थोड़ा बहुत गतिरोध अभी भी बना हुआ है और भारतीय एवं चीन की सेनाओं के बीच विश्वास बहाली के लिए प्रयास किए जाने की जरूरत है. सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि देपसांग और डेमचोक में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और जानवरों की चराई शुरू हो गई है, जो दो टकराव वाले क्षेत्र थे और जहां से दोनों पक्ष अक्टूबर में पीछे हट गए थे. उन्होंने कहा, हमारी तैनाती संतुलित और ठोस है और हम



किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम हैं. सेना प्रमुख ने एलएसी की समग्र स्थिति पर कहा, हम सीमा बुनियादी ढांचे और क्षमता विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. जम्मू कश्मीर की स्थिति पर उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है और नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम समझौता कायम है. साथ ही सेना प्रमुख ने कहा कि घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं और पाकिस्तान की तरफ आतंकी ढांचा बरकरार है. उन्होंने कहा कि पिछले साल मारे गए 60 प्रतिशत आतंकवादी पाकिस्तानी मूल के थे. मणिपुर के बारे में सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों और सरकार की सक्रिय पहलों से राज्य में स्थिति नियंत्रण में आ गई है. हालांकि, सेना प्रमुख ने कहा कि मणिपुर में हिंसा की घटनाएं जारी हैं और सशस्त्र बल क्षेत्र में शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि म्यांमा में स्थिति के किसी भी प्रभाव की आशंका से निपटने के लिए भारत-म्यांमा सीमा पर निगरानी बढ़ा दी गई है.

# छत्तीसगढ़: मुठभेड़ में मारे गए चार नक्सलियों की हुई पहचान, चारों पर था 15 लाख का इनाम

जगदलपुर: छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्रांतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में रविवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए 15 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सलियों की शिनाख्तगी पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी डीव्हीसीएम प्लाटून नम्बर 2 कमाण्डर रैनु हेमला, मद्देड एरिया कमेटी प्लाटून नंबर 11 पीपीसीएम, ज्योति ताती, मिलिशया प्लाटून कमांडर रमेश एचाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य रमेश मिच्चा के रूप में हुई. मुठभेड़ स्थल से एक एलएलआर, एक 12 बोर, दो सिंगल शॉट एक, बीजीएल लांचर एक एवं देशी भरमार एक सहित बड़ी मात्रा कारतुस एवं विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दवाईया, नक्सली काली वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोगी की सामग्री बरामद हुए हैं.

बीजापुर एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने सोमवार को खुलासा करते हुए बताया कि मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों में रैनु हेमला (डीव्हीसीएम, प्लाटून नम्बर 2 कमाण्डर) उम्र 30 वर्ष निवासी सावनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर, इनामी 8 लाख, ज्योति ताती, मद्देड़ एरिया कमेटी, प्लाटून नम्बर 11 पीपीसीएम , निवासी तोड़का थाना गंगालूर जिला बीजापुर इनामी 5 लाख रुपये, रमेश एचाम (मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर) नेशनल पार्क एरिया कमेटी, उम्र 28 वर्ष, निवासी बंदेपारा थाना मद्देड, जिला बीजापुर, इनामी एक लाख रुपये, रमेश मिच्चा (मिलिशिया प्लाटून सदस्य) नेशनल पार्क एरिया कमेटी पिता नीला उम्र 22 वर्ष निवासी बंदेपारा थाना मद्देड़ जिला बीजापुर इनामी, पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ की ओर से 20 हजार का इनाम उद्घोषित वहीं अज्ञात वर्दीधारी महिला नक्सली की शिनाख्तगी शेष है.

## न्यूज कॉर्नर

### जीतन राम मांझी ने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा देश में खादी एवं ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने केवीआईसी) के देश में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की है. इस मौके पर केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार, केवीआईसी के सदस्य, एमएसएमई सचिव, संयुक्त सचिव (एआरआई), एमएसएमई के आर्थिक सलाहकार, केवीआईसी के सीईओ और एमएसएमई मंत्रालय तथा केवीआईसी के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे.मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने देश में केवीआई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर केंद्रित दृष्टिकोण के जरिए प्रयासों को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया.

### खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली:** दिसंबर महीने में उपभोक्ता मूल्य संचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गई है. नवंबर महीने में यह दर 5.48 फीसदी थी, जबकि पिछले साल में खुदरा महंगाई दर 5.69 फीसदी पर थी. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के जारी आंकड़ों में बताया कि खुदरा महंगाई दर में आई यह गिरावट खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण आई है. आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में खाद्य महंगाई 8.39 फीसदी रही है, जबकि नवंबर में यह 9.04 फीसदी और दिसंबर 2023 में 9.53 फीसदी रही थी. एनएसओ के मुताबिक दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) और खाद्य महंगाई दोनों पिछले चार महीनों के सबसे निचले स्तर पर थे. इसके अलावा खाद्य और पेय पदार्थों की महंगाई दर दिसंबर में घटकर 7.69 फीसदी हो गई है, जो नवंबर में 8.2 फीसदी थी. इसकी वजह सब्जियों की कीमतों गिरावट है, जो इसी अवधि में 29.33 फीसदी से घटकर 26.56 फीसदी रह गई है. दिसंबर महीने में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने खाद्य महंगाई पर चिंताओं को उजागर करते हुए इस अवधि के लिए अपने महंगाई दर अनुमान को 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी कर दिया था.

### जी. किशन रेड्डी तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे रियाद

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी 14 से लेकर 16 जनवरी, 2025 तक तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर सऊदी अरब के रियाद जाएंगे. खान मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी 14 से 16 जनवरी, 2025 तक सऊदी अरब के रियाद तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वे फ्यूचर मिनरल्स फोरम-2025 के मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे. यह खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं और ऊर्जा संक्रमण पर केंद्रित चर्चा के लिए सऊदी अरब की ओर से आयोजित वैश्विक कार्यक्रम है. मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन के दौरान जी. किशन रेड्डी अन्य देशों के खान मंत्रियों से भी मिलेंगे. रेड्डी रियाद में भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे और उनसे बातचीत करेंगे.

### स्टैलिन ने तमिलनाडु में डिजाइन व विकसित इलेक्ट्रिक एसयूवी की 'टेस्ट ड्राइव' को दिखाई हरी झंडी

**चेन्नई:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राज्य में डिजाइन व और विकसित महिंद्रा की इलेक्ट्रिक एसयूवी की 'टेस्ट ड्राइव' को सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाई. महिंद्रा ने नवंबर, 2024 में चेय्यार तथा चेंगलपट्टू में अपनी बीई6ई को 26.9 लाख रुपये (शोरूम कीमत) और एक्सईवी 9ई को 30.5 लाख रुपये (शोरूम कीमत) की कीमत पर पेश किया था. महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अध्यक्ष (मोटर वाहन उत्पाद विकास) एवं महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक आर. वेलुसामी ने कहा कि ये एसयूवी 14 जनवरी से 'टेस्ट ड्राइव' के लिए उपलब्ध होगी. वेलुसामी ने पत्रकारों से कहा, '' ...बीई 6ई और एक्सईवी 9ई का निर्माण हमारी जमीन पर किया गया है. इनमें कई विशेषताएं हैं जिनमें 'इनबिल्ट सेंसर' शामिल हैं जो किसी भी वस्तु से टकराने से बचाने में सहायता करता है.'' उन्होंने बताया कि इसके अलावा यदि कार चलाते समय चालक की नजर सड़क से हट जाती है तो यह उसे सचेत कर देता है. एसयूवी में 12 अल्ट्रासोनिक सेंसर, छह कैमरे और पांच रडार लगे हैं. बैटरी 20 मिनट में 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है. एक बार चार्ज करने पर यह 500 किलोमीटर तक चल सकती है.

### स्टैंडर्ड ग्लास का शेयर निगर्म मूल्य से करीब 26 फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली:** स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 140 रुपये से करीब 26 प्रतिशत उछाल के साथ सोमवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ. कंपनी का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 3,541.97 करोड़ रुपये रहा.कंपनी का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर शेयर निर्गम मूल्य से 25.71 फीसदी की बढ़त के साथ 176 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ. कारोबार के दौरान यह 29.78 फीसदी बढ़कर 181.70 रुपये पर पहुंच गया. इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यह 22.85 फीसदी चढ़कर 172 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ है.स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड के 410.05 करोड़ रुपये के आईपीओ को गत बुधवार को बोली के अंतिम दिन तक 182.57 गुना अभिदान मिला था. कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 133-140 रुपये प्रति शेयर तय किया था. इस इश्यू के जरिए कंपनी की योजना 410.05 करोड़ रुपये जुटाने की है.स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी का नए साल में लॉन्च होने वाला ये पहला आईपीओ है. कंपनी इस निर्गम से प्राप्त 10 करोड़ रुपये का इस्तेमाल मशीनरी और उपकरणों की खरीद, कुछ बकाया उधारों और भुगतान के लिए 130 करोड़ रुपये और इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्रा.लि. में निवेश के लिए 30 करोड़ रुपये तथा 20 करोड़ रुपये सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए करेगी.उल्लेखनीय है कि स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड भारत में फार्मास्यूटिकल और रासायनिक क्षेत्रों के लिए शीर्ष 5 विशेष इंजीनियरिंग उपकरण निर्माताओं में से एक है. कंपनी के पास पूरी उत्पादन प्रक्रिया को इन-हाउस प्रबंधित करने की क्षमता है. इस कंपनी के पास हैदराबाद (तेलंगाना) में आठ मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं. ये कंपनी फार्मास्यूटिकल और केमिकल निर्माताओं के लिए डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण, असेंबली, इंस्टॉलेशन और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीज़र सहित टर्नकी सॉल्यूशन प्रदान करती है.

### अच्छे मानसून से चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर तेज रहने की उम्मीद : पीके मिश्रा

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा ने कहा है कि मानसून की अनुकूल स्थिति से भारत का कृषि क्षेत्र वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है. मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कहा, ''मानसून अच्छा रहा है... मैं इस साल बहुत आशावादी हूं.'' वित्त वर्ष 2023-24 में कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई थी. हालांकि, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में संकेत दिया था कि अच्छे मानसून से चालू वित्त वर्ष में यह क्षेत्र 3.5 से चार प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है.मिश्रा ने कहा कि 2016-17 और 2022-23 के बीच कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में औसतन पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर देखी गई, जिसे पशुधन व मत्स्य पालन में मजबूत प्रदर्शन से समर्थन मिला. यह क्षेत्र कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी मजबूत बना रहा था और इसने समग्र आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया था. हालांकि, दाल और तिलहन उत्पादन में चुनौतियां बनी हुई हैं. मिश्रा ने कहा कि दालों का उत्पादन एक दशक पहले के 1.4 करोड़ टन से बढ़कर 2.4-2.5 करोड़ टन हो गया, लेकिन भारत इस मामले अब भी आत्मनिर्भर नहीं है.उन्होंने कहा, '' कई शोध किए जा रहे हैं और हमें महत्वपूर्ण प्रगति करनी चाहिए.'' कृषि संबंधी कच्चे माल और उपकरणों पर उच्च करों के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा कि कृषि मुद्दों को व्यापक कर नीति विचारों से अलग कर नहीं देखा जा सकता है. उन्होंने कहा, '' कर से संबंधित कई मुद्दे हैं और उन पर समग्र रूप से विचार करने की आवश्यकता है.

# भारत अब विश्व के शीर्ष 25 हथियार निर्यातकों में शामिल: निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत अब दुनिया के शीर्ष 25 हथियार निर्यातकों में शामिल हो गया है. भारत की 100 से ज्यादा कंपनियां ब्रह्मोस मिसाइल, पिनाका रॉकेट सिस्टम और डोर्नियर एयरक्राफ्ट जैसे उत्पादों का निर्यात कर रही हैं. उन्होंने कहा कि भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की है.



सीतारमण ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए इस बात पर भी जोर दिया कि भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की है. वित्त वर्ष 2023-24 में देश ने 1.27 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन किया है, जो वित्त वर्ष 2014-15 की तुलना में 2.7 गुना वृद्धि है.

उन्होंने कहा कि देश का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है.भारत ने वित्त वर्ष 2013-14 में केवल 686 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात किया था, जो एक दशक में 30 गुना वृद्धि है.

वित्त मंत्री की उपस्थिति में गुजरात के गांधीनर में गांधीनगर के लावड़-देहगाम स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के चौथे दीक्षांत समारोह के दौरान अंतराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य शिक्षा-उद्योग के बीच की खाई को पाटना, पेशेवरों को प्रशिक्षित करना और अनुसंधान करना है. इस अवसर पर गुजरात सरकार के वित्त, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स मंत्री कनु देसाई, आरआरयू के कुलपति बिमल एन. पटेल और आईएफएससीए के अध्यक्ष के. राजारमन भी उपस्थित थे.

## सोने की कीमत में मामूली गिरावट, चांदी की भी घटी चमक

**नई दिल्ली:** घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार चार दिन तक तेजी दिखाने के बाद आज सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है. इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये से लेकर 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये से लेकर 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी की कीमत में भी आज मामूली गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 93,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार करती रही.दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है.

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर ।और 22 कैरेट सोना 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में कमजोरी आई है.

## डॉलर की तुलना में रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा रुपया, 61 पैसा टूट कर रुपया 86.61 के स्तर पर आया

**नई दिल्ली:** डॉलर इंडेक्स की मजबूती और कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी के कारण आज डॉलर की तुलना में रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया. भारतीय मुद्रा आज डॉलर के मुकाबले 86 रुपये के स्तर को भी पार कर गई. इस जोरदार गिरावट के कारण भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 61 पैसे की कमजोरी के साथ 86.61 रुपये के स्तर पर बंद हुई. पिछले सप्ताह 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट का सामना करने के बाद रुपये का ये अभी तक का सबसे निचला स्तर है. मुद्रा बाजार के जानकारों का मानना है कि डॉलर इंडेक्स की मजबूती और कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण रुपये पर लगातार दबाव बढ़ा है. साथ ही कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली की वजह से भी डॉलर की मांग में तेजी आ गई है. इसकी वजह से भारतीय मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है. मुद्रा बाजार की जानकार सर्वेश्वर दयाल सिन्हा का कहना है कि कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी के कारण भारत का इंपोर्ट बिल बढ़ा है जिससे रुपये पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है. साथ ही अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में जीत हासिल करने के बाद से ही डॉलर इंडेक्स लगातार मजबूत हो रहा है. डॉलर इंडेक्स की मजबूती के कारण भारतीय मुद्रा रुपया समेत दुनिया भर के ज्यादातर देशों की मुद्रा प्रभावित हुई है. सिन्हा का कहना है कि डॉलर इंडेक्स की तेजी के साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली की वजह से भी रुपया पर दबाव बढ़ गया है. विदेशी निवेशक अपना पैसा निकालने के लिए जनवरी के पहले दिन से ही लगातार बिकवाली का दबाव बनाए हुए हैं, जिसके कारण डॉलर की मांग लगातार बढ़ती जा रही है.



ऐसे में अगर भारतीय रिजर्व बैंक में प्रभावी हस्तक्षेप नहीं किया, तो डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत 87 के स्तर तक गिर सकती है. हालांकि बताया जा रहा है कि डॉलर इंडेक्स की मजबूती के कारण रुपये पर बने दबाव के बीच रुपये की विनिमय दर को स्थिर रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से हस्तक्षेप की अधिक संभावना नहीं है क्योंकि अक्टूबर के महीने से ही विदेशी निवेशक स्टॉक मार्केट में बिकवाली का दबाव बनाए हुए हैं.

## सी-डॉट और आईआईटी मंडी ने गतिशील स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराने के लिए वाइडबैंड स्पेक्ट्रम सेंसर के सेमीकंडक्टर चिप विकसित करने का समझौता किया

**नई दिल्ली:** दूरसंचार विभाग (डॉट) की प्रमुख इकाई सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जम्मू (आईआईटी जम्मू) के सहयोग से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी (आईआईटी मंडी) के साथ स्पेक्ट्रम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वाइडबैंड स्पेक्ट्रम-सेंसर एएसआईसी-चिप विकसित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.




संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि दूरसंचार विभाग की दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीटीडीएफ) योजना के तहत इस पर हस्ताक्षर किए गए हैं. इस हस्ताक्षर समारोह में सी-डॉट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राज कुमार उपाध्याय, आईआईटी मंडी के प्रधान अन्वेषक डॉ. राहुल श्रेष्ठ, आईआईटी जम्मू के सह-अन्वेषक डॉ. रोहित बी. चौरसिया और सी-डॉट के निदेशक डॉ. पंकज कुमार दलेला और सुश्री शिखा श्रीवास्तव उपस्थित थे.

मंत्रालय के मुताबिक भारतीय स्टार्टअप, शिक्षाजगत और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों को वित्तीय सहायता के लिए बनाई गई यह योजना दूरसंचार उपकरणों और इसके समाधानों के डिजाइन, उन्हें विकसित करने और व्यावसायीकरण के लिए अहम है. इसका उद्देश्य ब्रॉडबैंड और मोबाइल सेवाओं को किफायती बनाना है, जिससे पूरे भारत में डिजिटल विभाजन को पाटा जा सके. इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण भारत में ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम होल्स की सहायता से स्पेक्ट्रम दक्षता बढ़ाने के लिए विश्वसनीय और कार्यान्वयन-अनुकूल वाइडबैंड स्पेक्ट्रम सेंसिंग (डब्ल्यूएसएस) एल्गोरिदम विकसित करना है. स्पेक्ट्रम होल में द्वितीयक उपयोगकर्ता प्राथमिक उपयोगकर्ता को प्रभावित किये बिना डेटा संचारित कर सकता है. इस अवसर पर सी-डॉट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राज कुमार उपाध्याय ने विविधता पूर्ण देश की विशिष्ट आवश्यकताएं पूरी करने में स्वदेशी तौर पर डिजाइन और विकसित स्पेक्ट्रम सेंसिंग प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए आत्मनिर्भर भारत की प्रतिबद्धता दोहराई. डॉ. श्रेष्ठ और डॉ. चौरसिया ने वाइडबैंड स्पेक्ट्रम सेंसिंग के लिए नए एल्गोरिदम और हार्डवेयर मॉड्यूल के विकास से गतिशील स्पेक्ट्रम एक्सेस तकनीक विकसित करने के प्रति समर्पण दोहराया जो भारत सरकार के मेक-इन-इंडिया और इंडिया-सेमीकंडक्टर मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप है.

उन्होंने इस अनुसंधान में सहयोग के लिए डॉट और सी-डॉट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दूरसंचार क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान क्षमताओं और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के प्रयासों को बढ़ावा दे रहा है. यह परियोजना संचार एल्गोरिदम के डिजाइन पर ध्यान केंद्रित करेगी जो कम उपयोग में आ रहे बैंड (व्हाइट स्पेसेज) का पता लगाने और उनके उपयोग के लिए वाइडबैंड स्पेक्ट्रम (2 गीगाहर्ट्ज बैंडविड्थ से परे) के संवेदन के लिए हार्डवेयर अनुकूल है और संचार प्रणाली के स्पेक्ट्रम उपयोग को बढ़ाता है.

## भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश अप्रैल-दिसंबर 2024 में छह प्रतिशत बढ़ा :एनरॉक

**नयी दिल्ली:** भारतीय रियल एस्टेट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान निजी इक्विटी (पीई) निवेश सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2.82 अरब डॉलर हो गया.



औद्योगिक तथा लॉजिस्टिक्स पार्कों में पूंजी प्रवाह में तेजी से इसको बढ़ावा मिला. रियल एस्टेट परामर्शदाता एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान निजी इक्विटी (पीई) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 30 से घटकर 24 रह गई. हालांकि आलोच्य अवधि में कुल निवेश मूल्य 2.66 अरब अमेरिकी डॉलर से छह प्रतिशत बढ़कर 2.82 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया.

अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान कुल पीई निवेश में विदेशी वित्त का योगदान 82 प्रतिशत रहा. परिसंपत्ति वर्ग में, औद्योगिक तथा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की कुल निवेश में 62 प्रतिशत, आवास की 15 प्रतिशत, कार्यालय की 14 प्रतिशत तथा मिश्रित उपयोग परियोजनाओं की नौ प्रतिशत हिस्सेदारी रही. एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शोभित अग्रवाल ने कहा कि शीर्ष 10 सौदे इस वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में हुए कुल पीई लेनदेन का 93 प्रतिशत हैं.

उन्होंने कहा कि कुल पीई निवेश का नेतृत्व रिलायंस-एडीआईए/केकेआर वेयरहाउसिंग सौदे ने किया जिसकी कीमत 1.54 अरब अमेरिकी डॉलर थी. अग्रवाल ने कहा, '' इस सौदे के साथ-साथ 20.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ब्लैकस्टोन-लोगोस इक्विटी सौदे से लॉजिस्टिक्स तथा वेयरहाउसिंग क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिला, जिसकी कुल निवेश में 62 प्रतिशत हिस्सेदारी रही.

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हैदराबाद में पहली आवासीय परियोजना की शुरू;1,300 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य

**हैदराबाद:** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड को हैदराबाद में अपनी पहली आवासीय परियोजना से करीब 1,300 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है. गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में हैदराबाद में अपनी पहली प्रीमियम आवासीय परियोजना 'गोदरेज मैडिसन एवेन्यू' की शुरुआत की घोषणा की.कंपनी सूचना के अनुसार, हैदराबाद के कोकापेट में तीन एकड़ भूमि पर फैली इस परियोजना में करीब 12 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र होगा. इसकी अनुमानित बुकिंग कीमत करीब 1,300 करोड़ रुपये होगी. गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौरव पांडे ने कहा, '' हम हैदराबाद में अपनी पहली परियोजना शुरू करने को लेकर उत्साहित हैं, जो हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

## भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता बढ़कर 209.44 गीगावाट पर

### नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में पिछले वर्ष की तुलना में 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली:** नवीकरणीय ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता दिसंबर 2024 तक बढ़कर 209.44 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक पहुंच गई है, जो दिसंबर, 2023 में 180.80 गीगावाट थी. यह सलाना आधार पर 15.84 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की यह वृद्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित 'पंचामृत' लक्ष्यों के तहत अपने स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों और इसके व्यापक दृष्टिकोण के प्रति देश की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है. मंत्रालय के मुताबिक दिसंबर 2024 तक भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता 209.44 गीगावाट तक पहुंच गई है, जो दिसंबर 2023 में 180.80 गीगावाट की तुलना में 15.84 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है. वर्ष 2024 के दौरान जोड़ी गई कुल क्षमता 28.64 गीगावाट थी, जो वर्ष 2023 में जोड़े गए 13.05 गीगावाट की तुलना में 119.46 फीसदी की महत्वपूर्ण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि को दर्शाती है.मंत्रालय ने कहा कि वर्ष 2024 में सौर ऊर्जा 24.54 गीगावाट की वृद्धि के साथ इस वृद्धि का नेतृत्व करेगी, जो इसकी संचयी स्थापित क्षमता में वर्ष 2023 में 73.32 गीगावाट से वर्ष 2024 में 97.86 गीगावाट तक 33.47 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है. पवन ऊर्जा ने भी इस विस्तार में योगदान दिया है.



नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक बायो-एनर्जी ने भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है. इसकी स्थापित क्षमता दिसंबर 2023 में 10.84 गीगावाट से बढ़कर दिसंबर 2024 में 11.35 गीगावाट हो गई है, जो 4.70 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है. छोटी पनबिजली परियोजनाओं में वृद्धिशील वृद्धि देखी गई, जिसमें स्थापित क्षमता वर्ष 2023 में 4.99 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2024 में 5.10 गीगावाट हो गई, यह 2.20 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है. केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी के नेतृत्व में मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण पहलें की हैं. जो ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करते हुए अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. ये प्रभावशाली आंकड़े भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के निरंतर प्रयासों को रेखांकित करते हैं.

# शेयर बाजार में जबरदस्त कमजोरी, बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

### बाजार की कमजोरी से निवेशकों को 1 दिन में लगी 12.39 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली:** कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की चौतरफा बिकवाली, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और रुपये की कीमत में आई जोरदार गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया. आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी. हालांकि शुरुआती 1 घंटे के कारोबार में खरीदारी का जोर बनता हुआ नजर आया, लेकिन इसके बाद पूरे दिन शेयर बाजार पर दबाव बना रहा. इस दबाव की वजह से बीएसई का सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,129 अंक तक लुढ़क गया. वहीं आज के कारोबार में आई गिरावट के कारण घरेलू निवेशकों को 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो गया. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.36 प्रतिशत और निफ्टी 1.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए.

आज दिनभर के कारोबार के बाद बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए. इसमें रियल्टी सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से ये इंडेक्स 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ. इसी तरह पीएसई, मीडिया, ऑयल एंड गैस, पावर और मेटल इंडेक्स 3 प्रतिशत टूट गए. इसके अलावा बैंकिंग आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 4.17 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 4.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 417.28 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 429.67 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 12.39 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया.



आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,226 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 527 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,571 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 128 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,585 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 212 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,373 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए.

इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 4 शेयर बढ़त के साथ और 26 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 4 शेयर हरे निशान में और 46 शेयर लाल निशान में बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स आज 749.01 अंक टूट कर 76,629.90 अंक के स्तर पर खुला. बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर सेंसेक्स को सहारा देने की कोशिश की. खरीदारी के सपोर्ट से पहले 1 घंटे के कारोबार में ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 500 अंक की रिकवरी करके 77,128.35 अंक तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया. लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 1,129.19 अंक टूट कर 76,249.72 अंक तक पहुंच गया. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,048.90 अंक की गिरावट के साथ 76,330.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 236.10 अंक की कमजोरी के साथ 23,195.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 140 अंक से अधिक की रिकवरी करके 23,340.95 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इसमें तेज गिरावट आ गई.

लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 384.25 अंक लुढ़क कर 23,047.25 अंक तक गिर गया. हालांकि आखिरी मिनट में हुई खरीदारी के कारण निफ्टी निचले स्तर से करीब 40 अंक की रिकवरी करके 345.55 अंक की कमजोरी के साथ 23,085.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एक्सिस बैंक 0.83 प्रतिशत, टीसीएस 0.60 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 0.44 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, अडाणी एंटरप्राइजेज 6.29 प्रतिशत, ट्रेंट लिमिटेड 5.46 प्रतिशत, बीपीसीएल 4.45 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 4.21 प्रतिशत और अडाणी पोर्ट्स 4.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

# महाकुंभ : पौष पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगाने वालों में विदेश से आए तीर्थयात्री भी शामिल





**महाकुंभ नगर:** महाकुंभ-2025 की शुरुआत सोमवार को पौष पूर्णिमा के साथ हुई, जिसने प्रयागराज के संगम को आस्था, संस्कृति और मानवता के जीवंत केंद्र में बदल दिया. पवित्र जल में डुबकी लगाने वाले लाखों तीर्थयात्रियों में विदेश से आए श्रद्धालु भी शामिल थे, जिन्होंने इस दिव्य आयोजन के चमत्कार का अनुभव किया. अमेरिकी सेना का हिस्सा रह चुके माइकल, जो अब बाबा मोक्षपुरी के नाम से जाने जाते हैं, ने जूना अखाड़े से जुड़ने की अपनी यात्रा साझा की. उन्होंने कहा, मैं एक साधारण व्यक्ति था, जिसका अपना परिवार और करियर था. लेकिन मुझे एहसास हुआ कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है और मैं मोक्ष की तलाश में निकल पड़ा. मैंने अपना जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया. माइकल ने कहा, प्रयागराज में यह मेरा पहला महाकुंभ है. यहां का आध्यात्मिक अहसास असाधारण और बेजोड़ है. महाकुंभ ने विदेशियों के एक विविध समूह को भी आकर्षित किया है, जिसमें इस धार्मिक आयोजन को फिल्माने वाले दक्षिण कोरियाई यूट्यूबर से लेकर परंपराओं की गहरी समझ हासिल करने की ललक रखने वाले जापानी पर्यटक तक शामिल हैं. स्पेन की क्रिस्टीना ने इस आयोजन की भव्यता पर विस्मय व्यक्त किया. उन्होंने कहा, यह एक अद्भुत पल है. मैं पहली बार इतने भव्य और अलौकिक आयोजन की गवाह बन रही हूं. एक अन्य विदेशी आगंतुक जूली ने संगम में डुबकी लगाकर एक अजब-सा आध्यात्मिक सुकून मिलने की बात कही. उन्होंने कहा, मैं पवित्र जल में डुबकी लगाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस कर रही हूं. मुझमें पूर्णता का जो भाव जगा है, उसे मैं शब्दों में नहीं बयां कर सकती. इटली से आने वाली बेलेरिया ने महाकुंभ के आध्यात्मिक वातावरण को अद्भुत और रोमांचक करार दिया. हालांकि, उन्होंने और उनके पति मिखाइल ने ठंडे मौसम के कारण पवित्र जल में डुबकी नहीं लगाई. मिखाइल ने मजाकिया लहजे में कहा, मेरी पत्नी ने मुझे धमकी दी कि अगर मैंने संगम में डुबकी लगाई, तो वह मुझे छोड़ देगी, क्योंकि पानी बहुत ठंडा है! दंपति ने कहा कि ठंड कम होने पर वे एक बार फिर महाकुंभ में आने की कोशिश करेंगे. पहली बार महाकुंभ में पहुंचे ब्राजील के योग साधक शिकू ने 'मोक्ष' की खोज को अपनी यात्रा का मकसद बताया. उन्होंने कहा, भारत दुनिया का आध्यात्मिक हृदय है और इस बार 144 वर्षों बाद बना ग्रहों का दुर्लभ संयोग महाकुंभ को और भी खास बनाता है. मैं यहां आकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं. जय श्रीराम. फ्रांसीसी पत्रकार मेलानी में इस आयोजन ने एक अप्रत्याशित रोमांच पैदा किया. मेलोनी ने कहा, जब मैंने भारत की यात्रा की योजना बनाई थी, तब मुझे महाकुंभ के बारे में नहीं पता था. लेकिन एक बार जब मुझे इसके बारे में पता चला, तो मुझे लगा कि मुझे यहां आना ही होगा. साधुओं से मिलना और इस जीवंत मेले को देखना जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव है. उत्तर प्रदेश सरकार को महाकुंभ में विदेशी आगंतुकों सहित कुल 40 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है.


## महाकुम्भ में पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ कल्पवास की शुरुआत



**महाकुम्भ नगर:** सनातन आस्था के महापर्व महाकुम्भ की शुरुआत तीर्थराज प्रयागराज के संगम तट पर पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शुरू हो गई. भारत की सांस्कृतिक विविधता में आध्यात्मिक एकता का मनोरम दृश्य संगम तट पर देखने को मिल रहा है. देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आस्था की डोर में बंधे गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान करने करोड़ों की संख्या में आ रहे हैं. इसके साथ ही महाकुम्भ की विशिष्ट परंपरा कल्पवास की भी शुरुआत हो गई है. कल्पवास करने से पुण्य की प्राप्तिपद्म पुराण और महाभारत के अनुसार संगम तट पर माघ मास में कल्पवास करने से सौ वर्षों तक तपस्या करने के समान पुण्य की प्राप्ति होती है. विधि-विधान के अनुसार लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम तट पर केला, तुलसी और जौ रोपकर एक महाव्रत और संयम का पालन करते हुए कल्पवास की शुरुआत की. तीर्थराज प्रयागराज में कल्पवास करने का विधानतीर्थराज प्रयागराज में माघ मास में कल्पवास करने का विधान है, महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है. इसलिए इस वर्ष अनुमान के मुताबिक 10 लाख से अधिक लोग संगम तट पर पूरे एक माह का कल्पवास करेंगे. तीर्थपुरोहित श्याम सुंदर पाण्डेय के अनुसार, कल्पवास का शाब्दिक अर्थ है कि एक कल्प अर्थात एक निश्चित समयावधि में संगम तट पर निवास करना. पौराणिक मान्यता के अनुसार माघ मास में पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक कल्पवास करने का विधान है. श्रद्धालु अपनी शारीरिक और मानसिक स्थिति के अनुरूप तीन दिन, पांच दिन, ग्यारह दिन आदि का संकल्प लेकर भी कल्पवास करते हैं. विधि-विधान से कल्पवास करने वाले साधक बारह वर्ष लगातार कल्पवास कर महाकुम्भ के अवसर पर इसका पारण करते हैं, जो कि शास्त्रों में विशेष फलदायी और मोक्षदायक माना गया है. पद्म पुराण में है कल्पवास के नियम पद्मपुराण में भगवान दत्तात्रेय ने कल्पवास के 21 नियमों का उल्लेख किया है, जिसका पालन कल्पवासी संयम के साथ करते हैं, जिनमें से तीनों काल गंगा स्नान करना, दिन में एक समय फलाहार या सादा भोजन ही करना, मद्य, मांस, मदिरा आदि किसी भी प्रकार के दुर्व्यसनों का पूर्णतः त्याग करना, झूठ नहीं बोलना, अहिंसा, इन्द्रियों पर नियंत्रण, दयाभाव और ब्रह्मचर्य का पालन करना, ब्रह्म मुहूर्त में जागना, स्नान, दान, जप, सत्संग, संकीर्तन, भूमि शयन और श्रद्धापूर्वक देव पूजन करना शामिल है. नियम, व्रत और संयम का पालन करते हुए पूरा होगा कल्पवास पौराणिक मान्यता और शास्त्रों के अनुसार पौष पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में संगम स्नान कर भगवान शालिग्राम और तुलसी की स्थापना कर उनका पूजन किया. सभी कल्पवासियों को उनके तीर्थपुरोहितों ने पूजन करवा कर हाथ में गंगा जल और कुशा लेकर कल्पवास का संकल्प करवाया. इसके साथ ही कल्पवासियों ने अपने टेंट के पास विधिपूर्वक जौ बोए और केले का पौधा लगाया. कल्पवासी पूरे माघ मास केला और तुलसी का पूजन करेंगे. तीनों काल में सभी कल्पवासी नियम पूर्वक गंगा स्नान, जप, तप, ध्यान, सत्संग और पूजन करेंगे. कल्पवास के काल में साधु-संन्यसियों के सत्संग और भजन-कीर्तन करने का विधान है.

## कुम्भ में दो युवा प्रतिभाओं ने ग्रहण किया सन्यास

### स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती से दीक्षा लेकर सनातन की सेवा का लिया संकल्प



**महाकुम्भ नगर:** सनातन आस्था और महाविज्ञान से प्रभावित होकर दो प्रतिभाशाली युवाओं ने आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर सन्यास ग्रहण किया है. अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री, दंडी स्वामी स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने इन दोनों युवाओं को मंत्र दीक्षा प्रदान किया. महाकुम्भ के प्रथम पुण्य स्नान के पवित्र अवसर पर इन युवाओं के इस निर्णय ने सनातन आस्था को प्रमाणित किया है. सनातन संस्कृति और अध्यात्म के प्रति प्रतिभावान युवा शक्ति का यह जुड़ाव अत्यंत स्वागत योग्य है. प्रथम युवा कोलकाता के उपकुर्वाण ब्रह्मचारी संजयानन्द को आज नैयष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा देकर ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानन्द नाम प्रदान किया गया. दूसरे प्रतिभावान युवा और पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर विवेक कुमार पांडे को आज सन्यास की दीक्षा देकर स्वामी केशवानन्द सरस्वती नाम प्रदान किया गया. दोनों युवा सन्यासियों ने आज दीक्षा के उपरांत कहा कि उनके मार्गदर्शक और गुरु स्वामी जीतेंद्रानंद की यह कृपा उन्हें अब सनातन की व्यापक सेवा का मार्ग प्रशस्त करेगी. राष्ट्र को इस समय पूज्य स्वामी के संकल्प पूरे करने के लिए हमारे जैसे युवाओं की अत्यंत आवश्यकता है. सनातन धर्म और संस्कृति की व्यापक सेवा में हमें गुरुदेव की कृपा मिलती रहे, ऐसी कामना है. इस अवसर पर स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि भारत ही नहीं बल्कि विश्व के युवाओं में सनातन धर्म और संस्कृति के प्रति आकर्षण बढ़ा है. यह बहुत ही शुभ है. ऐसे समय में जबकि दुनिया अनेक गंभीर युद्धों के संकट से जूझ रही है, प्रयाग राज से सनातन का विश्व कल्याण का उदघोष ही विश्व को उचित दिशा देने वाला है. उन्होंने कहा कि आज दीक्षा प्राप्त करने वाले दोनों प्रतिभावान संन्यासी सनातन के लिए निधि बन कर कार्य करेंगे, ऐसा मुझे विश्वास है.

## श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े में अमेरिका से आये संत का किया गया पट्टाभिषेक, बनाया गया महामंडलेश्वर



**महाकुम्भ नगर:** अमेरिका से आये संत वेदव्यास का वैदिक मंत्रों एवं विधि विधान से महाकुम्भ मेला क्षेत्र में स्थित श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के शिविर में रविवार रात पट्टाभिषेक किया गया. इस मौके विभिन्न अखाड़े के महामण्डलेश्वर और प्रमुख संत सामिल हुए. श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के पंच परमेश्वरो ने अखाड़े की छावनी में विदेशी संत वेद व्यासानन्द को महामंडलेश्वर बनाया है. यह निर्णय एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम के दौरान लिया गया, जिसमें विदेशी संत को इस सम्मानित पद पर आसीन किया गया. आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी ने कहा की वेद व्यासानन्द भारतीय साधना परंपराओं और योग के प्रमुख प्रचारक रहे हैं, उनका यह पद प्राप्त करना निरंजनी अखाड़े के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. इस निर्णय से अखाड़े के धार्मिक कृत्य और परंपराओं को वैश्विक स्तर पर और अधिक मान्यता मिलेगी है. अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा की आज निरंजनी अखाड़े की छावनी मे वेद व्यासा नन्द को महामंडलेश्वर बनाया गया हैं जो आज से महामंडलेश्वर स्वामी वेद व्यासा नन्द के नाम से जाने जायेंगे. उन्होंने कहा की अखाड़ों के संत धर्म के प्रमुख प्रचारक होते हैं. अखाड़े विशेष रूप से हिंदू धर्म के भीतर धार्मिक और समाजिक गतिविधियों के केंद्र होते हैं, जहां साधु-संत एकत्र होते हैं. इन संतों का मुख्य उद्देश्य धार्मिक ज्ञान, ध्यान, साधना, और समाज में धर्म का प्रचार करना होता है. वे लोगों को धार्मिक शिक्षा देते हैं, त्याग और तपस्या का पालन करने के लिए प्रेरित करते हैं, और समाज में नैतिकता एवं धर्म की महत्वता को बताते हैं. आनंद अखाड़ा पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालका नंद गिरी महाराज ने कहा की अखाड़े न केवल धार्मिक गतिविधियों का संचालन करते हैं, बल्कि वे समाज में अच्छे आचरण और सामाजिक न्याय की दिशा में भी काम करते हैं. इनमें से कई संत समाज सुधारक भी होते हैं और जातिवाद, अंधविश्वास, और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाते हैं. उन्होंने कहा की अखाड़ों में महामंडलेश्वर बनाने की परंपरा होती हैं . यह परंपरा विशेष रूप से हिंदू साधु-संतों के बीच प्रचलित है, जहां अखाड़े के पंचपरमेश्वरों (जो कि प्रमुख संत होते हैं) द्वारा किसी संत को महामंडलेश्वर का पद सबकी सहमति से प्रदान कर सकते है. उन्होंने कहा की महामंडलेश्वर का पद एक सम्मानजनक और महत्वपूर्ण पद होता है, जो साधु-संतों के बीच विशेष आध्यात्मिक और धार्मिक प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है. यह सम्मान उन संतों को दिया जाता है जो अपने धार्मिक जीवन, सेवा और साधना में उच्चतम मानक स्थापित कर लेते हैं. निरंजनी अखाड़े के सचिव श्री महंत रामरतन गिरी माहराज ने कहा की सनातन धर्म में भगवा रंग का अत्यधिक महत्व है. भगवा रंग को शुद्धता, त्याग, तपस्या, और आध्यात्मिकता का प्रतीक माना जाता है. यह रंग विशेष रूप से हिंदू साधु-संतों द्वारा पहना जाता है, जो अपने जीवन में सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर साधना और तपस्या के माध्यम से परमात्मा के साथ एकात्मता की ओर अग्रसर होते हैं.उन्होंने कहा की भगवा रंग का संबंध भी सूर्य और अग्नि से है, जो शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं.

## असामाजिक तत्वों ने शिव मंदिर परिसर में फेंका बछड़े का सर, पुलिस की सक्रियता से टली बड़ी घटना



**भागलपुर:** जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के अंबेडकर स्टेट शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को बछड़े का सिर मिलने से अफरा तफरी का माहौल हो गया. बताया जा रहा है कि नशे में धुत्त एक व्यक्ति ने बछड़े का कटा सर उस मंदिर प्रांगण में फेंक दिया. बछड़े का कटा सर एक प्लास्टिक के बोरे में बंद था. यह खबर फैलते ही वहां की स्थिति तनावपूर्ण होती चली गई और माहौल बिगड़ने लगा. तभी स्थानीय लोगों की सूझबूझ से फौरन 112 गस्ती गाड़ी को फोन कर बुलाया गया. फिर भी वहां का माहौल शांत नहीं हुआ. इसके बाद स्थिति को काबू करने के लिए सिटी डीएसपी 2 राकेश कुमार के साथ हबीबपुर इंस्पेक्टर पंकज रावत अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद स्थिति को काबू कर पाया. पुलिस प्रशासन और शांति समिति के द्वारा ग्रामीणों की मदद से माहौल शांत करते हुए मंदिर में पूजा पाठ प्रारंभ कर दिया गया. ताकि माहौल शांत हो सके. सीटी डीएसपी तो राकेश कुमार ने बताया कि अभी स्थिति सामान्य है. ग्रामीण भी इस शांति को बहाल करने में अपना अहम योगदान दे रहे हैं. बछड़े कि सर फेंकने वाले व्यक्ति को पुलिस ने अपने गिरफ्त में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है . स्थानीय लोगों ने इस तरह की घटना को काफी दुर्भाग्यपूर्ण बताया. लोगों ने कहा कि इस तरह मंदिर प्रांगण में नहीं होना चाहिए. यह घटना बड़ा रूप ले सकता था. ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए.

## आंख फोड़ी..फिर सीने में दाग दी गोली, औरंगाबाद में डॉक्टर की बेरहमी से हत्या



**औरंगाबाद:** बिहार के औरंगाबाद के बारुण थाना क्षेत्र के पटना कैनाल पर खंडा मितराज गांव के पास एक ग्रामीण डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. वहीं ग्रामीण चिकित्सक की हत्या कर शव को नहर के किनारे फेंक दिया गया. मृतक की पहचान ग्रामीण डॉक्टर अनिल कुमार सिंह के रूप में की गई है. डॉक्टर रोहतास जिले के सासाराम के मोरसराय मोहल्ले का निवासी था और वह ओबरा में निजी क्लिनिक चलाता था. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया था. जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है. माना जा रहा है कि ग्रामीण डॉक्टर प्रैक्टिस करने के बाद अपने घर सासाराम जा रहे थे. हर रोज वो उसी रास्ते से अपने घर जाते थे. औरंगाबाद सदर एसडीपीओ- 01 संजय कुमार पांडे ने बताया कि बारुण से दाउदनगर जाने वाली उक्त नहर के सड़क पर शव मिला है. मृतक की एक आंख भी फूटी हुई थी और सीने पर गोली का निशान था. वहीं घटनास्थल से मृतक का बैग जिसका कुछ हिस्सा जला हुआ था और एक पैशन प्रो बाइक मिली है. वहीं व्यस्त मार्ग में दिन दहाड़े हत्या कर अपराधियों के फरार होने से लोगों में दहशत का माहौल है. उधर पुलिस मामले को लेकर पारिवारिक विवाद की भी आशंका जता रही है. औरंगाबाद के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 1 संजय पांडेय ने बताया कि बारूण थानाध्यक्ष सौरभ कुमार को सूचना मिली थी कि खैरा गांव से आगे सोन नहर के पटना कैनाल के किनारे एक लाश पड़ी हुई है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है.

## अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के स्नान का समय और आने-जाने का रूट हुआ तय

**महाकुम्भ नगर:** महाकुंभ में विभिन्न अखाड़ों के साधु-संत शाही स्नान (अब अमृत स्नान) करते हैं. अखाड़ों को विशेष क्रम में स्नान का अधिकार दिया जाता है, जो परंपराओं और उनकी प्रतिष्ठा के आधार पर तय होता है. कुंभ मेला प्रशासन की तरफ से सभी 13 अखाड़ों को अमृत स्नान संबंधी समय सूची जारी की गई है. सबसे पहले, महानिर्वाणी और अटल अखाड़े के संत-महंत, महामंडलेश्वर अमृत स्नान करेंगे. परंपरानुसार, पहले सातों संन्यासी स्नान करेंगे, इसके बाद तीनों वैरागी और अंत में तीनों उदासीन अखाड़े स्नान करेंगे. गौरतलब है कि, महाकुंभ के दौरान कुल छह स्नान आयोजित होंगे, जिनमें से तीन स्नान अमृत (शाही) स्नान होंगे, जिन्हें अखाड़े विशेष रूप से करते हैं. पहले अमृत स्नान का आयोजन मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को होगा, दूसरा मौनी अमावस्या पर 29 जनवरी को और तीसरा वसंत पंचमी के दिन 3 फरवरी को होगा. पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव महंत जमुना पुरी के अनुसार, मकर संक्रान्ति यानी 14 जनवरी को श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी सबसे पहले अमृत स्नान करेगा, जिसके साथ श्री शम्भू पंचायती अटल अखाड़ा भी होगा. यह अखाड़ा 5.15 पर शिविर से प्रस्थान करेगा और 6.15 पर घाट पहुंचेगा. इसे 40 मिनट का समय स्नान के लिए दिया गया है. यह 6.55 पर घाट से वापस शिविर के लिए रवाना होगा और 7.55 पर शिविर पहुंचेगा. दूसरे स्थान पर स्नान करेगा श्री निरंजनी अखाड़ाअमृत स्नान में दूसरे स्थान पर श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा, एवं श्री पंचायती अखाड़ा आनन्द है. इसका शिविर से प्रस्थान का समय 06.05, घाट पर आगमन का समय 07.05, स्नान का समय 40 मिनट, घाट से प्रस्थान का समय 7.45 शिविर में आगमन का समय 8.45 रहेगा. तीसरे स्थान पर संन्यासी अखाड़ों का अमृत स्नानतीसरे स्थान पर तीन संन्यासी अखाड़े अमृत स्नान करेंगे, जिसमें श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा एवं श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा और श्री पंचाग्नि अखाड़ा शामिल हैं. इसका शिविर से प्रस्थान का समय 07.00.घाट पर आगमन का समय 08.00,स्नान का समय 40 मिनट, घाट से प्रस्थान का समय 8.40 शिविर में आगमन का समय 9.40 होगा. बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अनी अखाड़ा करेगा स्नानतीन बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाडा 09.40 पर शिविर से चलेगा, 10.40 पर घाट पहुंचेगा और 30 मिनट स्नान के बाद 11.10 पर घाट से रवाना होकर 12.10 पर शिविर पहुंच जाएगा. इसी क्रम में अखिल भारतीय श्री पंच दिगम्बर अनी अखाडा 10.20 पर शिविर से निकलेगा, 11.20 पर घाट पहुंचना, 50 मिनट स्नान के बाद 12.10 पर घाट से रवाना होकर 13.10 पर शिविर वापस आ जाएगा. अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा 11.20 पर शिविर से चलेगा, 12.20 पर घाट पहुंचेगा. 30 मिनट स्नान के बाद 12.50 पर वहां से वापस 13.50 पर शिविर आ जायेगा. उदासीन और निर्मल अखाड़ों की समय सूचीशेष बचे तीन अखाड़ों में उदासीन अखाड़े आते हैं. इसमें उदासीन श्री पंचायती नया उदासीन अखाडा 12.15 पर अपने शिविर से रवाना होकर 13.15 पर घाट पहुंचेगा और 55 मिनट स्नान करने के बाद 14.10 पर घाट से रवाना होकर 15.10 पर शिविर पहुंच जाएगा. इसके बाद श्री पंचायती अखाड़ा, नया उदासीन, निर्वाण की बारी है, जो 13.20 बजे शिविर से उठेगा और 14.20 पर घाट पहुंचेगा. यहां एक घंटे स्नान के बाद 15.20 पर घाट से रवाना होकर 16.20 पर शिविर आ जायेगा. आखिर में श्री पंचायती निर्मल अखाड़े का स्नानसबसे आखिर में अमृत स्नान करेगा श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा. यह अखाड़ा 14.40 पर शिविर से चलेगा और 15.40 पर घाट पहुंचेगा. चालीस मिनट स्नान करने के बाद 16.20 पर घाट से रवाना होकर 17.20 पर शिविर आ जायेगा. यह समय सूची केवल मकर संक्रांति और बसंत पंचमी स्नान के लिए है. अखाड़ों के संगम जाने का रास्ता तयस्नान के लिए जाने वाले रथों और वाहनों की संख्या मेला पुलिस द्वारा जारी पास के अनुसार ही निर्धारित की जाएगी.

## न्यूज कॉर्नर

### केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आचार्य किशोर कुणाल को भारत रत्न देने की अनुशंसा की, राष्ट्रपति को लिखा पत्र



**पटना:** केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने आचार्य किशोर कुणाल को भारत रत्न देने की अनुशंसा की है. जीतन राम मांझी ने इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है. पत्र में जीतन राम मांझी ने कहा है कि समाज में आचार्य किशोर कुणाल के व्यापक योगदान के कारण वे भारत रत्न देने की अनुशंसा कर रहे हैं. केन्द्रीय मंत्री ने लिखा है कि आचार्य किशोर कुणाल को वे व्यक्तिगत रूप से जानते थे. 1972 बैच के आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल ने अयोध्या मामले के समाधान के लिए विशेष कार्य पदाधिकारी के तौर सेवाएं दी. आचार्य किशोर कुणाल ने एक आईपीएस अधिकारी के अलावा धार्मिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. जीतन राम मांझी ने पत्र में लिखा है कि कुणाल के कुशल नेतृत्व में महावीर मन्दिर न्यास ने महावीर कैंसर संस्थान की स्थापना की, जहां गरीब और वंचित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं. कुणाल ने पटना में ज्ञान निकेतन विद्यालय की भी स्थापना की. कैमूर पहाड़ियों पर गुप्तकालीन एकमात्र मौजूदा मन्दिर मुण्डेश्वरी भवानी के जीर्णोद्धार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उनकी पहल और प्रयासों से बिहार के पूर्वी चंपारण में विश्व के सबसे बड़े विराट् रामायण मन्दिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ. जीतन राम मांझी ने राष्ट्रपति को दिये पत्र में कहा है कि आचार्य किशोर कुणाल को भारत रत्न देने की अनुशंसा करते हुए उन्हें हर्ष की अनुभूति हो रही है.

### उमा भारती पहुंचीं प्रयागराज, बोलीं महाकुंभ में इतनी अच्छी व्यवस्था पहले कभी नहीं देखी



**महाकुंभनगर:** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती सोमवार को प्रयागराज पहुँची. महाकुंभ की व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खूब सराहना की हैं. उमा भारती ने प्रयागराज पहुंचने पर अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि 1977 से मैंने श्रीप्रयागराज के महाकुंभ में स्नान शुरू किए, तब से लेकर इस महाकुंभ तक यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था, सुरक्षा, सुविधा, प्रशासन एवं पुलिस का अतिविनम्र व्यवहार पहले कभी नहीं देखा. धन्य है भारत, धन्य है श्री प्रयागराज और धन्य है महाकुंभ. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करोड़ों भारतवासियों की ओर से मेरा अभिनंदन. पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि मैं आज सवेरे श्री प्रयागराज पहुंच गई. महाकुंभ क्षेत्र में नहीं हूं, शहर के अंदर रुकी हुई हूं. आज सवेरे जब प्रयागराज जं. रेलवे स्टेशन पर उतरी तो भ्रम और भय दोनों दूर हो गए.

## मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिले को दी 937 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

### 198 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में समस्तीपुर जिले को 937 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी. इस दौरान मुख्यमंत्री ने 198 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया. इसमें 500.82 करोड़ रुपये की 51 योजनाओं का उद्घाटन तथा 436.64 करोड़ रुपये की 147 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है. प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड के रायपुर ग्राम में 100 बैंड वाले डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय कल्याण छात्रावास का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया. मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित छात्रावास भवन का निरीक्षण भी किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र के यहां उद्घाटन होने से आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को काफी सुविधा होगी और यहां पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. मुख्यमंत्री ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र के भवन परिसर से ही समस्तीपुर जिले के विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम केंद्र सरकार में मंत्री थे तो बाहर कई जगहों पर स्वयं सहायता समूहों का काम देखा लेकिन उस समय बिहार में ऐसा कुछ नहीं था. जब मुझे बिहार में काम करने का मौका मिला तो वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह का गठन करवाया और इसका नाम 'जीविका' दिया. इससे जुड़नेवाली महिलाओं को हमने 'जीविका दीदी' नाम दिया. उस समय की केंद्र सरकार ने इसके कार्यों को सराहा और पूरे देश में इसे आजीविका नाम से चलाया. जीविका दीदियों में काफी आत्मविश्वास आया है और उनकी बोलचाल रहन-सहन और जीवन शैली में काफी बदलाव आया है. बिहार में अब जीविका स्वयं सहायता समूह की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिससे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं. इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड स्थित मुक्तापुर मोईन का पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुक्तापुर मोईन के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि यह करीब 50 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जो बूढ़ी गंडक नदी से जुड़ा है. मुक्तापुर रेलवे गुमटी पहुंचकर मुख्यमंत्री ने 99.23 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-322 के दरभंगा-समस्तीपुर रेल खंड अंतर्गत मुक्तापुर-किशनपुर सेक्शन के बीच एलसी नंबर 02 पर आरओबी का निर्माण कार्य तथा समस्तीपुर-पूसा पथ एवं समस्तीपुर-कर्पूरी ग्राम स्टेशनों के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 63 ए के बदले कास्ट शेयरिंग के आधार पर 11951.90 लाख रुपये की लागत से आरओबी के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया. शिलान्यास के पश्चात् मुख्यमंत्री ने मुक्तापुर रेलवे गुमटी का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए. इसके बाद मुख्यमंत्री ने वारिसनगर प्रखंड के ग्राम शेखोपुर में जल-जीवन हरियाली अभियान के अंतर्गत सौंदर्गीकृत कराए गए तालाब का जायजा लिया. अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत बने घरों की चाबी, 23 हजार 585 समूहों को बैंक ऋण के तहत 276 करोड़ 25 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, परिक्रमी निधि एवं सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 680 ग्राम संगठनों के 8 हजार 750 समूहों को 47 करोड़ 24 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत समस्तीपुर जिले के कुल 2982 लाभार्थियों को 11 करोड़ 45 लाख रुपये का सांकेतिक चेक वितरित किया. मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला अंतर्गत मगरदडी घाट पुल के समानांतर पुराने स्क्रू पाइल पुल के स्थान पर 45 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित नया उच्च स्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य के संदर्भ में स्थल निरीक्षण किया. अधिकारियों ने बूढ़ी गंडक नदी पर स्थित मगरदही घाट पुल के प्रस्तावित समानांतर पुल के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री सह समस्तीपुर जिला के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, सांसद शांभवी चौधरी सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

## कॉर्नर न्यूज

### झाड़ियों में मिला नवजात, चूहों ने शरीर को कुतरा, आए 40 टांके

**अजमेरः** अजमेर के रोडवेज बस स्टेण्ड के पीछे शराब की दुकान के पास रविवार देर रात झाड़ियों में एक नवजात रोते हुए मिला. नवजात के शरीर को चूहों ने कुतरा हुआ था. पुलिस ने नवजात को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया, जहां शिशु रोग विभाग के आईसीयू में उपचार जारी है. नवजात के शरीर पर 40 टांके आना बताया जा रहा है. जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के मीडिया प्रभारी डॉ अमित यादव ने बताया कि नवजात का उपचार जारी है. अभी स्थिति के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता. उन्होंने बताया कि मामले में जिला पुलिस प्रशासन और जिला बाल कल्याण समिति को सूचित कर दिया गया है. जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अंजली शर्मा ने बताया कि उन्हें पुलिस व अस्पताल की तरफ से सूचना मिली थी. उन्होंने स्वयं अस्पताल पहुंचकर नवजात के बारे में जानकारी की है. नवजात के सिर, ललाट व अन्य जगह घाव हैं. बताया गया कि नवजात जब बरामद हुआ तब नीला पड़ा हुआ था. अस्पताल में उपचार किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि मामले में सिविल लाइन पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है. पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज देख कर माता अथवा संबंधित व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है. बताया जा रहा है कि नवजात के रोने की आवाज सुनकर राहगीर वहां तक पहुंचे जिन्होंने बाद में पुलिस को सूचित किया.

### हार्डवेयर कारोबारी से पांच लाख की धोखाधड़ी

**जोधपुरः** शहर के एक हार्डवेयर कारोबारी से फेसबुक पर फ्रैण्ड बनी युवती और उसके परिचितों ने क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग के नाम पर पांच लाख रूपयों की धोखाधड़ी कर ली. पीड़ित को रूपए वापिस नहीं मिलने पर अब पुलिस की शरण लेकर केस दर्ज करवाया है. पुलिस ने इसमें अग्रिम पड़ताल आरंभ की है. प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि कमला नेहरू नगर डी-3 में रहने वाले राजेश धूत पुत्र फूलचन्द धूत की तरफ से रिपोर्ट दी गई. इसमें बताया कि वह हार्डवेयर का कारोबार करता है. जुलाई 2024 उसके पास फेसबुक से स्वाति नेहा के नाम फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट आयी थी. कुछ दिनों की बातचीत के बाद स्वाति नेहा ने वाटसएप से उसके नम्बर पर मैसेज भेजा और कहा कि उसके अंकल जोकि अमेरिका में रहते हैं और उनको क्रिप्टोकरेन्सी की ट्रेडिंग में बीस साल का अनुभव है. वो उसे को टिप भेजते है जिसमें निश्चित लाभ होता है. स्वाति नेहा ने मेरे को बोला कि आप भी इसमे पैसे लगाओं आपको भी लाभ होगा. जिस पर स्वाति नेहा ने वेबबूल कस्टनमर सर्विस मे रजिस्ट्रेशन करवाकर लिंक भेजा. उसके बाद में स्वाति नेहा ने वाटसएप पर एक खाता संख्या फेडरल बैंक का भेजा जिसमें 50000 रूपए जमा करवाने का बोला था. तब खाते में आईसीआईसीआई बैंक के खाता नम्बर से 07 सितंबर 2024 को 50000 रूपए भेजे थे.

### घने कोहरे में रोडवेज-जीप की टक्कर में तीन की मौत

**श्रीगंगानगरः** जिले के पदमपुर के सीसी हेड के पास सोमवार सुबह घने कोहरे में रोडवेज बस और बोलेरो जीप की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. बोलेरो ड्राइवर बस को देख नहीं पाया और भिड़ंत हो गई. हादसे के बाद जाम लग गया. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को सड़क किनारे करवाया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया. मृतकों के शव भी सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं. पदमपुर एसएचओ सुरेंद्र राणा ने बताया कि श्रीगंगानगर से रोडवेज की बस सुबह बीकानेर के लिए रवाना हुई थी. यह सुबह पदमपुर के पास पहुंची. इसी दौरान घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से सामने से आ रही जीप से उसकी टक्कर हो गई. हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर से जोरदार धमाका हुआ और जीप का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. धमाके की आवाज सुनकर आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़े और जीप सवार घायलों को निकाला. मौके पर तीन लोगों की मौत हो चुकी थी. बस श्रीगंगानगर से बीकानेर जा रही थी, जबकि जीप गांव 33 एमएल से पंजाब की तरफ जा रही थी. इसमें पांच लोगों के सवार होने की जानकारी मिली है. घटना की जानकारी मिलते ही पदमपुर एसएचओ सुरेंद्र राणा और पुलिस टीम मौके पर पहुंची. शव पदमपुर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं.

### हिसार रेंज पुलिस ने आग के हवाले किए करोड़ों के नशीले पदार्थ

**हिसारः** हिसार रेंज के एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे ड्रग तस्करों पर लगातार सख्ती बनाए रखें. उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आने वाले तस्करों व उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी जरूरी है. एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण सोमवार को हिसार रेंज के सभी छह जिलों के पुलिस अधीक्षकों की गठित संयुक्त कमेटी की देखरेख में पिछले वर्ष के एनडीपीएस एक्ट के मुकदमो में जब्त किए गए मादक पदार्थों के मिलान व पड़ताल उपरांत उसे नष्ट करवाने के अवसर पर उन्हें निर्देश दे रहे थे. पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर एवं सुरक्षित निस्तारण के लिए शहर के सेक्टर 27-28 में साईनेरजी वेस्ट मनेजमेंट प्राइवेट लि. में कड़ी सुरक्षा के बीच रेंज के एनडीपीएस एक्ट के कुल 308 मुकदमों के तहत जब्त किए गए 3959.5 किलोग्राम मादक पदार्थों को भट्टी मे डालकर नष्ट किया गया. नष्ट किये गये मादक पदार्थों में चूरा पोस्त, चरस, स्मैक, गांजा, हेरोइन व प्रतिबंधित दवाएं शामिल रही. इस अवसर पर निस्तारण कमेटी के सदस्य हिसार के पुलिस अधीक्षक शशांक सावन, फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, सिरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, जींद के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, डबवाली के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन तथा हांसी के पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा उपस्थित रहे.

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर महिला से ठगे सात लाख

**हिसारः** हिसार साइबर थाना पुलिस ने शहर निवासी एक महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 6 लाख 66 हजार 312 रुपए की ठगी के मामले में सिरसा में रह रहे जयपुर के तिरुपति नगर निवासी हिमांशु को गिरफ्तार किया है. उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. मामले में दो आरोपी पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं. ठगी मामले में जांच अधिकारी एएसआई गोविंद ने सोमवार को बताया कि उक्त आरोपी हिमांशु ठगी की राशि को ट्रांसफर करवाने के लिए लोगों से कमीशन पर बैंक अकाउंट लेकर आगे उपलब्ध करवाता था. इस संबंध में हिसार साइबर थाना में पिछले वर्ष एक नवंबर को एनसीसीआरपी पोर्टल से हिसार निवासी एक महिला ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी होने के बारे में शिकायत दी. महिला ने बताया कि 27 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर पार्ट टाइम जॉब के जरिए 3-4 हजार रुपए प्रतिदिन कमाने के लिए फोन आया और गूगल रिव्यू टास्क ज्वाइन करने के 200 रुपए दिए. साथ ही महिला के मोबाइल पर एक लिंक भेज उसे टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ अलग अलग टास्क पूरा करने के लिए पैसे इन्वेस्ट करवाए और कमीशन के साथ कुछ पैसे वापस किए गए. इसके बाद महिला के पास एक लिंक भेज उसे एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया गया और एक हजार रुपए इन्वेस्ट करवाए. उन्होंने महिला से टास्क पूरा करने के प्लान के नाम पर अलग अलग ट्रांजेक्शन में गूगल पे और आरटीजीएस के माध्यम से 6 लाख 66 हजार 312 रुपए ट्रांसफर करवाए. एएसआई गोविंद ने बताया कि धोखेबाजों ने उक्त महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से टास्क पूरा कर पैसे कमाने का लालच देकर 6 लाख 66 हजार 312 रुपए की ठगी की. इसके बारे में पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

### माली सैनी महासभा राजस्थान ने विधायक का पुतला फूंका

**जयपुरः** जयपुर के श्याम नगर थाने क्षेत्र के कटेवा नगर गुर्जर की थड़ी में मोतीलाल सैनी के घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट के विरोध में माली सैनी महासभा राजस्थान ने सोमवार को सोडाला चौराहे पर प्रदर्शन किया. इस दौरान सैकड़ों लोगों ने सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा का पुतला फूंका और उनके खिलाफ नारे लगाए. महासभा ने सरकार को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा. महासभा के महामंत्री सागर मावर ने आरोप लगाया कि विधायक गोपाल शर्मा और पुलिस की मिलीभगत से माली समाज की महिलाओं के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार हुआ. उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति में महिलाओं को सड़क पर घसीटा गया, जिससे पूरे माली समाज में रोष है. महासभा ने सोमवार को सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया और सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की. महासभा ने कहा कि यह आंदोलन महिलाओं के अधिकारों और न्याय के लिए है.

# श्रीगंगानगर में कोहरे के चलते रोडवेज बस और बोलेरो में भीषण भिड़ंत; तीन की मौत



**श्रीगंगानगरः** राजस्थान में लगातार पड़ रहे कोहरे का कहर सोमवार को श्रीगंगानगर जिले में देखने को मिला. श्रीगंगानगर पदमपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ. जिसमें एक महिला और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई. इस हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया. साथ ही मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी.

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया. घटना में घायल हुए दो लोगों को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि हादसा कल यानी रविवार सुबह करीब 9:00 बजे श्रीगंगानगर पदमपुर रोड पर सीसी हेड के पास हुआ. रोडवेज बस और बोलेरो गाड़ी में आमने-सामने की टक्कर हो गई. रोडवेज बस अनियंत्रित होकर खेतों में जा घुसी. हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो के आगे के परखच्चे उड़ गए. श्रीगंगानगर के पदमपुर क्षेत्र में रोडवेज बस और बोलेरो के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई.पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पदमपुर थानाधिकारी सुरेन्द्र राणा मौके पर पहुंचे. उन्होंने आसपास के लोगों की मदद से वाहन में सवार लोगों को बाहर निकाला तथा तीनों मृतकों के शवों को पदमपुर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया. साथ ही हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें श्रीगंगानगर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसा होते ही रोडवेज बस का चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया. फिलहाल पुलिस रोडवेज बस चालक की तलाश कर रही है.

मिली जानकारी के अनुसार वाहन में सवार लोग एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं. वे पंजाब में किसी रिश्तेदार की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे.इसी दौरान यह हादसा हुआ और हादसे में बादल सिंह, गुरुचरण सिंह की मौत हो गई. वहीं महिला स्वर्णजीत की मौके पर ही मौत हो गई.

## युवा शक्ति के संघर्ष, अनुभव और सुझाव हरियाणा के बजट में आएंगे नजरः नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़ः** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का आगामी बजट हर नागरिक के लिए खुशहाली और हर वर्ग के कल्याण का बजट होगा. बजट के लिए प्रदेश के हर वर्ग और हर व्यक्ति से सुझाव लिए जा रहे हैं. युवा शक्ति के संघर्ष, अनुभव और बेहतरीन सुझाव भी हरियाणा के बजट में नजर आएंगे.



मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवाओं के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक (प्री बजट कंसल्टेशन) की अध्यक्षता कर रहे थे. इस मौके पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित रहे.

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आने वाला बजट हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों की अपेक्षाओं और आशाओं पर खरा उतरे तथा आमजन के लिए खुशहाली लेकर आए. उन्होंने कहा कि आज सुपर 100, स्टार्टअप से जुडे.युवाओं तथा युवा उद्यमियों ने बजट पर बहुमूल्य सुझाव दिए हैं. उन्होंने कहा कि पिछले बजट में भी युवाओं से जो सुझाव लिए गए थे, उन सुझावों को बजट में शामिल किया गया. इस बार प्रदेश के आम नागरिकों से भी सुझाव लेने के लिए पोर्टल लॉन्च किया गया है. इस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र या विषय पर अपना सुझाव दे सकता है.उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप जैसे कार्यक्रमों से देश की युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया. इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा शक्ति तेज गति के साथ दुनिया के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है. इस बजट में युवाओं को लाभ मिले और युवा शक्ति प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे सके, इसलिए युवाओं को फोकस रखकर सुझाव लिए गए हैं.

## अलवर में बड़ा हादसा, सड़क पर चलते-चलते अचानक धंस गया ट्रक



**अलवर :** अलवर के दिल्ली रोड पर हनुमान सर्किल के पास हाइवे पर एक बड़ा हादसा हो गया. सड़क से गुजरते वक्त एक डंपर ट्रक अचानक पूरी तरह से जमीन में धंस गया. ट्रक को सड़क के अंदर समाते देख चालक ने तत्परता दिखाते हुए खुद को बचा लिया. हादसे के बाद सड़क के नीचे एक गहरा गड्ढा बन गया है. वहां मौजूद लोगों ने बताया कि घटना अचानक हुई. तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर बैरिकेडिंग की और मार्ग को बंद कर दिया.

घटना के बाद उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. उन्होंने क्रेन की मदद से ट्रक को बाहर निकाला. हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई और आवागमन बाधित हो गया. यह मार्ग हरियाणा, दिल्ली और भरतपुर को जोड़ता है, जिससे यातायात पर भी असर पड़ा है. ट्रक मालिक जितेंद्र चौधरी ने बताया कि उनका डंपर एमआईए औद्योगिक क्षेत्र की ओर डस्ट लेकर जा रहा था. हनुमान सर्किल के पास अचानक ट्रक सड़क के अंदर समा गया. सड़क का पिछला हिस्सा धंसने लगा, जिस दौरान चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई. उसे हल्की चोटें आईं लेकिन ट्रक को भी काफी नुकसान हुआ है. शुरुआती जांच में पता चला कि सीवरेज लाइन में लीकेज के कारण सड़क कमजोर हो गई थी जि वजह से यह हादसा हुआ है.

### हरियाणा सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को प्रतिबद्धः कमलेश सैनी

**नारनौलः** महिलाओं के सशक्तिकरण व चहुमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. यह बात सोमवार को नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि कही. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने की.

चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को इस प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए. यह न केवल उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह उन्हें आत्मविश्वास, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धी भावना की भावना भी प्रदान करता है. जिला कार्यक्रम संगीता यादव ने बताया कि इस जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में खंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं ने भाग लिया.

## 2 साल में 1 सांसद और 4 एमएलए, बाप पार्टी को मिला राज्य पार्टी का दर्जा

**जयपुरः** भारत आदिवासी पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा मिल गया है. इसकी जानकारी बांसवाड़ा से पार्टी के सांसद और नेता राजकुमार रोत ने दी है. भारत आदिवासी पार्टी 2023 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले ही वजूद में आई थी. लेकिन इतने कम समय में इसने शानदार प्रदर्शन किया है. महज़ दो साल से भी कम वक़्त में भारत आदिवासी पार्टी के 4 विधायक और 1 सांसद हैं. दक्षिणी राजस्थान में इसकी शानदार पैठ बन गई है.



कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए सांसद रोत ने लिखा, ''निर्वाचन आयोग द्वारा भारत आदिवासी पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त होने पर पार्टी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता व मतदाताओं को धन्यवाद, जिन्होंने इ.-.झ. पार्टी के लिये रात-दिन मेहनत करके बहुत कम समय में पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा दिलवाने में अपना अमूल्य योगदान दिया. सभी को खूब खूब बधाई.''

निर्वाचन आयोग द्वारा भारत आदिवासी पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त होने पर पार्टी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता व मतदाताओं को धन्यवाद, जिन्होंने इ.-.झ. पार्टी के लिये रात-दिन मेहनत करके बहुत कम समय में पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा दिलवाने में अपना अमूल्य योगदान दिया.

भारत आदिवासी पार्टी की उत्पत्ति 2017 में गुजरात में छोटूभाई वसावा द्वारा स्थापित भारतीय ट्राइबल पार्टी से जुड़ी हुई है. राजकुमार रोत और रामप्रसाद डिंडोर ने 2018 का विधानसभा चुनाव इसी पार्टी से जीत था. लेकिन उन्होंने सितंबर 2023 में इससे अलग होकर भारत आदिवासी पार्टी बना ली.

दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी अंचल से उभरा यह नाम उन दिनों प्रदेश के राजनीति में खूब चर्चा में रहा. रोत ने विधानसभा चुनाव डूंगरपुर की चौरासी विधानसभा सीट से करीब 70 हजार वोटों से चुनाव जीता था. बाद में वो डूंगरपुर-बांसवाड़ा सीट से सांसद भी बन गए.

लेकिन राजकुमार रोत का कारनामा सिर्फ इतने मार्जिन से चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि उन्होंने 'भारत आदिवासी पार्टी' बना कर चार विधायक भी बनवा दिए. बाद में चौरासी में हुए उपचुनाव में भी उन्हें ही जीत मिली. अगर दलों के नज़रिये से देखें तो कांग्रेस और भाजपा के बाद राजस्थान में सबसे बड़ी पार्टी भारत आदिवासी पार्टी ही है.

## किसान-मजदूरों को एकता से खड़े करने होंगे आंदोलनः नीलोत्पल बस

**कैथलः** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का तीन दिवसीय 17वा राज्य सम्मेलन स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुआ. सम्मेलन का समापन पोलित ब्यूरो सदस्य व पूर्व सांसद नीलोत्पल बसु ने किया. उन्होंने कहा कि पार्टी जनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष में रही है. आगामी दिनों में वैकल्पिक नीतियों के बदलाव के लिए जमीनी स्तर पर किसान मजदूरों के बीच व्यापक एकता कायम करते हुए ग्रामीण व शहरी गरीबों के आंदोलन खड़े करने होंगे. आज पूंजीवाद संकट में है व अपने संकट को टालने के लिए गरीब देशों ओर आबादियों पर इस संकट का बोझ डाल रहे हैं.दुनिया व देश में दक्षिणपंथी ताकतों के साथ बड़े कॉर्पोरेट खड़े हैं. हमें आर्थिक नीतियों के साथ सांप्रदायिक ता के खिलाफ निरंतर संघर्ष करना है. भाजपा आरएसएस इस देश की बुनियाद और संविधान पर लगातार हमलावर है. इसे लेकर विशेष अभियान चलाते हुए जनता में जनमत तैयार किया जाएगा. सम्मेलन में आए प्रतिनिधियों ने कृषि विपणन फ्रेमवर्क की प्रतियां भी जलाई. सम्मेलन में 30 सदस्यीय राज्य कमेटी का चुनाव किया गया. जिसमें कामरेड प्रेम चंद को सचिव चुना गया. सुरेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, जय भगवान, जगतार सिंह, रमेश चंद्र, सविता, ओम प्रकाश, दिनेश सिवाच को सचिव मंडल सदस्य के रूप में चुना गया. राज्य सम्मेलन ने अप्रैल में होने वाली पार्टी कांग्रेस के प्रतिनिधियों का भी चुनाव किया. सम्मेलन ने फैसला किया कि बिजली निजीकरण, नई शिक्षा नीति, लेबर कोड्स, बढ़ती महंगाई के विरोध में, न्यूनतम वेतन ओर किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी आदि मांगो को लेकर 24 जनवरी से 31 जनवरी के बीच अभियान चलाते हुए प्रदर्शनों की कार्रवाई की जाएगी. 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस से लेकर 23 मार्च, शहीदी दिवस तक संविधान बचाओ अभियान के तहत, प्रदेश भर में सेमिनार, गोष्ठियां की जाएंगी और अभियान चलाया जाएगा.सम्मेलन में नौ प्रस्ताव पारित किए गए. जिनमें साम्प्रदायिक व जातिवादी हमलों के विरोध में, नशाखोरी और अपराध के खिलाफ, श्रमिकों के न्यूनतम वेतन रिवाइज करने व कर्मचारियों के वेतन संशोधन के लिए, स्थायी भर्ती तथा ठेका/अस्थाईकर्मियों को स्थाई करने, किसान आंदोलन के समर्थन में तथा कृषि विपणन फ्रेमवर्क के विरोध में, प्रवासी मजदूरों के हित बारे, मूलगामी चुनाव सुधारों के पक्ष में तथा एक देश एक चुनाव के विरोध में, महिलाओं और बच्चों पर हिंसा और अत्याचार के विरोध में, बिजली के निजीकरण व स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए गए.




### लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट बैंक बढ़ा: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**गुरुग्रामः** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार का कारण कांग्रेस का संगठन का ना होना भी रहा. संगठन को लेकर कांग्रेस नेतृत्व को अवगत करवाया गया है. संगठन को लेकर आलाकमान की तरफ से मंजूरी नहीं मिल रही है. हरियाणा कांग्रेस में संगठन को लेकर कोई मतभेद नहीं है. यह बात उन्होंने सोमवार को यहां गुडग़ांव गांव में पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया की माता भतेरी देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर पत्रकार वार्ता में कही.

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आगे कहा कि कांग्रेस को हरियाणा की जनता ने नहीं हराया. प्रजातंत्र में कई बार जनतंत्र पर तंत्र हावी हो जाता है. इस समय लोगों पर तंत्र हावी है. साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमजोर नहीं है.

भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पिछले पांच परिणाम देखें तो पोस्टल बैलेट में कांग्रेस जीतती ही रही है. ईवीएम में भाजपा की जीत हुई है. पिछले दस सालों में कांग्रेस का वोट बैंक बढ़ा है. कांग्रेस का वोट प्रतिशत 2014 में 20 प्रतिशत था, जो अब बढक़र 39 प्रतिशत है. लोकसभा चुनाव में पूरे हरियाणा में 28 प्रतिशत वोटिंग कांग्रेस के हक में हुई थी. विधानसभा चुनाव में सिर्फ आधा प्रतिशत का अंतर रहा.

### राजस्थान में धर्मांतरण रोकने के लिए सरकार पेश करेगी बिल, 31 जनवरी से चलेगा बजट सत्र

राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू हो रहा है. सरकार की कई महत्वपूर्ण बिल लाने की तैयारी है. मीसा बंदियों को पेंशन संबंधी विधेयक पर भी इस सत्र में चर्चा होनी है. भूजल संबंधी विधेयक को प्रवर समिति के पास विचाराधीन है, उसे लेकर भी सरकार की रणनीति तैयार कर रही है. अजमेर में आयुष विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए भी इस सत्र में बिल लाया जा सकता है. चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे के मुताबिक़ सरकार 'दी राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ़ अनलॉफुल कन्वर्जन ऑफ़ रिलीजन 2024' लेकर आएगी. बिल में ज़बरन या प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करवाने पर रोक रहेगी. कोई व्यक्ति अगर धर्म परिवर्तन कराएगा और विवाह करता है तो न्यायालय उसे अमान्य घोषित कर सकता है. इसके अलावा सहमति से धर्म परिवर्तन करने पर भी जिला प्रशासन को इसकी सूचना देना अनिवार्य होगा. आपातकाल के दौरान जेलों में बंद रहे लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन देने के लिए विधानसभा के पिछले सत्र में विधेयक पेश हो चुका है. लेकिन, उस पर चर्चा नहीं हो पाई थी. माना जा रहा है कि इस सत्र में सरकार उसे पारित करवाने की रणनीति बना रही है. भूजल संरक्षण के लिए प्राधिकरण बनाने के मकसद से पिछले सत्र में विधानसभा में पेश किया गया है.बिल प्रवर समिति के पास विचाराधीन है. इसके साथ ही अजमेर में आयुष विश्वविद्यालय के लिए भी विधेयक तैयार किया जा चुका है.

## सुडोकू-28

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | | 6 | | | |
| | 8 | 7 | 5 | 4 | 9 | | | |
| | | 2 | 1 | 8 | | 5 | | |
| | | 1 | | 5 | 3 | | | 4 |
| 8 | | 4 | | | | 7 | | 5 |
| 2 | | | 6 | 7 | | 9 | | |
| | | 5 | | 6 | 1 | 8 | | |
| | | | 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | |
| | | | 7 | | | 6 | | 3 |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.

उत्तर अगले अंक में

सुडोकू - 27 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 7 | 5 | 3 | 6 | 4 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 8 | 3 | 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 1 | 3 | 2 |

## युवा शक्ति माथापच्ची-133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | ■ | | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | 16 |
| | ■ | ■ | 17 | | | ■ | ■ | |
| 18 | 19 | | | ■ | 20 | 21 | | |
| ■ | | ■ | 22 | 23 | ■ | | ■ | |
| 24 | | 25 | ■ | 26 | | | 27 | ■ |
| | ■ | 28 | | | ■ | ■ | 29 | |

● **बाएं से दाएं**

1. एक पक्षी, खिल, लाई, ज्वालामुखी फटने पर निकलनेवाला गरम जल, 3. वात प्रकोप से या किसी रोग से शरीर का अंग फूलना, 6. समर्थन करनेवाला, 8. किंसुक वृक्ष, टेसू, 11. दिनकर, 13. बार-बार लगातार, 15. ज्ञान, पहचान, 17. थाली जैसा लेकिन छोटा हल्का बर्तन, 18. बातें करना, बातचीत, 20. किस्मत, भाग्य, 22. खाक, भस्म, 24. प्राण निकलना, जलना, ईर्ष्या करना, 26. भिड़त, टक्कर, आमना- सामना, 28. मिट्टी का बड़ा घड़ा, 29. मर्द, पुरुष.

● **उपर से नीचे**

2. रहना, निवास, घर, मकान, सुगंध, 3. सूअर, सफेद धान, 4. परिमाण, माप, 5. ख्याति, कीर्ति, 7. टूटी, खराब, ईंटों- पत्थरों का ढेर, 9. लोभ, अनुचित इच्छा, 10. छलकता हुआ, उपर तक भरा हुआ, 12. प्रतिकूल, विरुद्ध, उल्टा, 14. लाल सुर्खी लिये हुए, 16. भैंसा, 19. अंधकार, 21. भैंस का बच्चा, छोटा चौकोर बच्चा, 23. भय, चिन्ता, किवांड़ का सिटकनी, खटखट, 24. आनंद, हंसी- दिल्लगी, 25. वस्तु, व्यक्ति को दर्शानेवाली संज्ञा, 27. जंगल.

*उत्तर कल के अंक में*

**माथापच्ची- 132 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | नि | क | ■ | र | स | गं | ध | ■ |
| ना | क | ■ | ब | सा | ■ | गा | ■ | र |
| ■ | ट | ■ | द | ■ | ग | ज | रा | ज |
| अं | त | र | त | म | ■ | ल | ■ | नी |
| त | म | ■ | र | ह | ना | ■ | स | च |
| र्वि | ■ | नि | ■ | ल | च | क | दा | र |
| का | र | खा | ना | ■ | घ | ■ | च | ■ |
| र | ■ | र | ■ | न | र | ■ | र | त |
| ■ | ब | ना | व | ट | ■ | ग | ण | क |

# अवधूत देवीदास सेवा संस्थान : मानव सेवा ही जिनका धर्म है

युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** गंगासागर मेला में सेवा शिविरों की भरमार है. कोलकाता के बाबूघाट/ आउट्राम घाट, हार्डवुड प्वाइंट या लॉट नंबर आठ, नामखाना, काकद्वीप, कचूबेड़िया और गंगासागर तीर्थक्षेत्र में सैकड़ों सेवा शिविर आगत तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए कार्यरत हैं. सबका ध्येय तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुगम और सुखद बनाना है. इन्हीं सेवा शिविरों में अन्यतम है अवधूत देवीदास सेवा संस्थान. मानव सेवा दल द्वारा संचालित इस संस्थान का शिविर कोलकाता के आउट्राम घाट और गंगासागर तीर्थक्षेत्र में कपिल मुनि आश्रम के समीप मूल स्नान बिंदु से सटा है. मानव धर्म को सर्वोच्च मानने वाला यह संस्थान तीर्थयात्रियों को विश्रामगृह, भोजन और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करा रहा है. शिविर की देखरेख में दर्जनों मानव धर्म सेवी तैनात हैं जिनकी अगुवाई अवधूत देवीदास बाबा के परम भक्त लक्ष्मी नारायण मीणा कर रहे हैं. श्री मीणा का मानना है कि तमाम धर्मों में मानव धर्म ही श्रेष्ठ है. जाति, वर्ण, संप्रदाय और क्षेत्र की संकीर्णता से ऊपर उठकर प्रत्येक मनुष्य को मानव धर्म का पालन करना चाहिए. संस्थान का उद्देश्य तीर्थयात्रियों की हर तरह से सेवा करना हैं. साथ ही गुरु चालीसा और मानव धर्मशास्त्र का नि:शुल्क वितरण करके धर्मप्राण जनता को जागरूक बनाना है ताकि वे अपने स्तर पर मानव धर्म को आगे बढ़ाने के संकल्प का पालन कर सकें. सोमवार को आउट्राम घाट स्थित गंगासागर मेला शिविर के अवधूत देवीदास सेवा संस्थान के शिविर में कोलकाता पुलिस के नगरपाल मनोज वर्मा एवं आईएएस नीलम मीणा का आगमन हुआ. शिविर की व्यवस्था देखकर वे अभिभूत हुए. श्री वर्मा ने सभी तीर्थयात्रियों को आश्वस्त किया कि कहीं भी किसी तरह की दिक्कत होने से सीधे पुलिस से संपर्क करें. पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था कर रखी है. पूरी यात्रा पथ पर उनकी निगरानी है. इस मौके पर श्रीमती कीर्ति मीणा और समाजसेवी बृजमोहन नांगलिया भी मौजूद रहे.



# व्यापक भागीदारी के साथ व्योम प्रीमियर लीग 4.0 का समापन



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेल आयोजन व्योम प्रीमियर लीग (वीपीएल) 4.0 का समापन 12 जनवरी को बड़े उत्साह और जोश के साथ हुआ. 4, 5, 11 और 12 जनवरी को दो सप्ताहांतों में संपन्न इस आयोजन में व्योम परिसर के 200 से अधिक निवासियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया और अपनी एथलेटिक क्षमता और भाईचारे का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने क्रिकेट, कैरम, बास्केटबॉल, पिकलबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज और बैडमिंटन जैसे खेलों में भाग लिया. समर्थकों की जय-जयकार, प्रतिस्पर्धा का रोमांच और सामुदायिक बंधन की खुशी से जीवंत हो उठा. इस आयोजन ने न केवल निवासियों के शारीरिक कौशल बल्कि उनकी टीमवर्क और खेल भावना को भी उजागर किया. वीपीएल 4.0 ने व्योम समुदाय को करीब लाया, नई दोस्ती को बढ़ावा दिया और मित्रता को मजबूत किया. इस सुव्यवस्थित कार्यक्रम ने निवासियों को अपनी प्रतिभा दिखाने, एक-दूसरे का समर्थन करने और स्वस्थ, सक्रिय जीवनशैली का आनंद लेने के लिए एक मंच प्रदान किया. अंतिम दिन सूर्यास्त के समय, प्रतिभागियों के बीच उपलब्धि और एकता की भावना स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी. आयोजकों ने वीपीएल 4.0 की सफलता में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया और लीग के भविष्य के संस्करणों में और भी अधिक उत्साह से भागीदारी की आशा व्यक्त की. आयोजन समिति के सदस्यों में आशीष शर्मा, रोहित सराफ, प्रतीक कनोड़िया, अतुल पोद्दार, संदीप पुगलिया, माधव भैया भी शामिल थे. बच्चों के लिए खेलों को संजय केजरीवाल ने प्रायोजित किया था.



# ओम् ब्यवसायिक संघ द्वारा कंबल वितरण



**युवा शक्ति न्यूज/कोलकाता:** आउटराम घाट स्थित ओम् ब्यवसायिक संघ में संस्था के अध्यक्ष शम्भूनाथ जायसवाल और मंत्री सीताराम गुप्ता द्वारा कंबल वितरण किया. इस मौके पर संस्था के शिविर अध्यक्ष भागवत दास जायसवाल शिविर मंत्री अखिलेश जायसवाल शिविर कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता की उपस्थिति थी. संस्था के अन्य प्रमुख कार्यकर्ता रामचंद्र जायसवाल, जुग्गीलाल जायसवाल प्रदेश शिविर, रामराज वर्मा भी मौजूद थे. युवा शक्ति से बात करते हुए शम्भूनाथ जायसवाल ने कहा ओम् ब्यवसायिक संघ द्वारा कई वर्षों से अनवरत गंगासागर जाने वाले यात्रियों की निशुल्क सेवा की जा रही है सीताराम गुप्ता ने कहा यह संस्था पिछले 28 सालों से गंगासागर जाने वाले यात्रियों के लिए भोजन, दवाई की व्यस्था करती आ रही है यहाँ यात्रियों की सेवा निस्वार्थ भाव से की जाती है चिकित्सा से लेकर हर प्रकार की मदद दी जाती है. कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में यात्री जमा थे. संस्थान के द्वारा गंगासागर यात्रियों के लिए दूध, चाय भोजन तथा आवासीय व्यवस्था रहती है. दूर दूर से यात्री इस संस्था में आते हैं तथा यहाँ की सुविधाओं का नि:शुल्क लाभ प्राप्त करते हैं.

# करुणानिधान सेवा ट्रस्ट और प्रेम मिलन की पहल

## मध्यमग्राम में विकलांगों को फ्री ट्राईसाइकिल दिये गये

## सैकड़ों लोगों का नेत्र, ईसीजी व रक्त परीक्षण



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** श्री करुणानिधान सेवा ट्रस्ट और कोलकाता की नामी संस्था प्रेम मिलन की ओर से मध्यमग्राम के गंगानगर में बिहारीलाल घोष विद्यापीठ में विकालांगों व नेत्र रोगियों की मदद के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में फ्री व्हील चेयर और ट्राईसाइकिल वितरित किये गये. सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई. सभी अतिथियों को उत्तरीय पहनाकर सम्मानित किया गया. मध्यमग्राम नगरपालिका के चेयरमैन निमाई घोष ने चंद्रकांत सराफ को गुलदस्ता और पगड़ी पहना कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में इसके अलावा, नि:शुल्क नेत्र परीक्षण, ईसीजी और ब्लड शुगर टेस्ट भी किया गया. कुल 566 लोगों की आंखों की जांच की गयी, जिनमें 114 लोगों की आंखों को आपरेशन योग्य पाया गया. 109 लोगों को दवाएं दी गयीं. 114 लोगों की ईसीजी की गयी और 114 लोगों की रक्त शर्करा की जांच की गयी. प्रेम मिलन के संयुक्त सचिव विकास सराफ ने पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि आनंद अग्रवाल के सौजन्य से हुगली जिले में जो शाखा है, वहां भी हर सोमवार को नेत्र परीक्षण, ईसीजी और ब्लड शुगर टेस्ट किया जाता है. उल्लेखनीय है कि चंद्रकांत सराफ की अगुवाई में प्रेम मिलन ने हाल ही में कोलकाता में 10 बिस्तरों वाला नि:शुल्क हाइड्रोशील ऑपरेशन अस्पताल खोला है और वे बंगाल के सुदूरवर्ती गांवों में सेवा का अलख जगाते रहे हैं. हाल ही में चंद्रकांत जी को ईस्ट कोस्ट यूनिवर्सिटी, अमेरिका की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि दी गयी है. प्रेम मिलन से जुड़े समरेश दे ने चंद्रकांत सराफ के सेवा भाव की प्रशंसा की और विकालांगों और अनाथालयों में किये जा रहे सेवा कार्यों का विवरण दिया. बात करते हुए मध्यमग्राम नगरपालिका के चेयरमैन निमाई घोष ने कहा कि विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम गरीबों व विकलांगों के उपकार के लिए है. उन्होंने कहा कि पूरे बंगाल में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं. उन्होंने भी चंद्रकांत सराफ जी के दीर्घ जीवन की कामना की. चित्तरंजन घोष ने कहा कि प्रेम मिलन के सहयोग से मैंने स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस पर यह नेत्र परीक्षण व विकलांगों के लिए उपकरण बांटे जा रहे हैं. एक विकलांग बालिका की मां ने कहा कि उनकी बेटी अब तिपहिया साइकिल से मामा के घर जा सकेंगी, क्योंकि मेरे लिए इसे खरीदना संभव नहीं था. कार्यक्रम में चंद्रकांत सराफ के अलावा आनंद अग्रवाल, महेंद्र टिबड़ेवाल, निधीश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, रामविलास अग्रवाल, मनोज जायसवाल, अमित सेठ, विकास सराफ, समरेश दे, कल्याण घोष, विनोद अग्रवाल भी मौजूद थे.



।। कपिल मुनि की जय ।।    ।। श्री गणेशाय नमः ।।    ।। ॐ नमः शिवाय ।।

श्री शिव शक्ति सेवा ट्रस्ट

श्री अशोक जी, श्री प्रदीप जी तोदी द्वारा अपनी माताजी स्व. शकुंतला देवी जी की पुण्य स्मृति में प्रदत्त प्रारंभिक राशि से गंगा सागर रोड नंबर 5 पर भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर

सुविधाएं



तीर्थ यात्रियों की सेवा ● शुद्ध शाकाहारी भोजन ● कार पार्किंग
बाथरुम अटैच रूम ● एलईडी टीवी ● 24 घंटे गर्म पानी ●
ऑनलाइन बुकिंग ●मेले में भुले बिसरे यात्रियों को घर पहुँचाने कि सुविधा
वैवाहिक कार्यक्रम ● भजन, अमृत वर्षा और श्रीमद् भागवत कथा जैसे आयोजनों के लिए 20000 स्क्वायर फीट का हॉल उपलब्ध

गंगासागर मेला 2025
11 से 15 जनवरी, 2025 तक
रोड नं 5, इस्कॉन मंदिर के समीप

प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक: श्री विवेक गुप्ता, माननीय विधायक, पश्चिम बंगाल विधानसभा

:: निवेदक ::

| भानीराम सुरेका | रमेश कुमार सोन्थलिया | विश्वनाथ सुरेका | सुशील कुमार चौधरी | महेश अग्रवाल (आधुनिक इस्पात) | नारायण अग्रवाल (परसरामपुरिया) |
|---|---|---|---|---|---|
| चेयरमैन | अध्यक्ष | प्रोजेक्ट चेयरमैन | सचिव | मेला चेयरमैन | सह-चेयरमैन |

अभिभावक संस्था - श्री शिवशक्ति सेवा समिति :: महेश अग्रवाल - अध्यक्ष , दिनेश सिंघानिया - सचिव :: सेवाकार्य - लॉट नं 8 , हार्डवुड पॉइंट

:: ट्रस्टी सदस्य ::

भानीराम सुरेका, अशोक तोदी, प्रदीप तोदी, रमेश सोन्थलिया, विश्वनाथ सुरेका, महेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल (आधुनिक इस्पात), सुभाष कुमार सोन्थलिया, राजेश कुमार सोन्थलिया, नारायण अग्रवाल (परसरामपुरिया), नारायण प्रसाद सरावगी, संजय सुरेका (रोड विंग्स), नवीन अग्रवाल, प्रवीण खेमका, राजीब कानोडिया, सुशील कुमार चौधरी, बनवारीलाल चौधरी, विनोद सराफ, अरुण कुमार सुरेका, पवन माधोगढ़िया, कृष्ण कुमार अग्रवाल (डोरा)

अनुरोध : समाज हित में उदार मन से सहयोग करें । सोसाइटी एक्ट 80G और CSR के अंतर्गत आयकर में छूट का लाभ ।

बैंक डिटेल: SHREE SHIV SHAKTI SEVA TRUST • BANDHAN BANK • A/C. NO: 50220018222733 • IFSC: BDBL0001295

विशेष जानकारी हेतु संपर्क करें : 98315 97755 | 89458 35271 | E-mail : shreeshivshaktiseva@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन